दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 40 | जयपुर | शुक्रवार, 13 नवम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



# 1 देश चुनाव
## बिल कैबिनेट से मंजूर



### अगले हफ्ते संसद में लाया जाएगा, पास हुआ तो 2029 तक एक साथ देशभर में चुनाव

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय कैबिनेट से एक देश-एक चुनाव लागू करने के विधेयक को मंजूरी मिल गई है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। इसमें कहा गया है कि अगले हफ्ते बिल को संसद में पेश किया जा सकता है। सरकार इस बिल पर आम सहमति बनाना चाहती है, लिहाजा संसद से बिल को चर्चा के लिए जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) के पास भेजा जाएगा। जेपीसी इस बिल पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेगी।

सितंबर में सरकार ने इसके लिए बनाई गई हाईलेवल कमेटी की सिफारिशों को मंजूरी दी थी, जिसमें लोकसभा, राज्य विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों को चरणबद्ध तरीके से एक साथ कराने का प्रस्ताव था।

सिफारिशों के अनुसार पहला बिल संविधान के अनुच्छेद 82 में संशोधन करेगा, जिससे लोकसभा और विधानसभाओं के कार्यकाल की समाप्ति एक साथ हो सके।

इस बिल को लागू करने के लिए राज्यों से सहमति की जरूरत नहीं होगी, लेकिन अगर स्थानीय निकाय चुनावों को लोकसभा और विधानसभा चुनावों के साथ करने का प्रस्ताव आता है, तो उसे कम से कम 50 प्रतिशत राज्यों की विधानसभाओं से मंजूरी की आवश्यकता होगी।

### बिल पास हुआ तो 2029 तक वन नेशन-वन इलेक्शन, 3 पॉइंट

- कमेटी की रिपोर्ट के मुताबिक, एक देश-एक चुनाव लागू करने के लिए कई राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल घटेगा।
- जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव 2023 के आखिर में हुए हैं, उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है।
- विधि आयोग के प्रस्ताव पर सभी दल सहमत हुए तो यह 2029 से ही लागू होगा। इसके लिए दिसंबर 2026 तक 25 राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने होंगे।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद रिपोर्ट सौंप चुके वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को एक पैनल बनाया गया था। इस पैनल ने स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च के बाद 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।

## रामनाथ कोविंद समिति की 10 मुख्य सिफारिशें

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को ''एक देश, एक चुनाव'' को लागू करने संबंधी विधेयकों को मंजूरी दे दी। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय समिति ने एक साथ चुनाव कराने के संबंध में सिफारिशें की थीं, जिन्हें सितंबर में मंत्रिमंडल ने स्वीकार कर लिया था। 'एक देश, एक चुनाव' पर उच्च स्तरीय समिति द्वारा की गई 10 मुख्य सिफारिशें इस तरह हैं।

- सरकार को एक साथ चुनाव के चक्र को बहाल करने के लिए कानूनी रूप से स्वीकार्य तंत्र विकसित करना चाहिए।
- पहले चरण में, लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं।
- दूसरे चरण के तहत निकाय तथा पंचायत चुनाव, लोकसभा तथा विधानसभाओं चुनाव होने के बाद 100 दिन के भीतर कराए जाएं।
- लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के उद्देश्य से किसी आम चुनाव के बाद लोकसभा की पहली बैठक की तारीख को राष्ट्रपति द्वारा 'नियत तिथि' के रूप में अधिसूचित किया जाएगा।
- 'नियत तिथि' के बाद और लोकसभा के पूर्ण कार्यकाल की समाप्ति से पहले चुनावों के माध्यम से गठित सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल केवल संसदीय चुनाव की अवधि तक के लिए होगा। इस एक बार के अस्थायी उपाय के बाद, सभी लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे।



- सदन में बहुमत न होने या अविश्वास प्रस्ताव या इसी तरह की अन्य स्थिति में नयी लोकसभा के गठन के लिए नए चुनाव कराए जा सकते हैं।
- अगर लोकसभा के लिए नए चुनाव होते हैं तो सदन का कार्यकाल ''केवल शेष कार्यकाल तक का होगा।''
- अगर राज्य विधानसभाओं के लिए नए चुनाव होते हैं तो ऐसी नई विधानसभाएं लोकसभा के पूर्ण कार्यकाल के अंत तक जारी रहेंगी, बशर्ते उन्हें पहले ही भंग न कर दिया जाए।
- निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा राज्य निर्वाचन आयोगों के परामर्श से एक एकल मतदाता सूची और मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) तैयार किया जाएगा और यह निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार किसी अन्य मतदाता सूची का स्थान लेगा।
- एक साथ चुनाव कराने के वास्ते रसद व्यवस्था करने के लिए, निर्वाचन आयोग इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) जैसे उपकरणों की खरीद, मतदान कर्मियों और सुरक्षा बलों की तैनाती और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए पहले से ही योजना और अग्रिम अनुमान तैयार कर सकता है।

## वन नेशन वन इलेक्शन का ममता ने किया विरोध, बोलीं- दिल्ली की तानाशाही सनक के आगे नहीं झुकेगा बंगाल



नरेंद्र मोदी कैबिनेट ने गुरुवार को वन नेशन वन वोट प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, यह बिल संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र में पेश किया जा सकता है। इसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र के फैसले का कड़ा विरोध किया। ममता बनर्जी ने आज दोपहर एक्स हैंडल पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विशेषज्ञों और विपक्षी नेताओं द्वारा उठाई गई हर जायज चिंता को नजरअंदाज करते हुए असंवैधानिक और संघीय-विरोधी एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक को अपना रास्ता बना लिया है। ममता बनर्जी ने आगे लिखा कि यह सावधानीपूर्वक सोचा गया सुधार नहीं है। यह भारत के लोकतंत्र और संघीय ढांचे को कमजोर करने के लिए बनाया गया एक सत्तावादी आरोप है।

## पेपरलीक मामले में 16 ट्रेनी एसआई को मिली जमानत
### गैंग के मास्टरमाइंड के भाई को राहत; एग्जाम से पहले पेपर मिलने का था आरोप

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सब इंस्पेक्टर भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में हाईकोर्ट ने गुरुवार को 16 ट्रेनी एसआई को जमानत दे दी। इन सभी ट्रेनी सब इंस्पेक्टर पर आरोप था कि लिखित परीक्षा से पहले इनके पास पेपर पहुंचा था। इन्होंने हैंडलर सुरेश साहू के मोबाइल फोन पर परीक्षा से करीब डेढ़ घंटे पहले पेपर देखा था। जस्टिस गणेशाराम मीणा की अदालत ने इन सभी को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। वहीं, इनको पेपर दिखाने वाले हैंडलर सुरेश साहू की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। इससे पहले, 22 नवंबर को हाईकोर्ट ने 10 ट्रेनी एसआई को जमानत दी थी। अब तक कुल 26 ट्रेनी एसआई को जमानत मिल चुकी है। आरोपियों के वकील वेदांत शर्मा ने बताया- ट्रेनी एसआई विवेक, श्रवण कुमार, रेणु, नरेश, अजय, नारंगी, दिनेश, सुरेंद्र, दिनेश, मालाराम, सुभाष, प्रियंका, राकेश, मंजू देवी, सुरजीत और गोपीराम को जमानत मिली है।



## जयपुर में युवाओं के साथ दौड़े सीएम भजनलाल शर्मा

जयपुर। राजस्थान सरकार प्रदेश में नई युवा और खेल नीति लाने की तैयारी कर रही है। साथ ही प्रदेश के टॉप 50 खिलाड़ियों को ओलिंपिक के लिए तैयार करने के लिए स्पेशल ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया जाएगा। इसमें दुनिया के बेहतरीन कोच प्रदेश के खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को जयपुर के अमर जवान ज्योति पर आयोजित रन का विकसित राजस्थान रैली के दौरान यह घोषणा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने खेल मंत्री और युवाओं के साथ दौड़ भी लगाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया- राजस्थान में युवाओं को खेल के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो।

## 18 साल के गुकेश शतरंज के नए वर्ल्ड चैंपियन
### सबसे कम उम्र में खिताब जीता, चीनी खिलाड़ी को 14वें गेम में हराया

बढ़ता राजस्थान

**सिंगापुर ( एजेंसी )।** 18 साल के भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने सिंगापुर में गुरुवार को वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। उन्होंने चीन के डिफेंडिंग चैंपियन डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से फाइनल में हराया। इतनी कम उम्र में खिताब जीतने वाले गुकेश दुनिया के पहले प्लेयर बने हैं। इससे पहले 1985 में रूस के गैरी कैस्परोव ने 22 साल की उम्र में यह खिताब जीता था। गुकेश ने चीनी खिलाड़ी को 14वें गेम में हराकर यह टाइटल जीता। 25 नवंबर को चैंपियनशिप का फाइनल शुरू हुआ था, 11 दिसंबर तक दोनों के बीच 13 गेम खेले गए। स्कोर यहां 6.5-6.5 से बराबर था। गुकेश ने



आज 14वां गेम जीता और एक पॉइंट की बढ़त लेकर स्कोर 7.5-6.5 कर दिया।

**गुकेश बोले- मेरे जीवन का बेस्ट मोमेंट**-मैच के बाद गुकेश ने कहा, लिरेन का ब्लंडर मेरे जीवन का बेस्ट मोमेंट रहा। जब उन्होंने ब्लंडर किया, तब मुझे समझ नहीं आया, मैं अपनी नॉर्मल चाल चलने वाला था।

### विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी

गुकेश चेस के वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले भारत के दूसरे ही प्लेयर बने। 2012 में विश्वनाथन आनंद चेस चैंपियन बने थे। गुकेश ने 17 साल की उम्र में स्त्रद्धष्ठश्च कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट भी जीता था। तब वह इस खिताब को जीतने वाले भी सबसे युवा प्लेयर बन गए थे। रविवार तक 11 गेम के बाद गुकेश 6-5 से आगे थे। 11 में से 8 गेम ड्रॉ रहे थे, जबकि 2 में गुकेश और 1 में लिरेन को जीत मिली थी। लिरेन ने फिर वापसी की और 12वां गेम जीत लिया और स्कोर फिर बराबर कर दिया। बुधवार को 13वीं बाजी में 68 चाल के बाद गुकेश को गेम ड्रॉ खेलना पड़ा था। तब स्कोर 6 .5-6 .5 से बराबरी पर था। गुकेश ने तीसरा, 11वां और 14वां गेम जीता।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# एएसआई की पत्नी का फूटा दर्द : मुख्यमंत्री को बचाने में शहीद हो गए पति

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के काफिले की दो गाड़ियों को एक टैक्सी ने टक्कर मार दी थी। इस हादसे में दो लोगों की जान जा चुकी है। बुधवार को एएसआई ने दम तोड़ दिया था और गुरुवार को टैक्सी ड्राइवर की मौत हो गई। गुरुवार सुबह जयपुर पुलिस लाइन में सुरेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि देने के बाद पत्नी सविता सिंह का दर्द फूट पड़ा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को बचाते हुए मेरे पति शहीद हो गए। मुख्यमंत्री हमारे पास आए क्या? उनको कहना चाहिए था कि मेरी वजह से हुआ है। अगर वो बीच में खड़े नहीं होते, उनको नहीं बचाते, साइड में हो जाते तो क्या करते? हमें रिटन में चाहिए, हम किस पर विश्वास करें। हमारी मांगें पूरी होनी चाहिए। मेरे पति तो चले गए, अब मैं बच्चों को लेकर कहां जाऊं। मीडिया से बात करने के दौरान महिला पुलिस अफसर ने सुरेंद्र सिंह की पत्नी को रोकने की कोशिश की। सविता सिंह ने नाराज होकर अधिकारी से कहा कि आप रुकिए। आपको पता नहीं है, मेरे साथ क्या हो

## मुख्यमंत्री हमारे पास आए तक नहीं

रहा है। मुझे बोलने दीजिए, आप खींच रहे हो मुझे। मुख्यमंत्री को यहां होना चाहिए। हमें मुख्यमंत्री से बात करनी है। उनको यहां आना चाहिए। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने परिजनों को मौखिक आश्वासन दिया है कि उनके सभी मांगें मान ली जाएंगी। परिजनों ने सुरेंद्र सिंह को शहीद का दर्जा देने, मृतक के बेटे को तहसीलदार की नौकरी देने और मृतक की बेटी को टीचर की नौकरी देने की डिमांड रखी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब 25 साल की पुलिस सर्विस में सुरेंद्र सिंह ज्यादातर जयपुर में ही पोस्टेड रहे। सुरेंद्र सिंह 6 महीने पहले ही ट्रांसफर होकर ट्रैफिक में आए थे। साल 1992 बैच के सुरेंद्र सिंह नीमराना (अलवर) के गांव काठ का माजरा के रहने वाले थे। उनके पिता रोहिताश इंडियन आर्मी में कैप्टन थे। सुरेंद्र सिंह राजस्थान पुलिस में कॉन्स्टेबल पद पर भर्ती हुए थे। साल 2018 में प्रमोशन के बाद एएसआई बने थे। जयपुर के करणी विहार इलाके में सुरेंद्र सिंह पत्नी और बेटा-बेटी के साथ रह रहे थे।

उनका बेटा एमबीबीएस के बाद इंटर्नशिप कर रहा है। बेटी यूपीएससी की तैयारी कर रही है। उनके पिता गांव में ही रहते हैं। सुरेंद्र सिंह तीन बहनों के इकलौते भाई थे।

**अगले साल एसआई के पद पर प्रमोट होने वाले थे :** एएसआई सुरेंद्र सिंह की तीन बड़ी बहनें हैं और वे सबसे छोटे बेटे और इकलौते भाई थे। गांव के बाहर खेतों में उनके माता-पिता का मकान बना हुआ है। सुरेंद्र सिंह खुद जयपुर के वैशाली नगर में अपने मकान में रहते थे। 1992 में राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल के पद पर भर्ती हुए थे। साल 2013-14 में प्रमोशन होने के बाद एएसआई बने थे। साल 2025 में एसआई के पद के लिए प्रमोट होने वाले थे। उनकी पत्नी सविता (51) स्कूल में पढ़ाती है। सुरेंद्र सिंह के एक बेटा आकाश (28) और एक बेटी कोमल (23) है।

### राजकीय सम्मान से हुआ अंतिम संस्कार

एएसआई सुरेंद्र सिंह (52) का गुरुवार शाम करीब 4 बजे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने जवानों द्वारा गॉर्ड ऑफ ऑनर देने के बाद बेटे आकाश ने मुखाग्नि दी। इससे पहले पार्थिव देह को जयपुर से करीब दो बजे पैतृक गांव बहरोड़-कोटपूतली में नीमराणा के गांव काठ का माजरा लाया गया। नीमराना के हीरो चौक से लेकर घर तक करीब ढाई किलोमीटर की दूरी तक युवाओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान सुरेंद्र सिंह अमर रहे के नारे गूंजते रहे। मां किताब देवी ने बेटे को आखिरी बार दुलारा तो हर किसी की आंखें नम हो गई। तिंरगा यात्रा के साथ बड़ी संख्या में लोग घर पहुंचे। पत्नी सविता अंतिम दर्शनों के दौरान काफी देर तक पास में बैठकर रोती रही, जिसे परिजनों ने संभाला। अंतिम दर्शनों के बाद एएसआई की पार्थिव देह को श्मशान घाट ले जाया गया।



**टैक्सी ड्राइवर की मौत :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के काफिले में टैक्सी घुसाने वाले ड्राइवर पवन की गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हादसे में एएसआई सुरेंद्र सिंह की पहले ही जान चली गई थी। हादसे में घायल 4 पुलिसकर्मियों का इलाज चल रहा है। हादसा बुधवार दोपहर तीन बजे अक्षयपात्र सर्किल पर हुआ था। घायल टैक्सी ड्राइवर को महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार दोपहर इलाज के दौरान ड्राइवर ने दम तोड़ दिया।

**पवन के 20 दिन पहले हुआ था बेटा :** पवन करौली का रहने वाला था। जगतपुरा सात नंबर बस स्टैंड के पास किराए पर रहता था। साथ में पत्नी और दो बच्चे भी रहते थे। एक बच्चा ढाई साल का है। दूसरा बच्चा 20 दिन का। डेढ़ साल पहले ही विदेश से नौकरी छोड़कर जयपुर आया था। विदेश में करीब डेढ़ साल नौकरी की थी। पवन के पास अरब देश यूएई का रेजिडेंट आइडेंटिटी कार्ड मिला है। वह यूएई में भी ड्राइवर था।

# जियो का न्यू ईयर वेलकम प्लान 2025 लॉन्च

## 2025 का स्वागत करें जियो के 2025 रुपए के प्लान के साथ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/ मुंबई ।** जियो ने अपने ग्राहकों के लिए 2025 रुपए का न्यू ईयर वेलकम प्लान लॉन्च किया है। यह खास प्लान 200 दिनों की अनलिमिटेड 5जी सेवा, 500 जीबी 4जी डेटा (2.5 जीबी प्रति दिन), अनलिमिटेड कॉल्स और एसएमएस की सुविधा देता है। इस प्लान के साथ ग्राहक 349 रुपए के मासिक रिचार्ज की तुलना में 468 रुपए की बचत कर सकते हैं।

इस प्लान के साथ 2150 रुपए के पार्टनर कूपन भी ग्राहकों को दिए जा रहे हैं। इसमें 500 रुपए का आजियो कूपन (2500 रुपए की न्यूनतम खरीद पर), 150 रुपए की छूट स्विगी पर (499 रुपए से अधिक के ऑर्डर पर), और इज माई ट्रिप के जरिए फ्लाइट बुकिंग पर 1500 रुपए की छूट शामिल है। यह ऑफर 11 दिसंबर, 2024 से 11 जनवरी, 2025 तक के लिए उपलब्ध है। जियो का यह प्लान नए साल के जश्न को और खास बनाने का शानदार मौका है।

### अनलिमिटेड 5जी, अनलिमिटेड कॉल्स और विशेष डिस्काउंट कूपन भी मिलेंगे




# गोविंद की धरती से आध्यात्मिक संगम महाकुंभ को हरित महाकुंभ बनाने का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को इस बार प्लास्टिक मुक्त कुंभ बनाने का प्रयास है। इसके लिए गुरुवार को छोटी काशी जयपुर में एक थाली एक थैला अभियान का संकल्प लिया गया। जयपुर के आराध्याय गोविंद देव जी मंदिर प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ऋषि गालव जिला इकाई के कार्यकर्ताओं ने प्रयागराज महाकुंभ को हरित कुंभ बनाने के उद्देश्य से इस अभियान का प्रारंभ किया। जिसके तहत भामाशाहों से थैला और थाली एकत्र किए गए। आगामी 13 जनवरी से 26 जनवरी तक प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालु जुटने की संभावना जताई जा रही है। इतनी बड़ी संख्या में तीर्थ यात्रियों के भोजन आदि में पॉलीथिन और डिस्पोजल के उपयोग से लगभग 40 हजार टन कचरा उत्सर्जित होने का अनुमान लगाया जा रहा है। जिसमें शासन-प्रशासन द्वारा स्वच्छता और कचरा निस्तारण की व्यवस्था काफी मुश्किल कार्य लगता है। इसे ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पर्यावरण विभाग और विश्व हिंदू परिषद ने एक थाली एक थैला अभियान की शुरुआत की। ताकि प्रयागराज महाकुंभ को हरित कुंभ यानी प्लास्टिक मुक्त कुंभ बनाया जा सके। इस संबंध में महानगर पर्यावरण संयोजक अशोक दाधीच ने बताया कि हरित कुंभ के लिए संकल्प लिया है कि हर घर से एक थाली एक थैला संग्रहित कर प्रयागराज के तीर्थ यात्रियों तक पहुंचाया जाएगा। हर कुंभ यात्री के पास भोजन के लिए थाली होगी और सामान के लिए थैला होगा तो इससे बहुत कम कचरा उत्सर्जित होगा। जयपुर में गोविंद देव जी मंदिर से इस अभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने इस पुनीत कार्य में सभी की सहभागिता का आह्वान किया। भाग प्रचार प्रमुख विनय अग्रवाल ने बताया



कि ये अभियान पूरे दिसंबर महीने में चलेगा। इसके बाद संग्रहित किए गए थाली और थैलों को प्रयागराज तक पहुंचाया जाएगा। गुरुवार को गोविंद देव जी मंदिर में नंदू अग्रवाल, ओपी अग्रवाल, प्रभु दयाल शर्मा, सुरेंद्र डालमिया, हरीश खंडेलवाल, नरेश सोंखिया, मुकेश पारीक ने 2100 सैट थैले और थाली प्रयागराज महाकुंभ के लिए सहयोग प्रदान किया। भाग संघचालक अशोक जैन, प्रांत सह प्रचारक विशाल एवं शहर के कई महानुभावों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ जयपुर पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

## भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स,गांजा,स्मैक,अवैध शराब सहित बिक्री की राशि के रूपये जब्त

- जयपुर के दस थाना इलाके में पुलिस ने तस्करों के ठिकानों पर मारी रेड
- ग्यारह मामले दर्ज कर तीन महिलाओं सहित बारह तस्करों को किया गिरफ्तार
- जब्त अवैध मादक पदार्थ की अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय बाजार कीमत 01 करोड़ रुपये

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" के तहत ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ विशेष अभियान के तहत महेश नगर, करधनी, जयसिंहपुरा खोर, ट्रांसपोर्ट नगर, श्याम नगर, शिवदासपुरा, सांगानेर सदर, मुहाना, प्रताप नगर एवं रामनगरिया थाना इलाके में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले ठिकानों पर छापेमारी करते हुए ग्यारह मामले दर्ज किए गए है और साथ ही तीन महिलाओं सहित बारह अवैध मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है वहीं एक महिला फरार हो गए है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार आरोपितों के पास से अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स 187 ग्राम, स्मैक 83.26 ग्राम, गांजा 01 किलो 504 ग्राम, अवैध शराब के 139 पव्वे एवं 16 बोतल बीयर एवं बिक्री की राशि 25 हजार रुपये बरामद किए गए है। पुलिस के अनुसार बरामद अवैध मादक पदार्थ की अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय बाजार कीमत 01 करोड़ रुपये है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत महेश नगर, करधनी, जयसिंहपुरा खोर, ट्रांसपोर्ट नगर, श्याम नगर, शिवदासपुरा, सांगानेर सदर, मुहाना, प्रताप नगर एवं रामनगरिया थाना इलाके में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर राकेश बंसल (35) निवासी मानसरोवर जयपुर,विजय सिंह (37) निवासी सुदर्शनपुरा करतारपुरा अशोक नगर जयपुर,विक्की धानका (24) निवासी टोंक फाटक बजाज नगर जयपुर, साहिल मालावत (19) निवासी पनियाला मोड़ जिला कोटपूतली बहरोड, एजाज खान उर्फ सलमान (24) निवासी उत्तर प्रदेश हाल निवारू रोड जयपुर, महिला तस्कर प्रेरणा (19) निवासी श्याम नगर जयपुर हाल श्याम नगर जयपुर,राहिल खान उर्फ अनस (27) निवासी रामगंज जयपुर, नगीना (29) निवासी भांकरोटा जयपुर हाल प्रताप नगर जयपुर, राहुल सोलंकी (19) निवासी सूरसागर जिला जोधपुर हाल शिवदासपुरा जयपुर,राधा सांसी (40) निवासी नासिरदा जिला टोंक हाल सांगानेर सदर जयपुर,पारस जैन (51) निवासी मालपुरा गेट जयपुर हाल रामनगरिया जयपुर, लक्ष्मण (32) निवासी मुहाना जयपुर को गिरफ्तार किया है और



वहीं एक महिला तस्कर कमली सांसी फरार हो गई। जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स 187 ग्राम, स्मैक 83.26 ग्राम, गांजा 01 किलो 504 ग्राम, अवैध शराब के 139 पव्वे एवं 16 बोतल बीयर एवं बिक्री की राशि 25 हजार रुपये बरामद किए गए है। पुलिस आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# राजस्थानी फिल्मों के अनुदान की सिलिंग बढाए सरकार : अनिल

## राजस्थानी फिल्म प्यारी भाभी मां का मुहूर्त



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी के जगतपुरा स्थित वृंदावन गार्डन में आरआरआर फिल्म प्रोडक्शन तले बन रही राजस्थानी फिल्म 'प्यारी भाभी मां' का भव्य मुहूर्त किया गया। इस अवसर पर फिल्म के निर्माता राजेश खन्ना व सुनील रूपानी, सह निर्माता राज भार्गव, निर्देशक अनिल सैनी और लेखक अनिल भूप ने आने वाली फिल्म की वर्तमान समय में आवश्यकता को उजागर किया। लेखक अनिल भूप ने बताया कि हमारी राजस्थानी संस्कृति को पोषित करना, उसका विस्तार करना हमारा उद्देश्य है। इसलिए हमने यथा नाम तथा गुण के आधार पर फिल्म का टाइटल रखा है। निर्देशक अनिल भूप ने बताया कि हम यह मानते हैं कि किसी घर में किसी बेटे को अपनी मां के बाद सबसे अधिक प्यार उसकी भाभी ही दे सकती है। यही रिश्ता बहुत पवित्र होता है जिसे वर्तमान समय में बड़ा भोंडा और कुरूप बना दिया गया है। हम उस संस्कृति को इस फिल्म में जीवंत कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग 2 जनवरी से सीकर से शुरू होगी और मार्च सिनेमा घरों दर्शकों से रूबरू हो सकेगी। फिल्म का क्लैप नायिका उषा जैन ने दिया। अन्य कलाकारों का मंच पर दुशाला ओढ़ा कर तथा साफा पहनाकर स्वागत किया गया। निर्देशक अनिल सैनी ने बताया कि नए साल में करीब 8 स्थानीय फिल्मों का प्रदर्शन होने जा रहा है। इससे प्रदेश में दो दशक पूर्व का माहौल बनने की आशा है। राजस्थान सरकार को महाराष्ट्र सरकार की तरह सिनेमा हाल पर पाबंदी लगानी चाहिए कि एक शो राजस्थानी भाषा का अवश्य दिखाया जाए। राजस्थानी फिल्मों के अनुदान की सिलिंग 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख की जानी चाहिए। अनुदान की प्रक्रिया सरल और पारदर्शी हो।

### राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में वेदांता के हिन्दुस्तान जिंक स्टॉल को सभी ने सराहा

# राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने स्टॉल का दौरा कर हिन्दुस्तान जिंक के संचालन के 3डी ऑगमेंटेड रियलिटी टूर का लिया अनुभव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल बिजनेस समिट 2024 में अपने स्टॉल पर हजारों लोगों को आकर्षित किया। एट द कोर ऑफ द क्लीन एनर्जी ट्रान्जिशन थीम पर आधारित स्टॉल पर जीवन की धातुओं- जिंक, लेड और सिल्वर के सस्टेनेबल भविष्य और एडवांस टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने और सशक्त समुदायों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कंपनी के स्टॉल पर भारी भीड़ उमड़ी और अपनी इमर्सिव और इंटरैक्टिव प्रौद्योगिकियों के प्रदर्शन के कारण यह सर्वश्रेष्ठ स्टॉल के रूप में उभरा। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने हिन्दुस्तान जिंक स्टॉल का दौरा किया और कंपनी के संचालन के 3डी आधारित रियलिटी बेस्ड वॉकथ्रू का अनुभव किया। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, शहरी विकास और स्वशासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा, युगांडा, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो, वेनेजुएला जैसे विभिन्न देशों के राजदूत, राज्य के गणमान्य व्यक्ति, प्रशासनिक अधिकारी, उद्योगों के प्रतिनिधि,विद्यार्थियों, ग्राहक और व्यापार भागीदारों ने इंटरैक्टिव प्रदर्शनों के माध्यम से क्लीन एनर्जी ट्रान्जिशन के मूल का अनुभव किया। स्टैंडिंग आकर्षण इमर्सिव वर्चुअल रियलिटी (वीआर) प्रशिक्षण अनुभव था, जो हिन्दुस्तान जिंक की खदानों में



अर्थ मूविंग मशीनरी को चलाने का वास्तविक अनुभव प्रदान कर अंडरग्राउंड मशीनरी संचालन की आकर्षक झलक प्रस्तुत करता है। साथ ही इंटरैक्टिव जिंकी रोबोट ने स्टॉल पर आने वालो की तस्वीरें खींचकर और यादगार स्मृति चिन्ह प्रदान की।

# नासा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, जयपुर-5 ब्रांच ने एक प्रेरणादायक और शैक्षणिक नासा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा के साथ हुई। मुख्य अतिथि सुबोध पीजी. कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर बलराम त्रिपाठी रहे। उनके प्रेरणादायक संबोधन ने छात्रों को नवाचार और जिज्ञासा के महत्व को समझाया। जूनियर वैज्ञानिकों को पंख देने की तैयारी में इन्हें नासा किट वितरित किए गए। बच्चों को ज्ञान और प्रोत्साहन देने के लिए नासा किट पर चर्चाओं का आयोजन किया गया। स्कूल प्रिंसिपल शबाना अमजद ने बताया कि नासा प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों के लिए अंतरिक्ष अन्वेषण के प्रति रुचि बढ़ाने का मंच साबित हुआ। कार्यक्रम में रीजनल इंचार्ज हर्षिता सेठिया, एकेडमिक डीन पंकज सोनी भी उपस्थित रहे।

# गोवर्धनविलास पुलिस की बड़ी सफलता, ऑनलाईन सट्टा खिलवानें वालें गिरोह का पर्दाफाश

## गिरोह के 7 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, करोड़ो के लेनदेन का हिसाब लिखे 3 रजिस्टर बरामद



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** गोवर्धनविलास पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशानुसार में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाडा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) व वृताधिकारी वृत गिर्वा सूर्यवीर सिंह राठौड के निर्देशन में थानाधिकारी भवानी सिंह राजावत के नेतृत्व में गोवर्धनविलास पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए दक्षिण विस्तार योजना स्थित एक मकान में कुछ युवक ऑनलाईन सट्टा खिलवाने का काम करते 7 शातिर अभियुक्तों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामला आईटी एक्ट में दर्ज करते हुए अभियुक्तगण पुष्पेन्द्र सिंह चुण्डावत, शक्ती सिंह हाडा, महेन्द्र सिंह चन्द्रावत, कृष्णपाल सिंह, राहुल चारण, विषाल कीर व प्रकाश बुनकर को धोखाधड़ीपूर्वक ऑनलाईन सट्टा खिलवाते गिरफतार किया गया है व इनके कब्जें से करोडों के लेनदेन के हिसाब की 3 रजिस्टर, 5 लेपटॉप, 12 मोबाईल, 6 बैंक डायरीयां तथा 6 एटीएम व डेबिट कार्ड बरामद किये। प्राप्त उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर जाकर उक्त मकान को चैक किया तो मकान के एक कमरे में कुछ युवक लेपटॉप व मोबाईल पर ऑनलाईन काम करते हुए नजर आयें, जो अचानक पुलिस टीम को देखकर सकपका कर खडे हो गयें।

ये सभी अभियुक्त राजसमन्द, चित्तौड़गढ़,नीमच,उत्तरप्रदेश के है। उक्त सभी अभियुक्तों को लेपटॉप व मोबाईल पर कर रहे कार्य के बारें में पूछा तो सभी ने बारी-बारी से बताया कि हम सभी ऑनलाईन बेटिंग वैबसाईट बैट भाई पर जुआ-सट्टा खिलवाने का कार्य करते है। अभियुक्तगण ऑनलाईन साईट बैट भाई के नाम की साईट चलाते है। जिस पर ग्राहको को जोडकर उनको राशि के बदले पॉईटस देकर ऑनलाईन जुआ-सट्टा खिलवाने का कार्य करते है।

# पड़ोसी युवक ने शराब के नशे में चार वर्षीय बालिका से किया दुष्कर्म

## पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अशोक नगर थाना इलाके में शराब के नशे में धुत पडौसी युवक ने एक चार वर्षीय बालिका से दुष्कर्म किया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की शिनाख्त परेड़ करवाई जाएगी। पुलिस के अनुसार भोजपुरा कच्ची बस्ती निवासी एक महिला ने मामला दर्ज करवाया कि बुधवार को उसकी 4 वर्षीय बेटी घर के बाहर खेल रही थी इसी दौरान पडौसी युवक आया और उसके घर से 20 कदम दूर खाली मकान में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बालिका ने घर पहुंच कर परिजनों को आपबीती बताई। एडिशनल डीसीपी (एसआईयूसीएडब्ल्यू) पूनम चंद विश्नोई ने बताया कि बालिका से दुष्कर्म करने करने वाले आरोपी पडौसी युवक को पकड़ लिया है। बालिका घर के बाहर खेल रही थी आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार किया है। उसकी शिनाख्त परेड़ करवाई जानी है। घटना के दौरान बालिका के परिजन घर पर ही थे। आरोपी युवक घटना के समय शराब के नशे में था।

# वायु सेना के जवान का नोखा में हुआ अंतिम संस्कार : ब्रेन हैमरेज से हुआ निधन, 4 साल से दिल्ली में थे तैनात

बढ़ता राजस्थान

**नोखा।** बीकानेर जिले के नोखा के जवान गौरीशंकर खाती (22) का आज अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनका दिल्ली में ब्रेन हैमरेज से निधन हो गया था। जवान गौरीशंकर दिल्ली में वायु सेना में अपनी सेवाएं दे रहे थे। ड्यूटी के दौरान ब्रेन हैमरेज होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। गौरीशंकर की 2 दिसंबर को सर्जरी हुई थी। तब से बेस अस्पताल में भर्ती थे। कल शाम को निधन हुआ। गुरुवार को वायु सेना के दिवंगत सैनिक की पार्थिव देह नोखा लाई गई। जवान की नोखा के जोरावरपुरा में अंतिम यात्रा निकाली गई। सेना के जवानों ने सैन्य सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी। जिसके बाद जवान की पार्थिव देह को भाई संजय और राहुल ने मुखाग्नि दी।

### 4 साल से दिल्ली में थे तैनात

किसान नेता बजरंगलाल गोदारा, सुभाष भाम्भू और रिछपाल फौजी ने बताया कि गौरीशंकर के दो भाई है। एक भाई संजय बीए फाइनल में पढ़ रहा है, वहीं दूसरा भाई राहुल कक्षा 12 में है। गौरीशंकर के पिता जितुराम खाती लकड़ी के कारीगर है। गौरीशंकर का 18 साल की उम्र में वायु सेना में चयन हो गया था। जिसके बाद वह 4 साल से दिल्ली में वायु सेना में अपनी सेवाएं दे रहे थे।

# जिला प्रभारी मंत्री ने जिला स्तरीय प्रदर्शनी का किया उद्घाटन व जिला विकास पुस्तिका का किया विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राजस्व उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण राज्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी ने आज कोटपूतली में जिला स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया तथा प्रदर्शनी का अवलोकन कर विभागों द्वारा लगाई गई विभिन्न स्थलों का जायजा लिया। चौधरी ने सर्वप्रथम पंच गौरव स्टॉल का अवलोकन करते हुए जिले के पांच गौरव के बारे में जानकारी प्राप्त कर बताया कि राज्य सरकार द्वारा पंच गौरव पर विशेष रूप से ध्यान देने एवं उसके समुचित विकास को सुनिश्चित करने हेतु इन 5 तत्वों को जिले के पंच गौरव के रूप में मान्यता देते हुए नवीन कार्यक्रम प्रारम्भ किया जा रहा है। इसके उपरांत पांच गौरव प्रतियोगिता के तहत एक सांकेतिक कुश्ती का आयोजन किया गया जिसमें विजेताओं को मोमेंटो प्रदान कर उनकी हौसला आफजाई की गई इस दौरान विजय सिंह चौधरी ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान उन्होंने स्वयं के स्वास्थ्य की जांच करते हुए रक्तचाप का परीक्षण भी करवाया इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अवलोकन के दौरान चौधरी ने राज्य सरकार के 1 वर्ष की वर्षगांठ पर बनाए गए बाजरे के केक को काटकर लोकल फोर लोकल नारे को बुलंद करते हुए सभी नागरिकों से महिला समूह तथा राजीविका निर्मित स्वदेशी उत्पादों के उपयोग करने के लिए आवाहन किया इससे पूर्व राजस्व राज्य मंत्री ने रन फोर विकसित राजस्थान कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम की शुरुआत की एवं स्वयं दौड़ में शामिल होकर राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय से अग्रसेन सर्किल होते हुए एलबीएस कॉलेज में जाकर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान उन्होंने तृतीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम में 238 नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सोपा तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की। इस दौरान जिले के प्रभारी सचिव (ड्डस) वासुदेव मालावत आयुक्त देवस्थान विभाग, जिला कलेक्टर



कल्पना अग्रवाल, विधायक हंसराज पटेल, एसपी राजन दुष्यंत, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, एसपी वैभव शर्मा,अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास, एसडीएम बृजेश चौधरी,आयुक्त धर्मपाल जाट, सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# केकेसी महाविद्यालय में हुआ वेलकम पार्टी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर (नि.स.)।** केकेसी पीजी महाविद्यालय में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत के लिए उनके सीनियर्स द्वारा वेलकम पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गणेश व मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ । कार्यक्रम को रोचक रूप देने के लिए महाविद्यालय के फ्रेशर्स के लिए उनके सीनियर्स के द्वारा रैंप वॉक, गेम्स व विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा विभिन्न एकल व सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में महाविद्यालय की छात्रा नन्दिनी जांगिड़ एंड ग्रुप तथा ज्योति एंड ग्रुप ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया द्य इसी क्रम में छात्रा अंजनी, खुशबू, सुनीता व नन्दिनी ने सोलो डांस व बीए प्रथम वर्ष की छात्रा लक्ष्मी सुथार व कामना ने राजस्थानी तथा टीना व ऋषिका ने पंजाबी, सोनू शर्मा व खुशबु ने हरियाणवी गीत पर परफॉर्मेंस देकर सभी को झूमने पर विवश कर दिया द्य इसी प्रकार बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा कोमल, भावना, खुशबु और नन्दिनी ने लेजि डांस तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा रिचा, कमला व सानिया कंवर के द्वारा तेरे मस्त मस्त नैन और तेरी ओर गाने पर प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरी । कार्यक्रम में



संस्था निदेशक किशोर सिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की शिक्षा के साथ-साथ सह शैक्षिक गतिविधियां भी अति महत्वपूर्ण है जिससे कि विद्यार्थियों का समग्र रूप से विकास होता है इसलिए शिक्षा के साथ विभिन्न प्रकार की खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भी निरंतर भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम में बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा कोमल दर्जी को मिस फ्रेशर व बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र सतवीर को मिस्टर फ्रेशर चुना गया द्य कार्यक्रम में जज की भूमिका देवीलाल, बेगराज, श्याम सुन्दर व रामकला केजरीवाल ने निभाई । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सुमेर सिंह स्वामी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें इस प्रकार के सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया । इस अवसर पर शिक्षाविद डॉ मुलचंद शर्मा एवं पत्रकार मुरली बोचिवाल इत्यादि अतिथियों का सम्मान किया गया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के व्याख्याता महबूब अली चौहान, प्रदीप चौहान, राज कुमार सोनी, जगदीश कुमार, सुरेंद्र कुमार, सुरेश कुमार , गोपाल भाकर ,नरेश कुमार, अनिल, भरत शर्मा , कमल कुमार आदि उपस्थित थे ।मंच का सफल संचालन छात्रा ज्योति राजवी, दिव्या सोनी, मोनिका मलिक व भगवती जाड़ीवाल ने किया।

# फायरमैन व सब फायर ऑफिसर कोर्स परीक्षा 18 दिसम्बर से




बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं (नि.स.)।** जिला मुख्यालय स्थित टीकेऐन फायर सेफ्टी कॉलेज में फायर सेफ्टी की ट्रेनिंग कर स्टूडेंट्स की परीक्षा 18 दिसम्बर बुधवार से शुरू होगी । संस्थान के चेयरमैन डॉ. मनोज सिंह ने सभी स्टूडेंट्स को अग्रिम शुभकामनाएं दी एवम बताया कि जिन स्टूडेंट्स की परीक्षा 18 दिसम्बर से है उनके प्रवेश पत्र 10 दिसम्बर से प्रात 10 से दोपहर 2 बजे तक संस्थान से प्राप्त कर सकते है।

# उदयपुर मार्बल एसोसिएशन में नये संरक्षक नियुक्त



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** उदयपुर मार्बल एसोसिएशन की छठीं कार्यकारिणी बैठक उदयपुर मार्बल एसोसिएशन के कार्यालय में आयोजि की गई। एसोसिएशन अध्यक्ष पंकज गंगावत ने बताया कि बैठक में कार्यकारिणी द्वारा महिपाल सिंह रूपपुरा, नितुल चंडालिया, विरमदेव सिंह कृष्णावत को एसोसिएशन के संरक्षक के रूप में नियुक्ति पर सहमति दी। सभी पदाधिकारियों ने मिलकर नवनियुक्त संरक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए बुके देकर स्वागत किया और कहा कि उनके अनुभव, ज्ञान और मार्गदर्शन से संस्था नई ऊंचाइयों पर पहुचेगी व मार्बल उद्योग के विकास हेतु सामूहिक प्रयास से एसोसिएशन को नई दिशा देने का प्रयास करेंगे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय में मध्यस्थता के माध्यम से 50 वर्षों से चल रहे संपत्ति विवादों का निस्तारण

## मध्यस्थता के माध्यम से कुल 11 प्रकरणों का निस्तारण होगा, अंतिम बहस के स्तर पर परिवारों के मध्य पचास वर्षा से चल रहे 6 संपति विवादो का मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वावधान में चन्द्रप्रकाश श्रीमाली, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), जयपुर महानगर द्वितीय के निर्देशन में डॉ. रूबीना परवीन अंसारी, जज इंचार्ज(अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम सं. 03), मीडियेशन सेन्टर, जयपुर महानगर द्वितीय, पल्लवी शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय, व प्रभा अग्रवाल, मध्यस्थ (अधिवक्ता), मीडियेशन सेन्टर, जयपुर महानगर द्वितीय के संयुक्त प्रयासों से पचास वर्ष पुरानी 06 अपीलों का मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारण किया गया। वर्तमान में उक्त प्रकरण/अपीलें अंतिम बहस के स्तर पर न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम सं. 09, जयपुर महानगर द्वितीय में लंबित थी। सन् 1975 में पक्षकारान के मध्य विवाद का विचारण शुरू हुआ। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शर्मा ने बताया कि उक्त 06 अपीलों में रालसा के निर्देशन में विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय के मध्यस्थ प्रभा अग्रवाल एवं अपीलों में पक्षकार की ओर से उपस्थित अधिवक्ता भरत सिंह एवं अप्रार्थी की आरे से उपस्थित अधिवक्ता लक्ष्मीकान्त द्वारा मिलकर प्रकरण में आपसी समझौते के माध्यम से निस्तारण के अथक प्रयास किए गए। सन् 1975 से चल रहे इन प्रकरणों/अपीलों में 50 वर्ष बाद समझौता के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निस्तारण करवाया गया है। उक्त समझौते के आधार पर पक्षकारान के मध्य विभिन्न न्यायालयों एवं माननीय राजस्थान उच्च



न्यायालय में चल रहे अन्य 05 प्रकरणों की निस्तारण भी किया जावेगा। इस प्रकार मध्यस्थता के माध्यम से कुल 11 प्रकरणों का निस्तारण होना संभव हो पाया है। पल्लवी शर्मा ने जानकारी दी कि मध्यस्थता के माध्यम बिना किसी झगडे के प्रकरणों में दोनों पक्षों के मध्य समझौता हो जाता है चूंकि यह समझौता दोनो पक्षों की सहमति से होता है अत: इसकी अपील भी नहीं की जा सकती है तथा प्रकरण का निस्तारण उसी स्टेज पर हो जाता है।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर कल

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** विजन फाउण्डेशन ट्रस्ट (कोठारी आई हॉस्पीटल) द्वारा रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर एवं जिला स्वास्थ्य समिति 'अंधता' के सहयोग से 14 दिसम्बर को तेरापंथ सभा भवन, बिजोलिया हाउस, नाइयों की तलाई में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जायेगा। क्लब अध्यक्ष अनिल छाजेड़ ने बताया कि इस शिविर में 14 दिसम्बर को ऑपरेशन के लिये मरीजों का पंजीकरण किया जायेगा तथा ऑपरेशन योग्य मरीजों को ऑपरेशन की तारीख देकर डॉ. कोठारी आई हॉस्पीटलमें ऑपरेशन किये जायेंगे। जरूरतमंद मरीजों को इन्ट्रा ऑक्यूलर लैंस भी लगाये जायेगे तथा मरीजों के ठहरने, भोजन व दवाईयों आदि की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी।

1.2 Abridged NIB Code WSC2425A0381
**OFFICE OF SUPERINTENDING ENGINEER WCDC ZILA PARIHAD TONK**
No: 1592 Date: 06-12-2024
**NOTICE INVITING BID**
NIB No 02
YEAR 2024-25
Bids for (09 Packages) Construction work of Anicut And Nadi With Westweire PMKSY 2.0 Block Newai, Tonk work of estimated value INR 147.25 Lacs are invited from interested bidders up to 16-12-2024, 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state,
UBN:- WSC2425WSOB00788
**SE&PM**
**WCDC, ZILA PARISHED**
**TONK**
**Email: dwdu.tonk@gmail.com**

# लायन्स की सेवा भावना सभी को कर रही लाभान्वित : फ्रेबिशियो ऑलीवीरा

## लायन्स क्लब अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया लायन्स डायलिसिस सेन्टर का उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** विश्व के सबसे बड़े सेवाभावी संगठन लायन्स क्लब अन्तर्राष्ट्रीय के अध्यक्ष ब्राजील के फ्रेब्रिशियो ऑलीवीरा व उनकी पत्नी एमरीलैस ऑलीवीरा दो दिवसीय यात्रा पर उदयपुर पंहुचे। जहां उन्होंने लायन्स क्लब द्वारा हिरणमगरी से. 4 स्थित लायन्स भवन में स्थापित राज्य का पहले लायन्स डायलिसिस सेन्टर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस प्रोजेक्ट पर 80 लाख रूपयें की लागत आयी है। उद्घाटन पश्चात सौ फीट सोभागपुरा रोड़ स्थित होटल रमाडा एनकोर में आयोजित सम्मान समारोह अभिनन्दन में बोलते हुए फ्रेबिशियों ऑलीवीरा ने कहा कि पिछले 109 वर्षो से जनता की सेवा रह रहे सेवा भावी संगठन लायन्स की सेवा भावना से हर पीड़ित एवं जरूरतमंद लाभान्वित हो रहा है। और इसी श्रृंखला में आज यह इस डायलिसिस सेन्टर का उद्घाटन हुआ, जहां हर जरूरतमंद को नि:शुल्क सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि लायन्स ने अपनी 109 वर्षो की सेवा यात्रा में स्थायी सेवा के अनेक मील के पत्थर स्थापित किये। जिसे विश्व में करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे है। इस अवसर पर उनकी पत्नी एमरीलैस ऑलीवीरा ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध झीलों की नगरी में आने का अवसर लायन्स के सेवा कार्य ने दिया। इस सुन्दर शहर में सेवा कार्य का मौका मिलना बहुत बड़ी बात है और इसमें लायन्स क्लब बहुत आगे है। लायन्स क्लब अन्तर्राष्ट्रीय के पूर्व निदेशक लायन डॉ वी.के.लाडिया ने बताया कि लायन्स क्लब अन्तर्राष्ट्रीय फाउण्डेशन , पेसिफिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल एवं शहर के करीब 25 दानदाताओं के सहयोग से स्थापित इस डायलिसिस सेन्टर में 6 मोर्डन डायलिसिस मशीनें लगायी गई है।

इस सेन्टर में असहाय,निर्धन एवं आर्थिक दृष्टि से कमजोर बीपीएल किडनी रोगियों का नि:शुल्क डायलिसिस किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस सेन्टर का प्रबन्धन भीलों का बेदला स्थित पेसिफक



मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल द्वारा किया जायेगा। यहां पर पीएमसीएच के किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष सोनी व उनकी टीम द्वारा किडनी रोगियों का डायलिसिस किया जायेगा।

**OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER, PHED DISTRICT RURAL DIVISION-II, JAIPUR**
No:-12921-37 Date:- 6/12/24
**EXECUTIVE ENGINEER, PHED DISTRICT RURAL DIVISION-II, JAIPUR**
(Name of Procuring Entity)
Bids for related to Water Supply Schemes of subject matter of procurement are invited from interested bidders up to 01:30 PM Date 13.12.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://www.sppp.rajasthan.gov.in) of the state; and PHED Department website.
UBN:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 105/24-25 | UBNPHE2425 WSOB 06793 | 06.12.2024 |
| 02 | 106/24-25 | UBNPHE2425WS0B 06794 | 06.12.2024 |

**DIPR/C/12634/2024**
**Executive Engineer, PHED, Distt. Rural Div-II, Jaipur.**

## सम्पादकीय

# खुदरा निवेशकों के लिए मददगार

भारतीय शेयर बाजार न केवल बाजार पूंजीकरण के मुताबिक दुनिया के सबसे बड़े बाजारों में से एक हैं बल्कि इन्हें सबसे अधिक सक्षम बाजारों में भी गिना जाता है। बाजार को और सक्षम बनाने के लिए शेयर बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इस वर्ष के आरंभ में टी प्लस जीरो (उसी दिन) निपटान का बीटा संस्करण लॉन्च किया था जो शेयर नकदी बाजार में 25 शेयरों के लिए वैकल्पिक आधार पर था। बीते कुछ महीनों के फीडबैक और अनुभव के आधार पर बाजार नियामक ने इस सुविधा को शीर्ष 500 शेयरों के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया। यह दिखाता है कि नियामक की दृष्टि में बाजार अधोसंरचना और शामिल संस्थान बड़े पैमाने पर बदलाव के लिए तैयार हैं। हालांकि रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि टी प्लस जीरो को अपनाने की गति धीमी रही है लेकिन इससे नियामक को बाजार सुधार संबंधी कदम उठाने में धीमापन नहीं बरतना चाहिए। अपनाने का क्रम धीमा होने की एक वजह नए निपटान चक्र में शेयरों की सीमित संख्या भी हो सकती है। सेबी के सर्कुलर के मुताबिक टी प्लस जीरो चक्र 31 जनवरी, 2025 से बाजार पूंजीकरण के मुताबिक शीर्ष 500 कंपनियों के लिए उपलब्ध रहेगा। शेयरों को 100 के खंड में नए चक्र में शामिल किया जाएगा। इसकी शुरुआत समूह के निचले स्तर से की जाएगी। यह बात समझ में आती है क्योंकि तुलनात्मक रूप से कम आकार वाली कंपनियां पहले आगे आएंगी। इससे व्यवस्था की मजबूती आंकने में मदद मिलेगी। आगे चलकर बड़ी कंपनियां नए निपटान चक्र में शामिल होंगी। अब सभी शेयर ब्रोकरों को भागीदारी की इजाजत होगी। उन्हें टी प्लस जीरो और टी प्लस वन निपटान के लिए अलग-अलग ब्रोकरेज वसूलने की भी इजाजत होगी, बशर्ते कि वह नियामकीय दायरे में हो। क्वालिफाइड शेयर ब्रोकर जो चुनिंदा शर्तों का पालन करते हों उनसे उम्मीद की जाएगी कि वे जरूरी व्यवस्था कायम करें ताकि नए निपटान चक्र में अबाध भागीदारी तय समय में हो सके। इस बीच स्टॉक एक्सचेंज, क्लियरिंग कॉर्पोरेशंस और डिपॉजिटरीज जिन्हें एक साथ बाजार अधोसंरचना संस्थान या एमआईआई कहा जाता है, उनसे भी उम्मीद की जाएगी कि वे अबाध शुरुआत के लिए जरूरी व्यवस्था कायम करें। इसके अलावा सहज क्रियान्वयन के लिए एमआईआई से उम्मीद है कि वे परिचालन दिशानिर्देश और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के साथ सामने आएं। इससे सभी अंशधारकों खासतौर पर व्यक्तिगत निवेशकों को नए चक्र में शामिल होने में मदद मिलेगी। टी प्लस जीरो के बड़े कारोबार को देखते हुए स्टॉक एक्सचेंजों से उम्मीद की जा रही है कि वे एक व्यवस्था कायम करेंगे। टी प्लस जीरो प्रणाली का आकार बढ़ाने के कदम का स्वागत किया जाना चाहिए। खासतौर पर छोटे निवेशकों के नजरिये से। जैसा कि पहले भी लिखा जा चुका है, नियामक के आकलन में पाया गया कि 90 फीसदी से अधिक इक्विटी डिलिवरी कारोबार जहां कारोबार का आकार एक लाख रुपये से कम रहा उसे नकदी और प्रतिभूतियों के अग्रिम जमा में अंजाम दिया गया। ऐसे में बहुसंख्य छोटे कारोबारी और निवेशक इस कदम से लाभान्वित होंगे क्योंकि नकदी की स्थिति में सुधार होगा।

# दहेज के झूठे कानूनों में कब तक पुरुष हलाल होते रहेंगे?

**पिछले दिनों नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) से सूचना के अधिकार के तहत पूछे गए सवाल के जवाब के हवाले से एक खबर आई थी । उससे पता चला कि एक साल में करीब सवा लाख मुकदमे झूठे पाए गए। ये मुकदमे दूसरों को फंसाने के लिए दर्ज कराए गए थे। जिन लोगों पर मुकदमे किए गए थे, उनके खिलाफ आरोपों की पुष्टि नहीं हो सकी यानी वे झूठे थे। कहीं रास्ते के विवाद में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया गया। कहीं विरोधी पर दबाव बनाने के लिए छेड़खानी का मुकदमा तो कहीं दुश्मनी निकालने के लिए मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया गया।**

**अशोक भाटिया**

सोशल मीडिया पर इन दिनों अतुल सुभाष सुसाइड केस चर्चा का विषय बना हुआ है। बेंगलुरु में एआई इंजीनियर अतुल सुभाष ने लगभग डेढ़ घंटे के वीडियो में बताया है कि उनकी पत्नी, उनके परिवार और फैमिली कोर्ट की जज ने उन्हें परेशान किया। इन आरोपों के बाद इंजीनियर ने आत्महत्या कर ली। इस केस के बाद सोशल मीडिया से लेकर देशभर में चर्चा चल रही है कि लड़कियां लड़कों पर झूठे आरोप लगाती हैं और कानून का गलत इस्तेमाल करती हैं। अभी तो चर्चा हो रही है पर इससे कुछ नहीं बदलने वाला। ना ये सिस्टम, ना सिस्टम की सोच। ना पुलिस का रवैया। ना न्याय प्रणाली की रफ्तार। ना सुधरेगा भ्रष्टाचार। कुछ भी इसलिए नहीं बदलेगा, क्योंकि हमारे देश में एक दिन अचानक जागकर फिर लंबी गहरी नींद में सो जाने वाली सोच समाज में फैली है। जिसे क्रांति तो चाहिए लेकिन अपने घर से नहीं। इसी सोच की वजह से सिस्टम जस का तस बना रहता है। अतुल सुभाष ने खुदकुशी से 24 पन्नों का जो सुसाइड नोट लिखा हैऔर 81 मिनट का वीडियो बनाया है। इनमें उन्होंने अपनी पूरी व्यथा कथा कह डाली है। उन्होंने सुसाइड नोट में लिखा, मेरे ही टैक्स के पैसे से ये अदालत, ये पुलिस और पूरा सिस्टम मुझे और मेरे परिवार और मेरे जैसे और भी लोगों को परेशान करेगा। और मैं ही नहीं रहूंगा तो ना तो पैसा होगा और न ही मेरे माता-पिता, भाई को परेशान करने की कोई वजह होगी। अतुल को लगता है कि उनको या उनके जैसे लोगों को न्याय मिलेगा?

देखने वाली बात यह है कि क्या जो आरोप लगे हैं उसके आधार पर जांच करके अतुल सुभाष को न्याय मिलेगा? या फिर कल, आज और कल या फिर कुछ दिन और सब चर्चा करके भूल जाएंगे? सॉरी अतुल सुभाष! कुछ भी नहीं बदलने वाला! जिन माता-पिता और परिवार को सिस्टम के क्रूर पंजों से बचाने के लिए अतुल अपनी जान दे गए, क्या वो बुजुर्ग अब न्याय पाएंगे? मां बेंगलुरु में श्मशान घाट पर अपने बेटे के अंतिम संस्कार के वक्त खुद को संभाल नहीं पाईं। पूरी रात रोते बीती। एयरपोर्ट पर बेहोश हो गईं। इसके बाद भी कुछ नहीं बदलेगा ।

गौरतलब है कि एक मामले की सुनवाई करते जस्टिस बीआर गवई ने कहा था कि नागपुर में मैंने एक ऐसा मामला देखा था, जिसमें एक लड़का अमेरिका गया था और उसे शादी किए बिना ही 50 लाख रुपए देने पड़े थे। वो एक दिन भी साथ नहीं रहा था। मैं खुले तौर पर कहता हूं कि घरेलू हिंसा और धारा 498ए का सबसे ज्यादा दुरुपयोग किया जाता है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने भी तेलंगाना के एक मामले में सुनवाई करते हुए इसके दुरुपयोग की बात कही थी।अगस्त में बॉम्बे हाईकोर्ट ने 498ए के दुरुपयोग पर चिंता जाहिर करते हुए कहा था कि दादा-दादी और बिस्तर पर पड़े लोगों को भी फंसाया जा रहा है। मई में केरल हाईकोर्ट ने कहा था कि पत्नियां अक्सर बदला लेने के लिए पति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ ऐसे मामले दर्ज करवा देती हैं। ज्ञात हो कि दहेज कुप्रथा को



रोकने के लिए हमारे देश में कई कानून बनाए हैं। असहाय महिलाओं के खिलाफ हिंसा को कम करने के लिए कानून बनाने पर जोर दिया गया था। इसके चलते दहेज निषेध अधिनियम, 1961 बना। दहेज की मांग के बाद घरेलू हिंसा की घटनाएं भी सामने आती रही हैं ऐसे में घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 पारित किया गया।इसके साथ ही पुरानी आईपीसी में दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्याओं को रोकने के लिए कई प्रावधान किए गए थे। आईपीसी की धारा 498 दहेज से पहले और बाद में किसी भी रूप में उत्पीड़न को दंडनीय और गैर-जमानती बनाती है। 1983 में संसद द्वारा एक आपराधिक अधिनियम आईपीसी 498 ए पारित किया था जो कहता था कि दहेज वसूलने के लिए की गई क्रूरता पर तीन या अधिक वर्षों की अवधि की सजा और जुर्माना देना होगा। दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्याओं को रोकने के लिए आईपीसी 1961 में एक नई धारा आईपीसी 304 बी जोड़ी गई। आईपीसी 304 बी में दहेज हत्या का जिक्र है। भारतीय दंड संहिता की धारा 304 बी में कहा गया है कि अगर किसी महिला की शादी के सात साल के भीतर किसी भी जलने या शारीरिक चोट से मृत्यु हो जाती है या यह पता चला है कि उसकी शादी से पहले वह अपने पति या पति के किसी अन्य रिश्तेदार द्वारा क्रूरता या उत्पीड़न के संपर्क में थी। दहेज मांगने का संबंध तब महिला की मृत्यु को दहेज मृत्यु माना जाएगा। दहेज हत्या के लिए सजा सात साल के कारावास की न्यूनतम सजा या आजीवन कारावास की अधिकतम सजा है। कानून पारित होते ही दहेज उत्पीड़न के हजारों मामले दर्ज होने लगे। कई बार यह विवाहित महिला के लिए सुरक्षा के बजाय हथियार बन गया जिस पर समय-समय पर अदालतों ने भी चिंता जताई। इन मुकदमों में फंसने के बाद लोगों का जीवन तबाह हो गया। बिना मतलब की भागदौड़ हुई, ऊपर से पैसा और समय लगा। समाज में लोगों के तरह-तरह के ताने सुनने को मिले। देखा जाए तो इस तरह के मामले नए नहीं हैं। कुछ लोग बदला लेने के लिए कुछ भी करते हैं। आरोप किसी एक आदमी पर नहीं, बल्कि पूरे परिवार पर लगा देते हैं। इनमें बड़ी संख्या में स्त्रियां भी होती हैं। यहां तक कि कई बार बच्चों को भी नहीं बख्शा जाता। खेत की मेड़ जरा-सी इधर-उधर हुई नहीं कि मुकदमे से लेकर खून-खराबे तक बात पहुंच जाती है। हत्याएं तक हो जाती हैं। ऐसे में महाभारत का वह अंश याद आता है जहां दुर्योधन कहता है कि वह पांडवों को सुई की नोक के बराबर भी जमीन नहीं देगा। परिणामस्वरूप इतना बड़ा युद्ध और सर्वनाश हुआ। न कौरव बचे, न ही पांडव राज कर पाए। आखिर कानूनों में इतनी खामियां क्यों हैं कि कोई किसी के भी खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करा देता है। जिसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाता है, उसके पास यदि इतने संसाधन न हों कि वह कानूनी लड़ाई लड़ सके तो उसे सजा भी मिल जाती होगी। बहुत साल पहले फांसी पाए कैदियों की एक रिपोर्ट पढ़ी थी। उसमें अधिकांश ने कहा था कि उन्होंने किसी को नहीं मारा। ग्राम प्रधान या सरपंच ने अपने किसी को बचाने के लिए उनका नाम लिखवा दिया। उन्हें न कानून की कोई जानकारी थी, न वकील को फीस देने के पैसे थे। उन पर अपराध सिद्ध हो गया। स्त्री रक्षा संबंधी कानूनों के तहत जिन पुरुषों और उनके घर वालों को मुकदमे झेलने पड़ते हैं, उनकी आफत का तो कहना ही क्या। कितने मामलों में यदि पुरुष विवाहित है तो पत्नियां ही घर छोड़कर चली जाती हैं। बहुत से लोग अपनी जीवनलीला समाप्त करने के बारे में सोचते हैं। यदि किसी बुजुर्ग पर ऐसे आरोप लगाए जाते हैं तो उसकी खैर नहीं रहती। कुछ साल पहले इंदौर की एक घटना प्रकाश में आई थी। उसमें जमीन-जायदाद के विवाद में परिवार की बहू ने बुजुर्ग के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। बुजुर्ग को इससे इतनी पीड़ा पहुंची कि उन्होंने आत्महत्या कर ली। ऐसा और भी न जाने कितने लोग करते होंगे। बहुत बार विवाह के बाद कुछ बहुएं संयुक्त परिवार में नहीं रहना चाहतीं तो दहेज उत्पीड़न और दुष्कर्म के मामले दर्ज करा देती हैं। ऐसा नहीं है कि पुलिस को सच्चाई मालूम नहीं होती, लेकिन वह कहती है कि अगर किसी स्त्री ने ऐसे मामले दर्ज कराए हैं तो हमारे हाथ बंधे रहते हैं। सच जानते हुए भी वह कुछ कर नहीं सकती। दहेज प्रताड़ना और दुष्कर्म के मामलों में अक्सर पुरुषों की नौकरी तक चली जाती है। सताई गईं स्त्रियों को हर तरह से कानून और पुलिस की मदद मिलनी चाहिए, लेकिन बदले की भावना से किसी पर कोई भी आरोप लगा देना नितांत गलत है। कानून लोगों की मदद के लिए हैं, किसी को सताने के लिए नहीं। उनका दुरुपयोग रोका जाना चाहिए। अदालतें बार-बार इन बातों को दोहराती रहती हैं। स्त्रियों को इस बात को जरूर समझना चाहिए कि ऐसा करके वे स्त्रियों का ही नुकसान करती हैं। लोगों का उन पर से भरोसा उठता है और कानूनों की ताकत भी कम होती है। एक बार किसी पर छेड़खानी, दुष्कर्म के आरोप लगा दिए जाएं तो सारा जमाना उसे दोषी मान लेता है, चाहे बाद में आरोप झूठे ही साबित हों। आखिर सफाई भी किस-किस के सामने दी जा सकती है कि भाई हमने ऐसा कुछ नहीं किया। सफाई देने वाले को तो यह भी मान लिया जाता है कि जरूर इसने कुछ किया होगा, तभी सफाई देता फिर रहा है। यदि एनसीआरबी के आंकड़ों पर गौर करें तो हैरत होती है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

### वृष
किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी।

### मिथुन
सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है। समय का लाभ लें।

### कर्क
धन लक्ष्मी की प्राप्ति होगी। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें। विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें।

### सिंह
स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

### कन्या
कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। शत्रुओं का पराभव होगा।

### तुला
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### वृश्चिक
नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है।

### धनु
व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

### मकर
चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा।

### कुंभ
शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। चोट व रोग से कष्ट संभव है। प्रमाद न करें। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है।

### मीन
आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। थकान रह सकती है। जोखिम के कार्य टालें। यात्रा मनोरंजक रहेगी। जल्दबाजी न करें।

## शख्सियत

**बढ़ता राजस्थान**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस की आन बान और शान के रूप में जाने जाने वाले पुलिस के जाँबाज इंस्पेक्टर शीशराम मीणा जोकि आजकल स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप में तैनात हैं। इनका जन्म 20 जुलाई सन 1974 ग्राम पंचुखरकरा थाना पाटन जिला नीमकाथाना में हुआ। शिक्षा नीमकाथाना यूजी कोटपूतली पीजी इतिहास से कर 1 दिसम्बर सन 1999 को पुलिस बेड़े में शामिल शामिल हुए।

सब इंस्पेक्टर के रूप में आमेर जयपुर, ब्रह्मपुरी जयपुर, झोटवाड़ा जयपुर, विज्ञान नगर कोटा, बपावर कोटा, सांगोद कोटा रहे। इसके बाद पदौन्नत होकर पुलिस निरीक्षक बने और सबसे पहले हिंडोली बूंदी तैनात हुए। उसके बाद करणीविहार जयपुर, कोतवाल टोंक, भिवाड़ी थानाधिकारी भिवाड़ी फेस-3 थानाधिकारी, थानाधिकारी अरावली विहार अलवर, थानाधिकारी फागी जयपुर ग्रामीण, थानाधिकारी खेतड़ी झुंझुनू, थानाधिकारी नवलगृह झुंझुनू , थानाधिकारी बजाज नगर जयपुर, वर्तमान में एसओजी जयपुर में पुलिस निरीक्षक के पद को सुशोभित कर रहे हैं। दमदार शख्सियत के रूप में पूरे पुलिस महकमें में इन्हें जाना जाता है। अपने दम पर अपराधियों के छक्के छुडाने वाले दमदार पुलिस निरीक्षक हैं। अलवर पोस्टिंग के दौरान तथाकथित संत फलाहारी बाबा के यौन कांड़ में युवती की जीभ पर ऊ बनाए जाने और उसके साथ अनैतिक संबंध बनाए जाने के मामले का खुलासा कर पूरे राजस्थान में ये फेम हो गए।



शीशराम मीणा
( पुलिस निरीक्षक )

तत्कालीन पुलिस अधीक्षक राहुल प्रकाश के निर्देश पर बाबा को हॉस्पिटल से गिरफ्तार कर उसके असली ठिकाने पहुँचाने वाले थानाधिकारी के रूप में विख्यात हुए। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्वल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास

### 13 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- ऑस्ट्रिया के टायरॉल में 1916 में हिमस्खलन से 24 घंटे में 10,000 ऑस्ट्रियाई और इतालवी सैनिकों की मौत।
- नीदरलैंड के हेग में 1920 में लीग ऑफ नेशनस का अंतरराष्ट्रीय न्यायालय स्थापित।
- बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय का 1921 में उद्घाटन 'प्रिंस ऑफ वेल्स' ने किया था।
- चीन और जापान के बीच 1937 में हुए नानज़िंग के युद्ध में जापानियों की जीत हुई। इसके बाद लंबे समय तक नरसंहार और अत्याचार का दौर चला।
- भारत और सोवियत संघ ने 1955 में पंचशील प्रकाशन को स्वीकार किया।
- मंसूर अली ख़ान पटौदी ने 1961 में अपना टेस्ट मैच करियर दिल्ली में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू किया था।
- सन 1974 में माल्टा गणतंत्र बना।
- पोलैंड में 1981 में सेना द्वारा सत्ता पर कब्ज़ा।
- गृह मंत्री मुफ़्ती मोहम्मद सईद की बेटी को 1989 में आतंकवादियों के चंगुल से छुड़ाने के बदले पांच कश्मीरी आतंकवादियों को जेल से रिहा किया गया।
- कोफी अन्नान 1996 में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव चुने गए।
- महात्मा रामचन्द्र वीर को 1998 में कोलकाता के बड़ा बाज़ार लाइब्रेरी की ओर से भाई हनुमान प्रसाद पोद्दार राष्ट्र सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- दिल्ली स्थित भारतीय संसद पर 2001 में आतंकवादी हमला।
- इस्रायल ने 2001 में यासिर अराफात से सम्पर्क तोड़े।
- भूतपूर्व इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को 2003 में उनके गृह नगर टिगरीट के निकट गिरफ्तार कर लिया गया।
- यूरोपीय संघ का 2002 में विस्तार किया गया। साइप्रस, चेक गणराज्य, एस्टोनिया, हंगरी, लातविया,



लिथुआनिया, पोलैंड, स्लोवाकिया और स्लोवेनिया इसमें शामिल किए गए।
- इस्लामाबाद में भारत और पाकिस्तान के बीच 2004 में परमाणु और सर क्रीक पर वार्ता प्रारम्भ।
- भूतपूर्व चिलि तानाशाह जनरल अगस्टो पिनोसे 2004 में अपहरण और नरसंहार के 9 आरोप लगने के बाद घर में नजरबंद कर दिए गए।
- 50वें सदस्य के रूप में 2006 में वियतनाम को शामिल करने हेतु विश्व व्यापार संगठन द्वारा अधिसूचना जारी।
- श्रीलंका सेना व लिट्टे के मध्य 2007 में हुए संघर्ष में 17 लिट्टे उग्रवादी मारे गये।
- जम्मू-कश्मीर के पाँचवें चरण के लिए 2008 में 11 विधानसभा क्षेत्रों में 57% मतदान हुआ।

### 13 दिसंबर को जन्मे व्यक्ति

- हिन्दी में मनोवैज्ञानिक उपन्यासों के आरम्भकर्ता इलाचन्द्र जोशी का जन्म 1903 में हुआ।
- भारत के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री लक्ष्मी चंद्र जैन का जन्म 1925 में हुआ।

## विशेष आलेख

# कल अतीत है, कल भविष्य है लेकिन आज एक उपहार है



किसी कवि ने समय के बारे में क्या खूब कहा है -'समय-समय की वार्ता, समय-समय का फेर। समय लगा दे ठाठ-बाट, जाते न लागे देर।' इसलिए जीवन में मनुष्य को यह चाहिए कि वह सदैव समय की कद्र करे। मनुष्य जीवन में समय का बहुत बड़ा महत्व है। रविन्द्र नाथ टैगोर जी ने समय के बारे में कहा है कि -' तितली महीनों को नहीं बल्कि क्षणों को गिनती है और उसके पास पर्याप्त समय होता है।' समय के महत्व को लेकर ही कहा गया है - 'आछे दिन पाछे गए, हरि से किया न हेत।अब पछताए होत क्या, चिड़िया चुग गयी खेत।।' कहना ग़लत नहीं होगा कि समय मनुष्य जीवन का सबसे अनमोल और बेहतरीन उपहार है। समय से बलवान कोई नहीं , परंतु यह जानते हुए भी हम इसे बर्बाद करते रहते हैं। हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि इस जीव-जगत में सबकुछ समय पर निर्भर करता है। हम चाहें यह बात मानें या नहीं मानें, लेकिन समय से पहले कुछ भी नहीं होता। यदि मनुष्य के पास समय नहीं तो उसके पास कुछ भी नहीं है। वैसे ईश्वर ने सबको समान समय दिया है। आदमी को कुछ कर गुजरने के लिए समय को निकालना पड़ता है। जीतने वाले, आगे बढ़ने वालों के पास, सफलता प्राप्त करने वालों के पास कोई अलग से समय नहीं होता है। सभी के पास चौबीस घंटों का समय होता है, अब यह मनुष्य पर निर्भर करता है कि वह अपने समय का मैनेजमेंट कैसे, कब, कहां और क्यों करता है ? हमें यह चाहिए कि हम समय का मैनेजमेंट करें, क्यों कि समय की बर्बादी हमारे भविष्य को बर्बाद कर देती है। जोएल ओस्टीन कहते हैं जीवन उड़ता जा रहा है। आपके पास नकारात्मक, नाराज़ या कड़वा होने में एक मिनट भी बर्बाद करने का समय नहीं है। अगर किसी ने आपके साथ गलत किया है, तो उसे भूल जाएँ और आगे बढ़ें। समय प्रबंधन हमें अनुशासन और धैर्य सिखाता है। यह हमें सिखाता है कि किस प्रकार अपने कार्यों को प्राथमिकता देकर हम अपने जीवन को सुव्यवस्थित और सुंदर बना सकते हैं। समय का सही उपयोग व्यक्ति को जीवन में सफल बनाता है। इसलिए वास्तव में हमें यह चाहिए कि हम समय के साथ हर पल संवाद करें। यानी कि हमें हर पल-हर क्षण को पूरी जागरूकता के साथ जीना चाहिए, क्योंकि जब हम जागरूक होते हैं, तो समय की कीमत को बेहतर समझते हैं।चार्ल्स बक्सटन कहते हैंआपको कभी भी किसी भी चीज़ के लिए समय नहीं मिलेगा। अगर आपको समय चाहिए तो आपको इसे बनाना होगा। यह समय ही है जो हमें धन, समृद्धि और खुशी प्रदान करता है। सबकुछ समय के हाथों में है। एकबार जब समय निकल जाता है तो लौटकर वापस नहीं आता। समय अनवरत चलता ही रहता है और कभी रूकता नहीं है। इसलिए हमें यह चाहिए कि हम हमेशा समय के प्रति जागरूक और सचेत रहें। यदि हम समय के प्रति जागरूक हैं तो इसका मतलब यह है कि हम अपने जीवन के प्रति भी जागरूक हैं। हमें यह चाहिए कि हम कभी भी अपने समय को जाया या व्यर्थ न करें। समय की महत्ता कितनी है, यह हम इन बातों से सहज ही समझ सकते हैं जैसे कि एक साल की कीमत उस विद्यार्थी से पूछिए जो कि एक्जाम में फेल हो गया है। इसी तरह से 1 महीने की कीमत उससे पूछिए जिसे पिछले महीने की सैलरी ना मिली हो। इसी प्रकार से एक हफ्ते की कीमत हास्पीटल में दिन बिताने वाले से, एक दिन की कीमत सारा दिन भूखा रहने वाले से, एक घंटे की कीमत किसी का इंतजार करने वाले से, एक मिनट की कीमत ट्रेन मिस हो जाने वाले व्यक्ति से तथा एक सैंकड की कीमत ओलंपिक में मेडल जीतने वाले से पूछनी चाहिए, जिसने कि मात्र एक सैंकड के लिए मेडल को खो दिया। समय को काल भी कहा गया है। संस्कृत में क्या खूब कहा गया है कि काल: पचति भूतानि काल: संहरते प्रजा:। काल: सुप्तेषु जागर्ति कालो हि दुरतिक्रम:।। अर्थात तात्पर्य यह है किकाल सभी जीवो को निपुणता प्रदान करता है। वही सभी जीवो का संहार भी करता है। वह जागता रहता है जब सब सो जाते है। काल को कोई जीत नहीं सकता। बहरहाल, समय के बारे में हमें यह भी अपने जेहन में रखना चाहिए कि समय कभी भी एकसा नहीं रहता है। यह सदैव बदलता रहता है। कभी अच्छा तो कभी खराब। इसलिए खराब समय में दुखी नहीं होना चाहिए और अच्छे समय में बहुत अधिक खुश होने की जरूरत नहीं है। बस समय के साथ सहजता से चलते रहना चाहिए। एक बात यहां पाठकों को कहना चाहूंगा कि हम अक्सर मुश्किल समय में खुद को सांत्वना देने के लिए यह कहते हुए सुनते हैं कि यह भी बीत जाएगा, लेकिन हम अक्सर यह भूल जाते हैं कि यही वो पल होते हैं( यही वह समय होता है) जब हम सच में जीवन में आगे बढ़ते हैं, मजबूत होते हैं और विकसित होते हैं। समय के बारे में टिमोथी फेरिस कहते हैंकिसी दिन एक बीमारी है जो आपके सपनों को आपके साथ कब्र में ले जाएगी।इस संसार में सबकुछ समय के अनुसार बदलता है क्योंकि, समय से कुछ भी स्वतंत्र नहीं है।हमें समय के महत्व को समझ कर उसका रचनात्मक ढंग से प्रयोग करना चाहिए, ताकि समय हमें समृद्ध, हमारे जीवन को खुशहाल करें। समय हमारे जीवन का सबसे मूल्यवान संसाधन, जिसे न तो संचित किया जा सकता है और न ही पुन: प्राप्त किया जा सकता है। हमें यह याद रखना चाहिए कि समय का सदुपयोग सफलता की कुंजी है, जबकि इसका दुरुपयोग असफलता और पछतावे का कारण बनता है। समय का सही सदुपयोग हमें हमारे लक्ष्यों व मंजिल तक पहुंचाता है। बिल कीन कहते हैं कि कल अतीत है, कल भविष्य है, लेकिन आज एक उपहार है। इसीलिए इसे वर्तमान कहा जाता है।कहना गलत नहीं होगा कि समय का सही प्रबंधन ही जीवन का सही मार्गदर्शन है।जॉर्ज हर्बर्ट समय के बारे में क्या खूब कहते हैं इंतजार मत करो; समय कभी भी बिल्कुल सही नहीं होगा। आप जहां खड़े हैं, वहीं से शुरू करें और अपने पास मौजूद किसी भी साधन के साथ काम करें, और जैसे-जैसे आप आगे बढ़ेंगे, बेहतर साधन मिलते जाएंगे। अंत में, यही कहूंगा कि हमें समय का हमेशा सम्मान करना चाहिए, क्यों कि समय ही जीवन की सच्ची पूंजी है। फ्रैंकलिन फील्ड ने क्या खूब कहा है कि सफलता और असफलता के बीच की महान विभाजक रेखा को पाँच शब्दों में व्यक्त किया जा सकता है 'मेरे पास समय नहीं था।'

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# राज्य सरकार की वर्षगांठ के तहत रन फॉर विकसित राजस्थान का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को रन फॉर विकसित राजस्थान 2024 का आयोजन हुआ। रन विवेकानंद सर्किल, गांधी खेल मैदान से शुरू होकर रोडवेज डीपो चौराहा, नेहरू पार्क होते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोठी नातमाम पहुंची। इसे देवली-उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा, जिला परिवहन अधिकारी संपतराम वर्मा समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान विकसित भारत विकसित राजस्थान के संकल्प से युवाओं में उत्साह नजर आया। रन में पीआरओ अपूर्व शर्मा, जनसम्पर्क कर्मी रिजवान अनीस, जिला युवा अधिकारी हितेश कुमार, सीडीईओ सुशीला करनानी, डीईओ मीना लसारिया, एडीईओ चौथमल चौधरी, महिला एवं बाल विकास के पवन कुमार शर्मा, महिला पर्यवेक्षक शगुफ्ता खान, स्काउट गाइड के सीओ गिरिराज गर्ग एवं एनसीसी के लेफ्टिनेंट मोहम्मद बाकिर हुसैन समेत एनसीसी, एनएसएस, रोवर स्काउट, रेंजर गाइड, पुलिस, आरएसी, होमगार्ड, खिलाड़ी, विभिन्न राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों के विद्यार्थी, स्वयं सहायता समूह, राजकीय अधिकारी एवं कर्मचारी तथा शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए।



## चर्चित वीकेश हत्याकांड के दोषी प्रेमराज व भगवान सिंह को आजीवन कारावास

### 65 हजार का अर्थदंड भी लगाया
### चार जने संदेह के लाभ में बरी

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** विशिष्ट अनुसूचित जाति-जनजाति न्यायालय, सवाईमाधोपुर ने पीलोदा थाना क्षेत्र के छोटी उदेई गांव के चर्चित वीकेश हत्याकांड मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 65 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है। मामले में चार जनों को न्यायालय ने संदेह का लाभ देकर दोषमुक्त किया है। न्यायालय ने मामले में आरोपी प्रेमराज निवासी छोटी उदेई एवं भगवान सिंह उर्फ नागराज निवासी सेवा को आजीवन कारावास एवं 65 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है।

**यह था मामला :** अधिवक्ता नेत्रविंदसिंह जादौन ने बताया कि परिवादिया हेमा ने 17 नवबर 2020 को पीलोदा थाने में रिपार्ट दी थी। इसमें बताया कि 16 नवबर 2020 को सुबह उसके पिता रामराज के व्हाट्सएप पर प्रेमराज व नागराज ने परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। इससे भयभीत होकर रामराज, मनीराज व इन्द्रराज तीनों सुबह नौ बजे पीलोदा थाने पर पहुंचे। दो घंटे बाद उनके गांव के ही राजकुमार, राधेश्याम, योगेश, वीरम घर पर रैकी करने पहुंचे थे। यहां उसकी चाची को देखकर गाली-गलौच करते हुए पुलिया की ओर चले गए थे। दो घंटे बाद नागराज सेवा वाला, प्रेमराज व छोटू मोटरसाइकिल पर आए। उनके साथ राजकुमार, राधेश्याम पुत्र चिरंजी, राधेश्याम पुत्र रामजीलाल, भीम, योगेन्द्र, वीरम, उदयसिंह, रूपसिंह व रजनीश भी आए। उनके घर में प्रेमराज व नागराज हाथों में बंदूक लेकर जैसे ही पहुंचे तो उसकी चचेरी बहन मधु व वीकेश छत पर सीढ़ियों पर छिप गए और इन लोगों ने चाची गुड्डी की ओर बंदूक तानकर गाली-गलौच की। उनके छत पर होने का पता चलने पर प्रेमराज ने गोली चलाई तो उसके भाई वीकेश के सिर पर लगी। वीकेश वहीं लहुलुहान होकर सीढियों से गिर गया। इसके बाद पीड़ित ने हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कराया। एससी-एसटी न्यायालय ने मामले में प्रेमराज निवासी छोटी उदेई एवं भगवान सिंह उर्फ नागराज निवासी सेवा को धारा 302/34 में आजीवन कारावास एवं 50 हजार रुपए अर्थदंड, धारा 450/34 में 5 वर्ष का कठोर कारवास एवं 10 हजार रुपए के अर्थदंड एवं धारा 3/25 में दो वर्ष का कठोर कारवास एवं 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## 79 विद्यार्थियों को कौशल किट वितरित



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा के 79 विद्यार्थियों को कौशल किट वितरित किए गए। गुरूवार को विद्यालय में सादे समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन मौजुद रहे। जैन ने विद्यार्थियों को सरकार को ओर से मिले कौशल किट का उपयोग अपने शिक्षण कार्य में कर शिक्षा के माध्यम से विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ते रहे। समारोह के दौरान 79 बालिकाओ को साईकिले सहित आवश्यक कौशल किट वितरित किए गए। समारोह में साईकिल प्रभारी रमेश गिराड़, कौशल मित्र कानाराम जाट, दीपक गुप्ता, राजेन्द्र शर्मा, गिरधर शर्मा, जीतराम चौधरी सहित विद्यालय के विद्यार्थी मौजुद रहे। अंत में प्राचार्य अल्का पारीक ने सभी का आभार प्रकट किया।

## लाउड स्पीकर पर तेज आवाज में गाने बजते हुए वाहन चलाते दो गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी ( अब्दुल माहिर )।** उदेई मोड़ थाना पुलिस ने वाहन चलाते समय लाउड स्पीकार पर तेज आवाज में गाने बजाने पर दो लोगों को गिरफ्तार कर ध्वनिप्रदूषण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी रिंकु (25) पुत्र मानसिंह सैनी निवासी कैलाई थाना सिकंदरा जिला दौसा व अरमान (26) पुत्र नफीस खान निवासी शेड रोड मिर्जापुर गंगापुरसिटी है। थानाधिकारी नरेश पोसवाल ने बताया कि हेड कांस्टेबल विजय सिंह ने नादौती रोड व थानसिंह ने राजकीय महाविद्यालय गंगापुरसिटी के सामने वाहन चलाते समय तेज आवाज में लाउड स्पीकर पर गाने बजाने पर कार्रवाई की। इस दौरान वाहनों में लगे लाउड स्पीकर व मशीन जब्त की गई।

## धूम्रपान निषेध अधिनियम के तहत एक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी ( अब्दुल माहिर )।** उदेई मोड़ थाना पुलिस ने निजी अस्पताल के पास पचास मीटर के दायरे में धूम्रपान सामग्री बेचने के आरोप में एक जने को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी महेन्द्र (23) पुत्र सीताराम मीना निवासी जीरौता थाना सपोटरा के खिलाफ राजस्थान धुम्रपान प्रतिषेध अधिनयम अधूम्रपानी व्यक्तियों के स्वास्थ्य अधिनियम 2000 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। थानाधिकारी नरेश पोसवाल ने बताया कि उक्त आरोपी हिंडौन रोड स्थित एक निजी चिकित्सालय के सामने पचास मीटर के दायरे में धूम्रपान सामग्री रखकर बेच रहा था। आरोपी से बीड़ी, सिग्रेट, तंबाकु आदि धूम्रपान सामग्री भी जब्त की है।

## जेसीबी से गैस की पाइप लाइन टूटी, लीकेज से मचा हड़कंप

### पानी की पाइप लाइन डालने के लिए चल रही थी खुदाई, कम्पनी अधिकारियों ने मौके पर पहुंच गैस लीकेज को किया बंद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** पानी की पाइप लाइन डालने के लिए चल रही खुदाई के दौरान गुरुवार दोपहर में जेसीबी से गैस पाइप लाइन टूट गई। गैस के लीकेज से मौके पर हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी गैस कम्पनी को दी। सूचना पर अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और गैस की लीकेज को बंद किया। तब जाकर प्रशासन और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। घटना करधनी थाना इलाके में शेखावत मार्ग की है। पुलिस के अनुसार कालवाड़ रोड शेखावत मार्ग पर पीने के पानी के लिए पाइप लाइन डालने का काम चल रहा है। खुदाई करने के दौरान वहां से गुजर रही टोरंटों कम्पनी की गैंस लाइन में छेद हो गया। इससे गैस का लीकेज शुरू हो गया।

### 60 वर्षो का लंबा इंतजार होगा खत्म, अमीरपुर खेडा के निवासियों को मिलेगा अपने मकानों का पट्टा

## जनसुनवाई में आए परिवादियों की समस्याओं का निस्तारण कर उन्हें तत्काल राहत दें : हुक्मीचंद रोहलानिया

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (का.स.)।** उपखंड अधिकारी टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी अधिकारी एवं कार्मिक परिवादियों की समस्याओं का गंभीरता एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने बताया कि माह के हर द्वितीय गुरुवार को उपखंड स्तर पर अटल जन सेवा शिविर एवं जनसुनवाई का आयोजन कर आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है। उन्होंने गुरुवार को उपखंड टोंक के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में उपखंड स्तरीय अटल जन सेवा शिविर एवं जनसुनवाई में परिवादियों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर परिवादियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं से रूबरू होकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिविर में आए प्रकरणों को संपर्क पोर्टल पर दर्ज करें। अटल जन सेवा शिविर में जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत के छान सरपंच भंवरलाल बैरवा ने ग्राम अमीरपुर खेड़ा में बैरवा बस्ती में आबादी विस्तार करने का प्रार्थना पत्र दिया। सरपंच ने अवगत कराया कि ग्राम अमीरपुरखेडा में बैरवा बस्ती में 60 साल पहले से मकान बने हुए है, जो आज भी आबादी भूमि में नहीं है। एसडीएम ने प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई करते हुए राजस्व शाखा से संपर्क कर जिला कलेक्टर के निर्देश पर आबादी विस्तार से संबंधित आदेश जारी कर प्रार्थी सरपंच एवं बैरवा बस्ती में 60 वर्ष से निवासरत ग्राम वासियों को तत्काल राहत प्रदान की। 60 वर्षो के लंबे इंतजार के बाद अपनी समस्या का तत्काल समाधान होने पर प्रार्थी सरपंच एवं समस्त ग्राम वासियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। ग्रामवासियों ने अटल जन सेवा शिविर को वरदान बताते हुए जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा एवं उपखंड अधिकारी टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया का आभार प्रकट करते हुए शिविर की व्यवस्था पर संतोष प्रकट किया।

जनसुनवाई में तहसीलदार टोंक मानवेंद्र जयसवाल, उपखंड अधिकारी के निजी सहायक मनजीत वर्मा, नगर परिषद आयुक्त ममता नागर, पंचायत समिति टोंक के अतिरिक्त विकास अधिकारी छोटूलाल जाट, समेत समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लेपर्ड ने घर में घुस किया गाय का शिकार

## पांवडेरा रेलवे फाटक के पास एक कच्चे मकान में घुसा, ग्रामीणों में डर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/चौथ का बरवाड़ा ( राकेश शर्मा )।** चौथ का बरवाड़ा क्षेत्र के पांवडेरा रेलवे फाटक के पास लगातार लेपर्ड का मूवमेंट बना हुआ है। लेपर्ड ने बुधवार रात को रेलवे ट्रैक के पास बने एक कच्चे मकान के अंदर घुसकर गाय को अपना शिकार बनाया। घटना के बाद से लोगों में दहशत है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने लेपर्ड के पैरों के निशान को ट्रेस किया। इसके साथ ही लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया है।

वनविभाग के अनुसार कालूराम गुर्जर के घर के पीछे बाड़े में गाय बंधी हुई थी। इस दौरान लेपर्ड यहां घर के अंदर घुस गया और गाय का शिकार किया। लोगों को जब आहट हुई तो उन्होंने चिल्लाना शुरू किया। इसके बाद लेपर्ड वहां से दीवार फांदकर जंगल में चला गया। इस दौरान वन विभाग के कर्मचारी सुनील चौधरी वनरक्षक एवं पदम गुर्जर, विमल मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। साथ ही पीड़ित को मृत गाय का



पोस्टमार्टम करवा कर रिपोर्ट वन विभाग को भेजने के निर्देश दिए। दूसरी ओर लगातार लेपर्ड के मूवमेंट से आम लोगों के साथ-साथ रेलवे कर्मचारी भी दहशत में हैं। लोगों ने वन विभाग से जंगल की लगी सीमा की दीवारें ऊंची किए जाने का आग्रह किया है।

**कई दिनों से लेपर्ड का मूवमेंट :** पांवड़ेरा रेलवे फाटक गेट संया 17 तक पिछले कई दिनों से लगातार लेपर्ड का मूवमेंट देखने को मिल रहा है। इसके चलते लोगों में दहशत बनी हुई है। साथ ही रात्रि को पेट्रोलिंग करने वाले रेलवे कर्मचारी भी दहशत के साए में पेट्रोलिंग करने को मजबूर हैं।

## दस्तावेज बनवाने के लिए आयोजित विशेष शिविर में उमड़े लोग

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** पंचायत समिति सभागार में सरकार के निर्देशानुसार घुमन्तु समुदाय के दस्तावेज बनाने के लिए आयोजित विशेष शिविर में भारी संख्या में लोग उमड़े।




गुरूवार को एडीएम विनोद कुमार मीणा व उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता बिभाग की ओर से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मालपुरा क्षैत्र के घुमन्तु जाति के लोगो के आवश्यक दस्तावेज बनाने का कार्य हुआ। शिविर में घमन्तु समुदाय के लोग मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, घमन्तु जाति पहचान पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज बनाने के लिए आवश्यक कागज प्राप्त किए गए। घमन्तु जाति के लोगो को राहत देने के लिए दस्तावेज बनाने वाले सभी विभागो के अधिकारी कर्मचारी मौजुद रहे। इस दौरान घमन्तु जाति के लोगो को सरकार द्वारा इन समुदाय के कल्याण एवं विकास के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी देकर इनसे लाभान्वित होने के बारे में भी जानकारी दी गई। घमन्तु जाति के लोगो को बताया गया कि सरकार इस समुदाय के लोगो के विकास के लिए कई योजनाऐं संचालित कर रखी है। साथ ही समुदाय के लोगो को स्थाई रूप से पुर्नवास कर स्थाई रोजगार के साधन उपलब्ध करवाने का प्रयास भी रही है। सरकार चाहती है कि प्रदेश के घमन्तु जाति के लोग स्वयं व प्रदेश के विकास की मुख्य धारा में शामिल होवें। इस समुदाय के बच्चो को शिक्षित करने के लिए भी अनेक योजनाऐं संचालित है। इन सभी योजनाओं का पूर्ण लाभ लेवें। शिविर के बारे में बताया गया कि घमन्तु समुदाय के लोगो को एक ही छत के नीचे सभी आवश्यक दस्तावेज बनाने के लिए इस प्रकार के शिविरो का आयोजन किया गया है। शिविर में तहसीलदार पवन कुमार, खंड मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव चौधरी, सीबीईओ मंजू मीणा , चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. केलाश सामरिया सहित अन्य सभी विभागो के अधिकारी कर्मचारी मौजुद रहे। शिविर के दौरान आम जन की ओर से प्राप्त परिवेदनाओं को सम्बन्धित विभागो के पास भिजवाई जाकर निर्धारित समय सीमा में निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किए गए।

## ऊंट पालक उष्ट्र रोग निदान शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं : डॉ. छोटू लाल बैरवा

### राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उष्ट्र रोग निदान शिविर आज

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (का.स.)।** राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पशुपालन विभाग द्वारा शुक्रवार, 13 दिसंबर को बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय धन्ना तलाई टोंक में एक दिवसीय उष्ट्र रोग निदान शिविर आयोजित किया जाएगा। विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटूलाल बैरवा ने बताया कि ऊष्ट्र रोग निदान शिविर में उपनिदेशक एवं शिविर प्रभारी डॉ. दिलीप गिदवानी की टीम द्वारा ऊंटों का नि:शुल्क उपचार किया जाएगा। संयुक्त निदेशक ने बताया कि ऊष्ट्र रोग निदान शिविर में सर्रा रोग, खुर्रा, टीबी, कैमल पॉक्स, ऊंट का पागल होना, पाम का टीका, ऊंटों के पेट के कीड़ों का इलाज व ऊंटों में विभिन्न चर्म रोगों का इलाज किया जाएगा। संयुक्त निदेशक डॉ. बैरवा ने ऊंट पालकों से इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने को कहा है।

## शाम ढलते ही शुरू हो जाता है बनास नदी से अवैध बजरी निकासी का खेल

### तुम डाल-डाल, हम पात-पात, थानाधिकारी नहीं रोक पा रहे बजरी का अवैध परिवहन

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** जिले में बजरी माफिया व पुलिस के बीच ' तुम डाल डाल हम पात- पात का खेल' चल रहा है। स्थिति यह है कि पुलिस की तैयारी की भनक वहां पहले ही बजरी माफिया को लग जाती है। यही वजह है कि खण्डार उपखंड क्षेत्र में अवैध बजरी खनन व परिवहन पर रोक के बावजूद दिन रात अवैध बजरी निकासी का खुलेआम खेल चल रहा है। इस अवैध खेल के तार कथित तौर पर सिस्टम से जुड़े होने के चलते खंडार थानाधिकारी भी बेबस नजर आते हैं और उन्होंने खुद स्वीकारा है कि ड्यूटी अधिकारी बजरी के अवैध परिवहन को लेकर कार्रवाई नहीं करते। उन्होंने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखने की बात कही है। बता दें कि खण्डार थाना इलाके के पादड़ा, बड़ौद, अनियाला, पादड़ी स्थित बनास नदी के घाटों पर शाम



ढलने के बाद अवैध बजरी निकासी का खेल शुरू हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि बनास नदी में रातभर बजरी भरने के लिए लोडर, जेसीबी, व ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का शोरगुल सुनाई देता है और अंधेरे में सड़कों पर अवैध बजरी से भरे वाहन रतार भरते नजर आते हैं। लेकिन क्षेत्रीय प्रशासन और माइनिंग विभाग इन्हें रोकने की हिमत तक नहीं करता।

**थाने व चौकियों के सामने से निकलते हैं वाहन :** ग्रामीणों का आरोप है कि खण्डार थाना इलाके में थाने से चंद दूरी पर शुक्ला तिराहा, नायपुर रोड, रामेश्वरधाम तिराहा बजरी की ट्रोलियां निकलती है, पुलिसकर्मी अंजान बने रहते हैं।

### जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग का निर्णय

## बीमा कंपनी ब्याज सहित उपचार में खर्च राशि का करे भुगतान 15 हजार रुपए मानसिक क्षतिपूर्ति के देने के भी आदेश

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी ( अब्दुल माहिर )।** करौली जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग ने नाम में मामूली त्रुटि का बहाना बनाकर एक बीमा कंपनी द्वारा बीमित महिला के उपचार में खर्च हुई राशि का भुगतान नहीं करने को बीमा कंपनी का सेवा दोष माना है। आयोग ने गुरुवार को सुनाए निर्णय में बीमा कंपनी को 9 प्रतिशत ब्याज सहित उपचार में खर्च राशि का भुगतान करने और 15 हजार रुपए मानसिक क्षतिपूर्ति तथा परिवाद व्यय बतौर चुकाने के आदेश दिए हैं। करौली में विवेक विहार कॉलोनी निवासी अनीष कुमार की पत्नी श्रीजा एस नायर ने अपने वकील पंकज शर्मा के जरिए से आयोग के समक्ष एक परिवाद 10 अगस्त 2023 को पेश किया था। इसमें बताया गया कि नायर के परिवार ने एक बीमा कंपनी से 5 लाख रुपए तक के उपचार का हैल्थ बीमा एक वर्ष की अवधि के लिए 3 फरवरी 22 को कराया था। बीमा अवधि के दौरान श्रीजा एस नायर की तबीयत खराब होने पर जयपुर के एक निजी चिकित्सालय में उसका उपचार कराया गया। उपचार में खर्च राशि का भुगतान पाने के लिए नायर ने बीमा कंपनी के समक्ष क्लेम प्रस्तुत किया तो बीमा कंपनी ने क्लेम को नाम में त्रुटि होने का तर्क देते हुए खारिज कर दिया। कंपनी की ओर से बताया गया कि बीमा पॉलिसी में बीमित का नाम श्रीजा एस नायर अंकित है जबकि उपचार की पर्ची-बिल में यह नाम श्रीजा नायर है। बीमा कंपनी ने क्लेम करने वाले महिला के पति के नाम में अनीष नायर व अनीष कुमार की विसंगति भी क्लेम खारिज करने के दौरान उल्लेखित की। नाम की विसंगति के कारण मेडिकल क्लेम को खारिज करने से परेशान श्रीजा नायर ने उपभोक्ता आयोग के समक्ष परिवाद पेश किया था। मामले में दोनों पक्षों की बहस सुनने व साक्ष्य-सबूतों का विश्लेषण करने के बाद आयोग के अध्यक्ष देवकरण गुर्जर, सदस्य सुरेन्द्र चतुर्वेदी व सदस्या चंदा देवी ने माना कि बीमित महिला सदस्या व उपचार कराने वाली महिला एक ही है। बीमा कंपनी ने ऐसा ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है जिस कारण यह माना जा सके कि किसी अन्य महिला के उपचार में व्यय राशि का क्लेम पेश किया गया है।मामले में उपभोक्ता हित के मद्देनजर आयोग ने बीमा कंपनी को उपचार में खर्च हुई राशि 67 हजार 800 रुपए का भुगतान परिवाद प्रस्तुत करने की तिथि से 9 प्रतिशत ब्याज सहित 2 माह में करने और पीड़िता को मानसिक क्षतिपूर्ति बतौर 15 हजार रुपए व परिवाद व्यय बतौर 10 हजार रुपए चुकाने के आदेश दिए हैं।

## वन कर्मियों से मारपीट कर ट्रैक्टर ट्रॉली छीनने का मामला : दो आरोपी गिरफ्तार, वांछित ट्रैक्टर ट्रॉली भी की जब्त

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी ( अब्दुल माहिर )।** जिले के नादौती थाना इलाके में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई के दौरान वनकर्मियों से मारपीट कर जब्तशुदा ट्रैक्टर ट्रॉली छीनकर ले जाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी नरेश (51) पुत्र मदनलल मीना व रिंकु (30) ख्याली लाल मीना निवासी गैरोटा थाना मेहंदीपुर बालाजी है। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वांछित ट्रैक्टर ट्रॉली भी बरामद किया है। थानाधिकारी नादौती महेन्द्र सिंह ने बताया कि 14 अप्रैल को वन विभाग की टीम अवैध खनन पर कार्रवई करने आई थी। अवैध खनन के उपयोग में लिया गया ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर संबंधित नाका पर ले जा रहे थे। इतने में उक्त दौनो आरोपी आए और वन कर्मियों से मारपीट कर जब्तशुदा ट्रैक्टर ट्रॉली छीन कर ले गए थे। इस संबंध में वन पाल नाका बालाजी राधेश्सम कसाना ने थाने में तहरीर देकर उक्त आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस संबंध में एएसआई चंद्र हुसैन को जांच सौंपी गई थी।

## जिला विकास प्रदर्शनी, पंच गौरव का हुआ भव्य शुभारम्भ

# जिला विकास पुस्तिका' का हुआ विमोचन एवं प्रेसवार्ता में विस्तार से बताई गई राज्य सरकार की उपलब्धियां

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरूवार को सूचना केन्द्र (पीआरओ ऑफिस) में जिला विकास प्रदर्शनी व पंच गौरव का शुभारम्भ रामगढ विधायक सुखवन्त सिंह, जिले के प्रभारी सचिव एवं प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन विभाग वैभव गालरिया, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पूर्व विधायक जयराम जाटव, जिला अध्यक्ष श्री अशोक गुप्ता सहित प्रबुद्ध व्यक्तियों एवं जनप्रतिनिधिगणों ने फीता काटकर किया तथा जिला विकास पुस्तिका, पंच गौरव के तहत चयनित व्यक्तियों को सम्मानित किया तथा प्रेसवार्ता में राज्य सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अतिथियों ने विकास प्रदर्शनी एवं पंच गौरव प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में विगत एक वर्ष में विभिन्न विभागों द्वारा फ्लैगशिप तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों एवं नवाचारों को प्रदर्शित किया गया है।



### प्रेस वार्ता का हुआ आयोजन

रामगढ़ विधायक सुखन्त सिंह ने राज्य सरकार के एक वर्ष के सफलतम कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन 'विकसित भारत 2047' की परिकल्पना को साकार करते हुए प्रदेश के ऊर्जावान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार राजस्थान के चहुंमुखी विकास के संकल्प को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि विगत एक वर्ष में सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य किए गए है। राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा 2024-25 में की गई अधिकांशत: घोषणाएं क्रियान्वित की जा चुकी है। जिले के प्रभारी सचिव एवं प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन विभाग वैभव गालरिया ने राज्य सरकार की योजनाओं व विकास कार्यों की जानकारी दी ।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कहा कि राज्य सरकार की बजट घोषणाओं एवं विकास कार्यों के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही है।

उन्होंने राज्य सरकार की बजट घोषणा के क्रियान्वयन एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सहायक निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि जिला विकास पुस्तिका व प्रदर्शनी में राज्य सरकार के एक साल में किए गए विकास कार्यों तथा विभागों की उपलब्धियों को फ्लेगशीटों के माध्यम से प्रदखशत किया गया है तथा एक जिला-एक उत्पाद के रूप में अलवर के पंच गौरव सरिस्का अभयारण्य, अर्जुन वृक्ष, कुश्ती, प्याज व ऑटो कम्पोनेंट को भी प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शाया गया है जिसका अतिथियों द्वारा अवलोकन कर सराहना की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षाविद् दिनेश शर्मा ने किया।

इस अवसर पर एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एडीएम शहर बीना महावर, यूआईटी सचिव सुश्री धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री सोनू कुमारी, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह तथा बन्नाराम मीणा, शशि तिवाडी, मीना सैनी, शीला जांगिड, जितेन्द्र राठौड, सुनील चौधरी सहित जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्ध व्यक्ति एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### विकास प्रदर्शनी में पंच गौरव व सेल्फी पॉइंट रहा आकर्षण का केंद्र

जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी में जिले के पंच गौरव की स्टॉल लगाई गई जिसमें एक जिला एक खेल के तहत अलवर जिले के लिए चयनित खेल कुश्ती की स्टॉल पर युवा पहलवानों द्वारा कुश्ती का लाइव डेमो दिखाया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा। इसी प्रकार एक जिला एक उत्पाद के तहत ऑटो कम्पोनेंट की स्टॉल लगाई गई जिसमें जिले के ऑटो कम्पोनेंट उत्पादों की जानकारी दी।

### इन्हें किया गया सम्मानित

जिले के पंच गौरव के तहत चयनित उत्पादों एवं उपज के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 5 व्यक्तियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य संरक्षक अखिल भारतीय पर्यावरण एवं गोसंवर्धन मंच से महन्त श्रीश्री 108 श्री गंगादास वेदाती जी महाराज, पर्यटक गाइड श्री निरंजन सिंह राजपूत, ड्रीप द्वारा खेती करने पर श्री अयूब खां, हैवी इंजीनियर्स कम्पोनेंट के लिए श्री राहुल गुप्ता एवं कुश्ती के लिए जिला केसरी अवार्ड से सम्मानित श्री लड्डू को सम्मानित किया गया।



# पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महाराज सर में किया कौशल विकास किट वितरण

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (नि.स.)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महाराजसर सेवर भरतपुर में भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरधारी लाल गुप्ता एवं एडीपीसी समसा अनित कुमार शर्मा की अध्यक्षता में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कौशल विकास किट का वितरण किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीमती संगीता फौजदार समसा एपीसी अशोक गुप्ता अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी संभाग मुख्यालय विशाल चौधरी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश सिंघल मौजूद रहे/ कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना से की गई समस्त अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान करते हुए प्रधानाचार्य हेमचंद गोयल द्वारा विद्यालय विकास एवं परीक्षा परिणाम पर प्रकाश डालते हुए पीएम श्री विद्यालय की विशेषताओं को बताया गया एवं स्थानीय 10 बीघा खेल मैदान पर मिनी स्टेडियम बनवाने हेतु अतिथियों द्वारा अपनी बात केंद्र एवं राज्य सरकार तक पहुंचाने हेतु अनुरोध किया गया समस्त जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज सभी को सरकारी नौकरी तो शायद ही मिल सके लेकिन हाथ का हुनर आपके काम अवश्य आएगा अत: आप मन लगाकर इन किटों का उपयोग करें एवं उनसे हुनर प्राप्त करें । इस अवसर पर एसडीएमसी सदस्य राजपाल मीना मदन मोहन मीणा द्वारका प्रसाद मीणा अभिभावक स्टाफ एवं छात्र मौजूद रहे उप प्रधानाचार्य श्रीमती अनीता सक्सेना द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। संचालन विजयपाल चौधरी व्याख्याता द्वारा किया गया।

# राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल की उपलब्धि ट्रॉमेटिक मोतियाबिंद का पहली बार सफल ऑपरेशन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जयपुर-दिल्ली राजमार्ग स्थित राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में प्रथम बार ट्रॉमेटिक मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किये जाने की उपलब्धि अस्पताल के चिकित्सकों ने हांसिल की। नेत्र विभाग के हैड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ. पुष्कर राज गुर्जर व डॉ. ममता वर्मा के नेतृत्व में आंखों में चोट लगने से पैदा हुये ट्रॉमेटिक मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया गया। पीएमओ डॉ. चैतन्य रावत ने बताया कि नीमकाथाना के रायपुर पाटन निवासी संतोष देवी (44) की आंखों में तीन वर्ष पूर्व चोट लग गई थी। जिसके कारण उसे दिखना बंद हो गया था। पांच दिन पूर्व पीड़िता ने अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्कर राज गुर्जर को दिखाया तो सामने आया कि महिला की आंखों की झिल्ली फटी हुई थी। जिसके कारण उसे ट्रॉमेटिक मोतियाबिंद हो गया था। डॉ. गुर्जर के अनुसार मोतियाबिंद किसी भी उम्र में हो सकता है। जिसका आसानी से ऑपरेशन किया जाता है, लेकिन आंखों में चोट लगने से बनने वाले ट्रॉमेटिक मोतियाबिंद गंभीर होते है। उक्त केस में पीड़िता की आंखों के लैंस को लगाने वाली झिल्ली पूर्णत- फटी हुई थी। जिसे नई विधि से पुतली पर लगाया गया। दुसरे दिन महिला की आंखों की पट्टी खोलने पर उसे स्पष्ट दिखाई देने लगा।

इस उपलब्धि पर पीएमओ डॉ. रावत ने ऑपरेशन करने वाली टीम डॉ. पुष्कर राज गुर्जर, डॉ. ममता वर्मा, नर्सिंग अधिकारी सुरेश चंद गुर्जर व सरस्वती जांगिड़ को बधाई दी है।

## निशुल्क नेत्र जाँच शिविर आयोजित : आउटडोर में 163 लाभान्वित एवं मोतियाबिन्द के ऑपरेशन के लिए 22 लोगो का चयन

# गरीब और असहाय लोगो को नेत्र ज्योति प्रदान कराना एक पूण्य कार्य एक मानवता का परिचय : डॉ नितेश मीना

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** मित्तल हॉस्पिटल अलवरए जिला अन्धता निवारण समिति अलवर एवं आरडीएनसी मित्तल फाउंडेशन एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर के संयुक्त तत्वाधान में मित्तल ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्र मौजपुर, लक्ष्मणगढ़, अलवर में निशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन 10 दिसम्बर 2024 को किया गया जिसमे तकरीबन 163 लोग आउटडोर में लाभान्वित हुए सभी मरीजो को नि:शुल्क दवा भी दी गयी साथ ही 22 लोगो का चयन नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए किया गया 11 दिसम्बर को चयनित लोगो में से 10 लोगो के मित्तल हॉस्पिटल में ले जाकर नि:शुल्क ऑपरेशन करवाए गए 1 मरीज नहीं आया जिनको प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अधिकारी डॉ. नितेश मीना ने आकर उनसे सभी जानकारीयाँ प्राप्त की साथ ही मित्तल हॉस्पिटल निदेशक डॉ एससी मित्तल एवं पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ महेश जैन तथा डॉ.प्रियंका गुप्ता नेत्र रोग विशेषज्ञ के साथ सभी मरीजो को नि:शुल्क काला चश्मा एवं दवा घर के लिए प्रदान की । डॉ. नितेश मीना के पूछने पर मरीजो ने बताया कि कैंप में डाइबिटीज जाँचए ब्लड प्रेशर जाँच, ऑपरेशन, लेंस रहना, खाना-पीना, दवाई, चश्मा , घर के लिए दवाई इत्यादि सभी सुविधाये पूर्णत: नि:शुल्क प्रदान करवाई गयी थी। तद्पश्चात सभी आवयश्क दिशा निर्देश देकर मरीजो की छुट्टी कर दी गयी थी आज दिनांक 12 दिसम्बर 2024 को बाकी के 11 मरीजो में से एक मरीजो को कान के पीछे पस फार्मेशन एवं फीवर के चलते ऑपरेशन नहीं किया गया कुल 10 मरीजो के ऑपरेशन करवाए गए जिनको कल 13 दिसम्बर की सुबह जाँच करके छुट्टी दे दी जायेगी । इस मौके पर प्रशासक गिरीश गुप्ता, नर्सिंग अधीक्षक लता सी बोस, नीतू शर्मा, बीना ओमप्रकाश, रवि शर्मा, सुनीलअर्चना इत्यादि उपस्थित रहे।

# सर्दी ने पकड़ी रफ्तार : सुबह शाम ठुठरन का असर, कार की छतों पर जमने लगी बर्फ

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयान (सत्यप्रकाश अग्रवाल) ।** उत्तर भारत से चली बर्फीली हवाओं से पूरे प्रदेश में ठिठुरन बढ़ गई है। भरतपुर जिले में भी इसका असर देखा जा रहा है। शीतलहर से ठंड बढ़ गई है और मौसम विभाग के अनुसार अगले 2-3 दिन भी शीतलहर रहेगी। सरसों अनुसंधान केन्द्र भरतपुर के मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दो दिन पहले जहां दिन का तापमान 24.5 डिग्री था। वहीं 3.5 डिग्री घटकर बुधवार को 21 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं रात का न्यूनतम तापमान 8 से 2 डिग्री घटकर 6 दर्ज किया गया।

तापमान गिरने के कारण पानी बर्फ बन रहा है। हालांकि दिन में धूप निकलने से लोगों को सर्दी से राहत मिल रही है। बयाना के गांव नगला भांड में खुले में खड़ी कार की छत पर बर्फ जमीन नजर आई। स्थानीय ग्रामीण जालेन्द्र कसाना ने बताया- रात में कड़ाके की ठंड पड़ने से ओस की बूंदें बर्फ में तब्दील हो रही हैं। कार की छत पर जमी बर्फ को खुरच कर हटाया गया। वहीं सुबह के समय खेतों में फसलों, पेड़ पौधों पर ओस की बूंदे प्रकृति का श्रृंगार करते हुए नजर आ रही हैं। कहीं-कहीं फसलों पर पाला भी गिरा। लोगों का कहना है कि अब आने वाले दिनों में सर्दी अपने पूरे शबाब पर रहेगी। उधर, मौसम विभाग ने कोल्ड वेव चलने की चेतावनी दी है। प्रदेश में शीतलहर चलने और टेम्प्रेचर गिरने से सुबह-शाम ठंड से लोग परेशान दिख रहे हैं।

### कार्डियक-अस्थमा के मरीज बढ़े

शीतलहर चलने और सुबह-शाम कड़ाके की सर्दी पड़ने के साथ ही अस्थमा (सीओपीडी) और कार्डियक (दिल की बीमारी) के मरीज बढ़ गए। बयाना सीएससी इंचार्ज डॉ जोगेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया- पिछले 2-4 दिनों से सांस फूलने की तकलीफ लेकर मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। ये मामले रात और अल सुबह ज्यादा आ रहे हैं। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण तेज सर्दी है। सर्दी में अस्थमा और हृदय रोग के मरीजों की परेशानी और बढ़ जाती है।

# रोटी बैंक संचालक के सम्मान में लगा रक्तदान शिविर, पांच दर्जन यूनिट से भी अधिक हुआ रक्तदान



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित सियाराम कोचिंग सेंटर पर रोटी बैंक संचालक डॉ आर.सी.यादव को डाक्ट्रेट की मानद उपाधि मिलने पर उनके सम्मान में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।जिसमें पांच दर्जन से भी अधिक रक्तदान संग्रहित हुआ। सियाराम कोचिंग सेंटर बानसूर के निदेशक बलबीर मुक्कड़ ने बताया कि घायलों को नया जीवनदान देने वाले डॉ आर.सी यादव को मानद उपाधि दिए जाने पर उनका माला साफा पहनाकर सम्मान किया गया। डॉ यादव के सम्मान में ही रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। रक्तदान शिविर में पांच दर्जन से भी अधिक रक्त संग्रहित किया गया। इस मौके पर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष महावीर बालासिया,बलबीर मुक्कड़, ओम ग्रुप से प्रमोद यादव, एडवोकेट अभिमन्यु चौधरी, प्रिंस डिफेन्स एकेडमी के रामसिंह यादव, रोहिताश शाहपुर, मनोज कुमार, राजकुमार, सहित विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एंकर यादराम यादव ने किया।

# बयाना में ब्लॉक स्तरीय साइकिल वितरण समारोह में 1260 छात्राओं को निशुल्क साइकिलें वितरित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयान (सत्यप्रकाश अग्रवाल) ।** बयाना के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय निशुल्क साइकिल वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की चीफ गेस्ट विधायक डॉ. ऋतु बनावत रहीं। जबकि अध्यक्षता सीबीईओ रामलखन खटाना ने की। विशिष्ट अतिथि बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल, योजना के जिला प्रभारी प्रभा गुप्ता एवं नोडल प्रिंसिपल श्रीधर सिंह गुर्जर रहे। साइकिलें मिलने से छात्राओं के चेहरे पर खुशी झलक उठी। कार्यक्रम में विधायक डॉ ऋतु बनावत ने कहा कि साइकिलें मिलने से छात्राओं को समय पर स्कूल आने-जाने में आसानी होने के साथ ही उनकी एक्सरसाइज भी होगी।

# विभिन्न मांगों को लेकर विद्यार्थियों ने राजकीय महाविद्यालय के गेट पर लगाया ताला



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** राजकीय महाविद्यालय के विधार्थियों ने महाविद्यालय के गेट पर ताला लगा कर राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। विधार्थियों ने बताया कि राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के द्वारा जारी परिणाम को लेकर विधार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिससे विधार्थियों में रोष व्याप्त है। विधार्थियों ने कुलपति से विश्वविद्यालय के जारी परिणाम को सही तरीके से जारी करने तथा रिवलेशन फीस में छूट करने तथा रिजल्ट में हुई गड़बड़ी को सही करने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन को लेकर प्राचार्य सुरेंद्र यादव ओर विधार्थियों के बीच वाद विवाद हो गया मौके पर बानसूर पुलिस पहुंची ओर छात्रों से समझाइश की गई। लेकिन छात्र अपनी मांगों पर अड़े रहे। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए थानाधिकारी सुरेंद्र मलिक मय जाप्ता के मौके पर पहुंचे और छात्रों से समझाइश कर एक घंटे बाद महाविद्यालय का गेट खुलवाया गया ओर मामले को शांत किया गया।

# एसीबीईओ भागीरथ मीणा ने केजीबीवी छात्रावास का अवलोकन किया छात्रावास व्यवस्था से संतुष्ट हो कर बालिकाओं को दिया प्रोत्साहन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कोटपूतली कार्यालय से एसीबीईओ भागीरथ मीणा द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास पवाना अहीर का अवलोकन किया गया। पीईईओ प्राचार्य महेश चंद यादव की प्रभावी मोनिटरिंग की सराहना करते हुए छात्रावास प्रभारी प्रवक्ता रामकरण यादव द्वारा की जा रही बेहतरीन व्यवस्थाओं व गतिविधियों की प्रशंसा की। एसीबीईओ ने छात्रावास के सभी क्रियाकलाप का सघन परीक्षण करते हुए बालिकाओं से संवाद स्थापित कर सुविधाओं की जानकारी ली जहां बालिकाओं ने सभी व्यवस्थाएं बहुत अच्छी बताई। छात्रावास अवलोकन में छात्रावास संचालन व्यवस्था व शैक्षणिक वातावरण से संतुष्ट होते हुए बालिकाओं को प्रोत्साहन प्रदान किया तथा आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में शैक्षिक उन्नयन व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उप प्राचार्य कृष्ण कुमार खजोतिया, वार्डन नीतू कुमारी, व्याख्याता अजय कुमार खींची, गार्ड मूलचंद आर्य आदि मौजूद रहे।




# मैट्रिक्स एकेडमी सीकर की ओर से मैट्रिक्स ओलंपियाड के प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान


**अलवर (का.स.)।** मैट्रिक्स एकेडमी सीकर की ओर से गुरुवार को आमंत्रण रिसॉर्ट अलवर में मैट्रिक्स ओलंपियाड के प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 600 छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार, अवार्ड किट, स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था निदेशक राजेंद्र जी बुरडक ने प्रतिभावान पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों व उनके साथ पधारे अभिभावकों को एक लक्ष्य निर्धारित कर अपने जीवन को सुधारण में सुव्यवस्थित उच्च कोटि के शिखर ले जाने की प्रेरणा दी । मैट्रिक्स के मोटिवेशनल स्पीकर व कोर मेंबर विष्णु पारीक सर ने जीवन के लक्ष्य के साथ कैसे जिया जाए और एक विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति कैसे की जाए आदि सूत्र साझा किए । कार्यक्रम मंच संचालन पुष्पेंद्र डूडी ,व्यवस्थापक साजीद गौरी जी, ताराचंद चाहर जी,अमित जी, सुभाष जी , सुशील जी,मनोज जी,प्रकाश जी , जितेंद्र जी, कैलाश जी, भागीरथ जी प्रभु जी, सभी स्टाफ साथी उपस्थित रहे।

# बूंदी शहर का जलदाय विभाग लावारिस हालत में, कर्मचारी अधिकारी 3.41 पर ही सब नदारद

## खाली कमरों में जलती मिली ट्यूब लाइटे, क्या कर्मचारियों अधिकारियों पर होगी कार्यवाही?

## अपनी पीड़ा लेकर आ रहे लोगों को खाली कार्यालय देख निराश होकर लौटना पड़ता है यहां से





बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** शहर का जलदाय विभाग लावारिस हालत में मिला यहां कार्यरत कर्मचारी अधिकारी सब नदारद महज विभाग के कार्यालय में मिले खुले कमरे व जलती ट्यूबलाइट। बूंदी में जलदाय विभाग के कार्मिक और अधिकारी किस प्रकार लापरवाह है इसकी बानकी की गुरुवार को 3.41 पर किए गए ,रियलिटी चेक में देखने को मिला। हमारे रिपोर्ट 30 मिनट रुकने के बाद वहां पर संविदा कार्मिक कंप्यूटर ऑपरेटर पहुंचा। बूंदी शहर में स्थित जल भवन जो कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय के सामने है ,यहां पर 9 कर्मचारी अधिकारी परमानेंट कार्यरत है साथ हि संविदा पर भी कई कर्मचारी लगे हैं लेकिन एक भी कर्मचारी और अधिकारी यहां विभाग के दफ्तर में नहीं मिले । ऐसे में सरकार जो आमजन की समस्याओं का निस्तारण करने की बात अधिकारियों को कहती है उसकी बानकी देख कर यहां की हालात तो कुछ और ही बया कर रही है। यहां ना अधिकारी है ,ना कर्मचारी , विभाग के नाम पर खुले हुए कैमरे ,कुर्सी टेबल ,और जली हुई ट्यूबलाइट ही देखी जा रही है । जिसके चलते आमजन अपनी समस्याओं का निस्तारण भी नहीं करवा पा रहे हैं। अपने आप में सरकार द्वारा लगाए गए 9 कर्मिकों के साथ अलग से संविदा कर्मियों का इस प्रकार दोपहर 3.41 पर दफ्तर छोड़कर गायब रहना, बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है ।

आखिर ऐसा क्यों? दफ्तर में अधिकारी और कार्मिक नहीं मिलते । जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों की यह हालत देखकर हर कोई सवाल पूछने को मजबूर भी है कि सभी कर्मचारी व अधिकारी आखिर कार्यालय से गए तो कहां गए। साहब कौन सुनेगा हमारी फरियाद, यहां लोग अपनी फरियाद को लेकर आते तो है मगर कार्यालय सूने पड़े होने के कारण निराश होकर चले जाते है। इंसान अपना समय निकाल कर कार्यालय में अपने अटके काम करवाने के लिए आता है मगर कर्मचारी व अधिकारी नहीं होने की वजह से कई बार चक्कर लगाता रहता है। क्या ऐसे लापरवाह कर्मचारियों व अधिकारियों पर कार्यवाही होगी? इस मामले को लेकर जब संवाद्दाता ने नवीन नागर एईएन जलदाय विभाग बूंदी से फोन पर बात की तो उन्होंने कहा अगर ऐसी बात है तो सभी को पाबंद किया जाएगा, कार्यालय से सभी कर्मचारियों का एक साथ कही जाना सही नहीं ।

# जेपीएल का दूसरा सीजन कल से

## त्रिदिवसीय मुकाबलों में 08 टीमें लेंगी हिस्सा, टीशर्ट व पोस्टर का किया विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा के बहुप्रतीक्षित क्रिकेट टूर्नामेंट जेपीएल के दूसरे सीजन का आगाज 14 से 16 दिसंबर 2024 के बीच जे.के. पवेलियन में किया जाएगा। जेसीआई एलमुनी जोन—5 द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में कोटाशहर की 8 प्रमुख टीमों का चयन किया गया है, जो शहर की खेल प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करती हैं। जोन चेयरमैन मनीष चाण्डक ने बताया कि प्रतिभागी टीमों में जेएसी,सीए एसोसिएशन, भामाशाह मंडी, भा.वि.परिषद आज़ाद शाखा, चित्तौड़, और एसएसआई की दो टीमें शामिल हैं।

### टी शर्ट व पोस्टर विमोचन

चाण्डक ने बताया कि गुरूवार को टूर्नामेंट का पोस्टर व टीशर्ट का विमोचन किया गया। इस अवसर पर ज़ोन चेयरमैन मनीष चांडक, सचिव पियूष, संस्थापक चेयरमैन राजकुमार जैन, ज़ोन मेंटोर गौरव महेश्वरी,एनसीवी रवि अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन मिता अग्रवाल, और प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर प्रियंक माहेश्वरी, रवि गोयल, संदीप सूद, विकास शर्मा, उमेश गोयल लवर्धन, और रवि गुप्ता शामिल थे।

# कस्बे में सफाई व्यवस्था व कचरा गाड़ियों की अनियमिततापार्षद ने उपखंड अधिकारी को सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन( सुनील मेघवाल )।** केशोरायपाटन कस्बे में सफाई व्यवस्था व कचरा गाड़ियों की कस्बे में सफाई व्यवस्था व कचरा गाड़ियों की अनियमितता को लेकर वार्ड पार्षद उमेश मीना ने उपखड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पार्षद ने बताया कि वार्डो में कचरे के ढेर लगे हुए है , सफाई व्यवस्था का जिम्मा जमादारों को दिया हुआ है । लेकिन जमादारों द्वारा अवैध रूप से सफाई कर्मचारियों को कार्य स्थल पर नहीं भेजा जा रहा है जिसके कारण कस्बे की गलियों में सड़क व नालिया गंदगी से भरी हुई है साथ ही पार्षद ने कहा कि कचरा निस्तारण गाड़िया पिछले 8 माह से खराब हो कर पड़ी हुई है फिर भी इनसे संबंधित कर्मचारियों को अवैध रूप से भुगतान किया जा रहा है जिसके कारण पालिका को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# कल बजेगी शहनाई,जरूरतमंद 05 बेटियों का होगा सामूहिक विवाह

## श्री श्याम महोत्सव :गीता भवन में सम्पन्न होगा सामूहिक कन्या विवाह, दिल्ली से देवांशी सौलंकी बहायेगी भजनो की सरिता

### निशुल्क कन्या विवाह 14 दिसम्बर को,15 को भव्य श्याम निशान यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** बेटी का विवाह एक चुनौतीपूर्ण लेकिन सौभाग्यशाली और पुण्य कार्य होता है। इसी भावना से प्रेरित होकर, 14 दिसंबर को जरूरतमंद 5 कन्याओं का विवाह निशुल्क गीता भवन में कराया जाएगा। यह आयोजन श्याम बाबा के आशीर्वाद से संपन्न होगा।15 दिसम्बर को भव्य श्याम निशान यात्रा का आयोजन रामपुरा बाजार से रामधाम आश्रम तक निकाली जाएगी। डीअवाईएसपी राजेश टेलर ने कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया। उन्होने कहा कि बेटीयों के विवाह,खाटू श्याम की भजन संध्या ओर निशान यात्रा के एक और प्रेम व साधना को प्रकट कर रहा है तो समाज के समाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल भी यह आयोजन बन रहा है।

### इस प्रकार होगा कार्यक्रम

कार्यक्रम के संयोजक अभिषेक शर्मा ने बताया कि श्री श्याम महोत्सव के अंतर्गत 14 दिसंबर को गीता भवन में जरूरतमंद 5 बेटियों का निशुल्क सामूहिक विवाह आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन समाजसेवा और श्याम बाबा के प्रति श्रद्धा की भावना को समर्पित होगा। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 12=15 बजे कन्या विवाह से होगी। विवाह समारोह में सभी रीति-रिवाजों और परंपराओं का पालन करते हुए कन्याओं को परिणयसूत्र में बांधा जाएगा। विवाह समारोह को भव्य और शुभ बनाने के लिए विशेष तैयारियां जारी हैं। इसके बाद, रात्रि 8=15 बजे श्याम भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें भक्तजन भजनों के माध्यम से श्याम बाबा का गुणगान करेंगे।

कार्यक्रम में दिल्ली से प्रसिद्ध भजन गायिका देवांशी सौलंकी अपनी प्रस्तुति से भक्तों को भक्ति रस से सराबोर करेंगी।। नवविवाहित जोड़ों को शुभाशीर्वाद देने के लिए समाज के गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु इस पुण्य आयोजन में उपस्थित रहेंगे।

# रिद्धि सिद्धि नगर में बही अध्यात्म की गंगा

## पक्ष और विपक्ष की दृष्टि अनुचित – मुनिश्री संसघ



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** रिद्धि सिद्धि नगर में जैन समाज के श्रद्धालुओं के लिए अद्वितीय आध्यात्मिक माहौल का आयोजन किया गया। संत शिरोमणि आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य, परम पूज्य मुनि श्री 108 नीरज सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 निर्मद सागर जी महाराज ससंघ नगर में विराजमान हैं उनका मंगल सानिध्य श्री चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर कुन्हाडी को प्राप्त हो रहा है। कार्याध्यक्ष पारस बज आदित्य ने बताया कि आर्चाय श्री विद्या सागर जी महाराज का पूजन सकल जैन समाज,गुरू सेवा संघ,महिला मंडल युवा वर्ग सहित 08 संस्थाओं के द्वारा 08 अर्घो से पूजन किया गया। सकल समाज के मंत्री विनोद जैन टोरडी,कार्याध्यक्ष जे के जैन,साधु सेवा समिति के संयोजक संजय निर्माण मौजूद रहे। कुन्हाडी मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र गोधा,टीकमचंद पाटनी, महामंत्री पंकज खटोड़, कोषाध्यक्ष तारा चंद बड़ला, कई लोग इस पूजन में ?उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय सांवाला ने किया।मंदिर के अध्यक्ष राजेंद्र गोधा, महामंत्री पंकज खटोड ने बताया कि गुरूवार को प्रात: 7.30 बजे अभिषेक और शांतिधारा के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। इसके बाद 8.00 बजे संगीत मय आचार्यश्री का पूजन और प्रात: 9=00 बजे मुनिश्री के प्रवचन के दिव्य ज्ञान से रूबरू करवाया। मुनिश्री के प्रवचनो से रिद्धि सिद्धि नगर एक बार फिर धर्म और अध्यात्म की गंगा में डूब गया। इस कार्यक्रम का आयोजन श्री 1008 अतिशयकारी चंद्रप्रभु मंदिर समिति के द्वारा किया गया। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र गोधा, महामंत्री पंकज खटोड, कोषाध्यक्ष तारा चंद बड़ला, और कार्याध्यक्ष पारस बज आदित्य ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को कुशलता से संभाला। इस अवसर पर निर्मल अजमेरा,ताराचंद बडला,संजय सांवला सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# झालावाड़ जिले के सरवर विद्यालय में अध्यापकों की कमी को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन, सीबीईओ ने दिया समाधान

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के गंगधार क्षेत्र के पीएमश्री रा.उ.मा.वि. सरवर में अध्यापकों की कमीपूर्ति को लेकर ग्रामीणों ने गुरुवार को विद्यालय गेट के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि यह विद्यालय मिडिल से उच्च माध्यमिक साथ ही पीएम श्री में भी चयनित हुआ है जिसको देखते हुए यहां अध्यापन कार्य कराने वाले 5 अध्यापकों को राज्य सरकार के निर्देशानुसार समायोजन के तहत अन्य विद्यालयों में भेजने का आदेश जारी हुआ जैसे ही यह सूचना ग्रामीणों को पता चली ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर क्षेत्रीय विधायक व शिक्षा मंत्री पर नाराजगी जाहिर की तथा विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक लगाने की मांग की। कार्यवाहक प्रधानाचार्य संत कुमार मीणा ने बताया कि सरवर स्कूल में कुल स्वीकृत पद 13 है जिसमें से 4 कर्मचारी कार्यरत हैं। जिसमे लेवल 1 व लेवल 2 में 2-2 टीचर लगे हुए हैं बाकी प्रिंसिपल 1,द्वितीय श्रेणी 6,कनिष्ठ लिपिक 1,शारिरिक शिक्षक 1,चतुर्थ श्रेणी 1के पद खाली है। विद्यालय में कुल 351 नामांकन है।



### सूचना पर सीबीईओ ने पहुंचकर समाधान किया

जैसे ही विद्यालय के सामने अध्यापकों की कमी पूर्ति को लेकर विरोध प्रदर्शन की सूचना मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार वर्मा तक पहुंची उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से बात कर मौके पर पहुंचे तथा वहां मौजूद ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें समझाया एवं संतुष्ट किया साथ ही डीईओ माध्यमिक के आदेश अनुसार समायोजन किए गए 5 अध्यापकों को डेपुटेशन पर स्थानीय विद्यालय में लगाने का आदेश दिया ग्रामीणों ने इस पर खुशी जाहिर की एवं स्थानीय विद्यालय में अध्यापकों की कमी पूर्ति के लिए सीबीईओ को एक पत्र भी सौंपा।

# आदर्श विद्या मंदिर चारभुजा में परीक्षा पूर्व मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित करके अच्छे परिणाम की कामना की



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक विद्यालय झालर बावड़ी चारभुजा में परीक्षा पूर्व मां शारदे के समक्ष सभी भैया /बहनों ने दीप प्रज्वलित करके अच्छी परीक्षा परिणाम की कामना की। प्रधानाचार्य सीमा व्यास ने बताया कि विद्यालय के सभी भैया बहन अपने घर से दीपक बाती लेकर आए और अपने अभिभावकों के साथ में मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर अच्छे परिणाम की कामना की । वंदना प्रमुख बृजेश वैष्णव ने बताया की दीपक की तरह आप अपने जीवन को प्रकाश मय करें और अपने अंदर श्रेष्ठ आचरण को भरते हुए अपने आसपास उजाला फैलाएं ।सभी बच्चों और अभिभावकों ने मिलकर सरस्वती माता की आरती की। कार्यक्रम में गोविंद वर्मा, बीनू पंचोली मनभरता मीणा ,मीनाक्षी परमार, कुमोद कंवर, नीलम राघव, रिचा शर्मा, भावना जयसवाल सहित अभिभावक मौजूद रहे। प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

# कौशल विकास सामग्री वितरण समारोह का आयोजन किया



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चौमहला में गुरुवार को विद्यालय स्तरीय कौशल विकास सामग्री वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सरकार का एक साल पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि अशोक भंडारी ने की, मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष गौतम जैन, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला मंत्री करण सिंह परमार,व्यापार महासंघ सयोजक दिलीप जैन उपस्थित रहे। अतिथियो द्वारा कौशल विकास सामग्री किट कक्षा 10 एवं 12 छात्राओं को कीट वितरण किए गए जिसमें हेल्थ केयर की 25 एवं ब्यूटी एंड वैलनेस की 53 बालिकाओं को कीट वितरित किए गए। उप प्राचार्य कैलाश चंद बुनकर ने बताया कि हमारे विद्यालय में कक्षा 9 से 12 तक के हेल्थ केयर एवं ब्यूटी एंड वैलनेस के चार वर्षीय सर्टिफिकेट प्रोग्राम संचालित हैं,जिनमें 216 बालिकाएं नामांकित हैं। कौशल विकास सामग्री के माध्यम से अभ्यास करके स्वरोजगार प्राप्त करने की दिशा में बालिकाएं अग्रसर हो सकेंगी।

# किसानों को समय पर डीएपी ओर यूरिया नही मिलना कृषि विभाग और प्रशासन की विफलता:गिर्राज गौतम

## शुगर मिल संयुक्त किसान समन्वय समिति के प्रतिनिधि ने सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन ( सुनील मेघवाल )।** क्षेत्र में किसानों को रबी की फसल के लिए समय पर डीएपी ओर यूरिया उचित दामों पर उपलब्ध करवाने सहित कालाबाजारी रोकने को लेकर युवा किसान नेता गिर्राज गौतम के नेतृत्व में किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने उपखंड अधिकारी दीपक खटाना को ज्ञापन दिया । गिर्राज गौतम ने कहा कि किसानों को रबी की फसल के मुख्य समय पर डीएपी ओर यूरिया सही कीमत पर उपलब्ध नहीं करवा पाना कृषि विभाग और प्रशासन की विफलता है। विभाग और प्रशासन को समय समय पर



अवगत करवाने के बाद भी किसानों को परेशानी उठानी पड़ी किसानों महंगे दामों पर डीएपी लेने के लिए विवश होना पड़ा ,रात रात भर ठंड के समय कतारों में लगाना पड़ा यह प्रशासन की विफलता हे जब की हर वर्ष कृषि विभाग के पास सम्पूर्ण क्षेत्र की जानकारी होती है फिर भी उचित मात्रा में डीएपी ओर यूरिया उपलब्ध नहीं हो पाता साथ ही अटैचमेंट के नाम पर किसानों को लूटा गया सहकारी संस्थाओं ओर विक्रेताओं ने किसानों की मजबूरी का फायदा उठाया जिससे किसानों पर अतिरिक्त बोझ पड़ा । अभी किसानों ने बुवाई कर दी है और किसानों को यूरिया की आवश्यकता पड़ने वाली है परंतु अभी किसानों को डराया जा रहा है साथ ही कालाबाजारी की भी संभावना है ऐसे में प्रशासन किसानों को आश्वस्त करे कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी ,समय पर किसानों को डीएपी यूरिया उचित दामों पर मिलेगा साथ ही प्रशासन कालाबाजारी और अटैचमेंट देने वालों पर भी कार्यवाही करे अगर किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी होगी तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । प्रतिनिधिमंडल में किसान नेता हरजिंदर सिंह, सूरजमल नागर, पुष्पचंद गुर्जर, भंवर लाल चौधरी, नंदकिशोर मीणा उपस्थित रहे।

# जे.के. सीमेंट वर्क्स निंबाहेड़ा के गौरवशाली 50 वर्ष पूर्ण होने पर अति लक्ष्मीनारायण यज्ञ में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे एवं सिंघानिया परिवार ने दी पूर्णाहुति

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** जे.के. सीमेंट वर्क्स निंबाहेड़ा के गौरवशाली 50 वर्षों की पूर्णता पर आयोजित कार्यक्रमों के सातवें दिन अति लक्ष्मी नारायण यज्ञ में सुशीला सिंघानिया ने यज्ञ में आहुति (पुष्प अर्पण) दी। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, जे.के. सीमेंट के प्रबंध निदेशक डॉ. राघवपत सिंघानिया, सह-प्रबंध निदेशक माधव कृष्ण सिंघानिया और सिंघानिया परिवार ने भी यज्ञ में आहुति दी।



कार्यक्रम में विधायक चंद कृपलानी, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, जे.के. सीमेंट समूह के अजय सरावगी, डॉ. कौस्तुभ दाधीच, अनुज खंडेलवाल, यज्ञेश गुप्ता, अंदलीप जैन, अनिल बडगोतरी, पुष्पराज सिंह, आशीष श्रीवास्तव, अनिल गुप्ता, निंबाहेड़ा यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल, एचआर हेड प्रभाकर मिश्रा, टेक्निकल हेड राजेश सोनी, मुरली लड्ढा, कमर्शियल हेड अजय गर्ग, माइंस हेड यतेंद्र शर्मा, कॉर्पोरेट सेफ्टी हेड आशुतोष श्रीवास्तव, सहित कई अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

13 दिसंबर को स्वर्ण जयंती के समापन अवसर पर प्रसिद्ध गायक सोनू निगम अपनी प्रस्तुति देंगे, जबकि श्रीनाथद्वारा मंदिर के विशाल बाबा भी इस आयोजन में मौजूद रहेंगे।

# गामछ तिराहे पर लगी हाईमास्ट लाइट बंद होने और पुलिस चौकी नहीं होने का फायदा उठाकर वारदातों को अंजाम दे रहे असामाजिक तत्व

बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन( सुनील मेघवाल )।** लालसोट मेगा हाइवे पर स्थित गामछ तिराहे पर हाईमास्ट लाइट बंद होने और पुलिस चौकी की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। इस क्षेत्र में पहले भी कई बार लूट की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे क्षेत्रवासी सहमे हुए हैं। रात के समय यहां आने-जाने में भय का माहौल बना रहता है। स्थानीय लोग चाहते हैं कि गामछ तिराहे पर लगी हाईमास्ट लाइट चालू की जाए और पुलिस चौकी स्थापित की जाए, ताकि पुलिस को आरोपियों तक पहुंचने में आसानी हो।

वर्तमान में हाईमास्ट लाइट बंद है और पुलिस चौकी नहीं है, जिसके कारण बदमाशों के हौसले बुलंद हो गए हैं। गामछ तिराहे पर विद्युत व्यवस्था की कमी और सुरक्षा इंतजामों की अनदेखी से यहां रात के समय सन्नाटा पसरा रहता है।

इस परिस्थिति का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व मौका देख लूटपाट जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। गामछ, गुडला, गुडली, भवानीपुरा, कणा, तीरथ आदि गांवों के ग्रामीणों ने बताया कि



आमजन में भय और आक्रोश उत्पन्न हो गया है। क्षेत्रवासी लगातार गामछ तिराहे पर हाईमास्ट लाइट चालू करने और केशवरायपाटन में स्थित पुलिस चौकी को गामछ तिराहे पर स्थानांतरित करने की मांग कर रहे हैं। उनका मानना है कि इससे लूटपाट और चोरियों की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है।

क्षेत्रवासी प्रशासन से यह अपील कर रहे हैं कि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की जाए, क्योंकि फिलहाल प्रशासन इस मुद्दे पर कोई ठोस कदम उठाता हुआ नहीं दिख रहा है।

## पिकअप पलटने से 8 लोग घायल तेज रफ्तार ट्रक ने मारी थी टक्कर मजदूरी के लिए जा रहे थे आगरा

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर जिले के मनियां थाना क्षेत्र स्थित तेरह पुलिया पर तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप को टक्कर मार दी। जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में पिकअप सवार आठ लोग घायल हो गए। जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों की मदद से एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया, जहां से एक गंभीर घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

मनियां थाने के एएसआई श्रीकेश ने बताया कि सुबह कंट्रोल रूम से तेरह पुलिया पर हादसे की सूचना मिली थी। सूचना पर हेड कॉन्स्टेबल चंद्रभान सिंह पुलिस की टीम को लेकर मौके पर पहुंचे, जहां सड़क पर पड़े घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। हादसे के दौरान पिकअप में सवार दौलत राम पुत्र मोहन सिंह, कल्ला पुत्र मंगल सिंह, अमित पुत्र केदार, राहुल पुत्र छितारिया, भोला पुत्र भगवानदास, सुरेश पुत्र भगवान सिंह, भूरा पुत्र शंकर और दौजी पुत्र श्यामलाल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दौजी पुत्र श्यामलाल की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।घायलों के साथ अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि पिकअप में सवार सभी लोग मनियां से मजदूरी करने के लिए आगरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे खड़ी पिकअप में पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद पुलिस ने पिकअप और ट्रक को जब्त कर लिया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुट गई है।

# सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की जिला विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ, 3 दिन तक जारी रहेगी प्रदर्शनी





बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ होने के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा हर घर खुशहाली थीम पर जिला आयोजित विकास कार्यों से संबंधित प्रदर्शनी का जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। जिला कलक्टर ने जिले में किये गये नवाचारों एवं विभिन्न विभागों द्वारा विगत वर्ष में हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, कालीबाई भील स्कूटी योजना, पालनहार योजना, नीति आयोग के सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम, पालनहार योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मुख्यमंत्री निशुल्क जांच, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा, नए चिकित्सा संस्थान, नवाचार, वन विभाग, बीएससी नर्सिंग कॉलेज, श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना, उज्ज्वला योजना, मनरेगा सहित जन सुनवाई एवं रात्रि चौपाल विभिन्न विभागों की उपलब्धियों से संबंधित प्रदर्शनी को देखा।

**प्रदर्शनी का विशेष आकर्षण रही डॉक्यूमेंट्री फिल्में :** जिला विकास प्रदर्शनी में नवाचार करते हुए विभिन्न विभागों की डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का प्रदर्शन किया गया है। साथ ही प्रदर्शनी में विभिन्न विकास अवसंरचनाओं के 3डी मिनिएचर का समावेश किया गया है। प्रदर्शनी स्थल पर राजीविका स्वयं सहायता समूह के उत्पाद का स्टॉल भी लगाया गया। विभागवार विभिन्न उपलब्धियों का विस्तृत प्रदर्शन किया गया है।

**पंच गौरव कार्यक्रम की शुरुआत :** इस दौरान राज्य के विभिन्न ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय धरोहरों को संवारने और संरक्षित करने की दिशा में पंच गौरव की भी शुरुआत की गई। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर ने पंच गौरव के लीफ्लेट का विमोचन किया। जिले में पंच गौरव में एक जिला एक प्रजाति के तहत जिले में करंज वृक्ष का चयन किया गया है। वहीं एक जिला एक उपज के तहत जिले में अमरूद के फल का चयन किया गया है। वहीं प्राचीन और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध मचकुण्ड तीर्थ को एक जिला एक गंतव्य के रूप में चिन्हित किया गया है। एक जिला एक खेल के तहत हॉकी का चयन किया गया है। वहीं जिले की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले बलुआ पत्थर शिल्प यानि सैंड स्टोन कार्विंग को एक जिला एक उत्पाद के तहत पहचाना गया है। यह सभी चयन जिले की सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देंगे। प्रदर्शनी के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह, उपखण्ड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश हनुमानपुरा, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सहायक निदेशक राजकुमार मीना एवं सहायक जनसम्पर्क अधिकारी रोहित मित्तल सहित अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे। जिला विकास प्रदर्शनी तीन दिन तक जारी रहेगी।

## लापरवाही की भेंट चढ़े सीवर और पेयजल पाइप लाइन का मामला पहुंचा कोर्ट विधिक सेवा के तहत परिवाद किया दायर, कोर्ट करेंगा 17 दिसम्बर को सुनवाई

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में विकास को समर्पित सीवर लाइन और पेयजल पाइप लाइन परियोजना में लापरवाही का मामला अब एडीजे कोर्ट पहुंच गया है। शहर के दो युवाओं द्वारा एडीजे कोर्ट में तालुका विधिक सेवा के तहत यह परिवाद दाखिल किया है। जिसमें न्यायालय से गुहार लगाई गई है की शहर के विकास को लेकर राज्य सरकार की बजट घोषणा में स्वीकृत जो परियोजना हैं वह धूल चाट रही हैं। प्रोजेक्ट को लेकर संबंधित ठेकेदारों द्वारा शहर को धूल मिट्टी से सान दिया है। किसी भी प्रकार के नियम,कानून और मापदंडों की कोई पालना नहीं हो रही और तो और योजनाओं की मोनिटरिंग के लिए जो अधिकारी लगाए हैं वह भी कभी मौके पर नहीं आते,यहां तक की लगातार शिकायत के बाद भी उनके कानों पर जूं तक नहीं रेंगी है। ऐसे में न्यायालय से पूरे मामले को देखने और अधिकारियों को तलब करने की मांग की है।

बाड़ी कोर्ट के युवा अधिवक्ता एडवोकेट रूपसिंह किलेदार ने बताया कि शहर में वर्तमान में सीवर लाइन और पेयजल पाइप लाइन का काम चल रहा है। इस काम में पिछले कुछ महीनो से इस कदर लापरवाही देखने को मिल रही है कि शहर के लोग परेशान है। मामले को लेकर कई बार स्थानीय प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में समाचार प्रकाशित हुए हैं। वहीं स्थानीय अधिकारियों को भी नागरिकों ने अवगत कराया है लेकिन किसी के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। ऐसे में परेशान जनता की ओर से उनके द्वारा और युवा प्रमोद मुद्गल के द्वारा तालुका विधिक के तहत एक परिवाद एडीजे कोर्ट में दाखिल किया है। जिसमें न्यायालय से गुहार लगाई है की दोनों परियोजना के कामों में भारी अनियमितता की जांच कराई जाए। उक्त कार्य मे जनता की सुविधाओं को लेकर कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है। जब चाहे ठेकेदार जिस रोड को बंद कर देता है। स्वीकृति अनुसार कोई काम नहीं हो रहा। पीडब्ल्यूडी विभाग,जलदाय विभाग के बड़े से बड़े अधिकारी उक्त कार्य लिप्त नजर आ रहे है। जो टीम कार्य के मॉनिटरिंग के लिए गठित की है वह कभी मौके पर नहीं देखी गई है। ऐसे में सड़क खोदने के दौरान कचरा नालों में फेंका जा रहा है।

जिससे नाले अवरुद्ध हो रहे है और सड़क पर बिखरी मिट्टी से वाहन निकलते समय धूल उड़ रही है। आमजन परेशान हैं। ऐसे में प्री लिटिगेशन दाखिल किया है। जिसको लेकर एडीजे नीरज कुमार द्वारा 17 दिसंबर को मामले में सुनवाई करने की तारीख दी गई है।

## बाड़ी में अधिकारियों ने स्कूली छात्रों के साथ लगाई दौड़ः रन फॉर विकसित राजस्थान के तहत लगाई दौड़, 12 जनवरी तक होंगे कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राजस्थान में सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। ऐसे में इस कार्यकाल को यादगार बनाने के लिए 12 दिसंबर से एक महीने तक विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत रन फॉर विकसित राजस्थान एवं स्वामी विवेकानंद मास का शुभारंभ कर किया गया है। बाड़ी में पंतायत समिति परिसर से युवाओं और स्कूली छात्रों ने दौड़ का आयोजन किया। कार्यक्रम को लेकर बाड़ी पंचायत समिति परिसर से युवाओं और स्कूल विद्यार्थियों की दौड़ का आयोजन किया गया। जिसे भाजपा के जिला महामंत्री अनिल गोयल एवं बाड़ी मंडल अध्यक्ष दिनेश मामा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ब्लॉक शिक्षा विभाग के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण प्रसाद मीणा ने बताया कि राजस्थान में भजनलाल सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल को यादगार बनाने के लिए राजस्थान युवा बोर्ड एवं खेल विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की सीरीज का शुभारंभ किया है। साथ में स्वामी विवेकानंद मास भी मनाया जा रहा है। इसी के तहत 12 दिसंबर गुरुवार से कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई है। जिसका शुभारंभ रन फॉर विकसित राजस्थान के साथ किया गया है। इस दौड़ में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी, युवा, एनएसएस, स्काउट, गाइड, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, युवा खिलाड़ी और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया है। 12 दिसंबर से ये आयोजन 12 जनवरी तक चलेंगे। जिसमें प्रश्नोत्तरी, निबंध प्रतियोगिता, खेलकूद प्रतियोगिता, सेवा से सीखें और आओ भाई, करें सफाई कार्यक्रमों का आयोजन आगामी दिनों में किया जाएगा।

रन फॉर विकसित राजस्थान कार्यक्रम के दौरान पंचायत समिति के विकास अधिकारी रामबोल सिंह, सहायक विकास अधिकारी राजेश शर्मा, गर्ल्स स्कूल के प्राचार्य विनोद शर्मा, नवीन बालिका के प्राचार्य पप्पू सिंह रावत के साथ अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार कौशिक, आरपी सुरेश भारद्वाज और स्काउट गाइड के साथ शहर के युवाओं ने भाग लिया।

## बसई नवाब में भगोरा माइनर टेल तक नहीं पहुंचा पानी, किया विरोध प्रदर्शन

### जल संसाधन विभाग ने दो सप्ताह पहले छोड़ा था पानी, जरौली गांव से आगे नही बढ़ रहा

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** किसानों ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया। पार्वती बांध से खेतों की सिंचाई के लिए नहर में पानी छोड़े हुए करीब दो सप्ताह बीतने को है, लेकिन भगोरा माइनर में नहर का पानी बसई नवाब टेल तक नहीं पहुंच पाया है। हालांकि बसई नवाब के समीप तक नहर में दो-तीन दिन तक थोड़ी मात्रा में रात्रि के समय पानी आया था, उसके बाद आज तक नहर का पानी जारौली गांव से आगे तक नहीं बढ़ पा रहा है। ऐसी स्थिति में बसई नवाब सहित नंदपुरा और पिपहेरा गांव का कुछ क्षेत्र नहर के पानी से वंचित बना हुआ है। खेतों में खड़ी रबी की फसल सरसों गेहूं और आलू की खेती पानी के लिए मोहताज बनी हुई है। नहर का पानी खेतों की सिंचाई के लिए किसानों को नहीं मिलने पर बुधवार को किसानों ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ अनदेखी का आरोप लगाते हुए नारेबाजी कर रोष जताया। क्षेत्र के किसान सुंदर सिंह कुशवाह, होतम कुशवाह, राकेश, पुष्पेंद्र, बन्नो, रामबाबूद्ध, रामेश्वर, सुरेंद्र, द्वारिका प्रसाद आदि ने कहा कि सैकड़ों बीघा फसल नहर के पानी पर ही आश्रित है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो खेतों में खड़ी रबी फसल पानी के अभाव में प्रभावित होगी। किसानों ने जिला कलेक्टर से भगोरा माइनर नहर में बसई नवाब टेल तक पानी पहुंचाने की मांग की है।

## धौलपुर में न्यूनतम तापमान पहुंचा 5.1 डिग्री सेल्सियस खेतों में पत्तियों पर जमी बर्फ, अलाव का सहारा ले रहे लोग

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले में शीतलहर का दौर लगातार जारी है। गुरुवार को कड़ाके की सर्दी से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। गुरुवार सुबह जिले का न्यूनतम तापमान 5.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जो सर्दी के इस सीजन का सबसे कम तापमान रहा है। तापमान में आई गिरावट से पारा जमाव की स्थिति पर पहुंच गया है। गुरुवार सुबह खेतों में हल्की बर्फ की चादर भी देखने को मिली।

सर्दी की वजह से लोगों का जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। मुख्य सड़क मार्ग और बाजारों में आवाजाही काफी कम देखी जा रही है। शीतलहर ने ठिठुरन बढ़ा दी है। लोग घरों में कैद हो रहे हैं। सर्दी से बचने के लिए लोग ऊनी कपड़े पहनकर बाहर निकल रहे हैं। इसके अलावा सुबह जल्दी घर से निकलने वाले लोग सर्दी से बचने के लिए अलाव का भी सहारा ले रहे हैं। सर्दी के इस सीजन में बुधवार को सबसे कम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जो गुरुवार को 5.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

तापमान में आई गिरावट से खेतों में बर्फ की चादर भी बिछ रही है। फसल पर पाला पड़ने से नुकसान की भी संभावना दिखाई दे रही है। किसानों ने बताया कि पाला पड़ने से सरसों और आलू की फसल में नुकसान हो सकता है, हालांकि अभी स्थिति चिंताजनक नहीं है, लेकिन लगातार पाला पड़ेगा तो निश्चित तौर पर फसल में नुकसान देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में अधिक सर्दी की चेतावनी दी है। पश्चिम में विक्षोभ की वजह से शीतलहर चलने की प्रबल संभावना है। तापमान में भारी गिरावट देखी जाएगी।

## ट्रैफिक पुलिस ने 24 वाहनों के काटे चालानः ओवर स्पीड और बिना नंबर के वाहन ड्राइवरों के खिलाफ कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर एसपी के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने ओवर स्पीड और बिना नंबर के वाहनों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। गुरुवार को ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाते हुए 24 से अधिक वाहनों के चालान काटे। ट्रैफिक पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अभियान को लेकर ट्रैफिक इंचार्ज टीनू सोगरवाल ने बताया कि जिले में हो रहे सड़क हादसों में कमी लाने के लिए ट्रैफिक पुलिस की ओर से ओवर स्पीड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि आगरा में भी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर तेज रफ्तार में चलने वाले वाहनों के साथ जिले में बिना नंबर की बाइकों के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है। ट्रैफिक पुलिस ने गुरुवार को 24 से अधिक वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर उनके चालान किए हैं। ट्रैफिक इंचार्ज ने बताया कि जिले में बेखौफ दौड़ रहे बिना नंबर के वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अलग-अलग टीम तैनात की गई हैं। जिले में बढ़ रहे सड़क हादसों के मामलों में कमी लाने के लिए लोगों को पूर्व में ट्रैफिक नियमों के पालन करने के लिए समझाइश की गई थी। जिसके बाद ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने पर सड़क हादसों के कई मामले सामने आए हैं।

## दो बाइकों में टक्कर, दो लोग घायल : शादी समारोह में भात देने के लिए जाते समय हुआ हादसा

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर जिले के राजाखेड़ा कस्बे के बाइपास रोड पर बुधवार शाम दो बाइकों के बीच भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में एक बाइक पर बैठे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए राजाखेड़ा के शहीद राघवेंद्र सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। वहां ड्यूटी चिकित्सक द्वारा दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया, इसके बाद उन्हें हायर सेंटर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

### शिविर में 44 परिवेदनाओं में से 17 का निस्तारण, 20 परिवारों को दी दवा किट

## शिविर में आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, विधवा पेंशन योजना के आवेदको को दिया लाभ



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर/सैंपऊ ( नि.स. )।** पंचायत समिति कार्यालय पर घुमंतु समुदाय परिवारों के लिए शिविर लगाया गया। इस मौके पर एसडीएम हेमंत घनघोर को गाड़िया लोहार परिवारों ने समस्याओं से अवगत कराया। कहा कि उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। वर्ष 2012 में कांग्रेस सरकार के दौरान तत्कालीन एसडीएम चेतन चौहान द्वारा दिए गए पट्टे आबादी क्षेत्र के बजाय सिवायचक भूमि में दर्ज कर दिए गए हैं, जबकि उनकी पूरी बस्ती बसी हुई है।

गाडिया लोहार परिवारों ने पट्टों को रिनुवल कराने, आवास सुविधा का लाभ देने एवं भूमिहीन परिवारों को आवास की सुविधा के लिए पट्टे देकर जमीन आवंटन करने की मांग की। तहसीलदार वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि शिविर में 64 परिवारों को लाभान्वित किया गया। जिसमें आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, विधवा पेंशन योजना आवेदनों का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं 20 परिवारों को निशुल्क दवा वितरण की किट प्रदान की गई। शिविर में 4 आवेदन पालनहार सत्यापन और 3 आवेदन पेंशन सत्यापन किया गया।

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी बच्चू सिंह मीणा, सहायक विकास अधिकारी धर्म प्रकाश त्यागी, गिरदावर वेद प्रकाश सिंघल, पटवारी राघवेंद्र परमार, नुनहेरा पटवारी संदीप शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी राजेश सक्सेना, डॉ. दिनेश शर्मा आदि मौजूद थे।

## अंकुश मीणा हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार : 10 हजार रुपए का था इनाम घोषित, छह महीने से चल रहा था फरार

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** बहुचर्चित अंकुश मीणा हत्याकांड के मामले में फरार चल रहे आरोपी आसाराम को सरमथुरा सीओ की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। सरमथुरा सीओ नरेंद्र मीणा ने बताया कि 6 महीने पूर्व थाना क्षेत्र के मठमल्ल का पुरा गांव के पास रास्ते से निकलने के विवाद को लेकर छात्र अंकुश मीणा और उसके भाई की बेरहमी से पिटाई कर दी थी। जिस पिटाई के बाद छात्र अंकुश मीणा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने छात्र का शव थाने के बाहर रखकर प्रदर्शन किया था। मामले में फरार चल रहे आरोपी आसाराम (30) पुत्र लाल सिंह निवासी मठमल्ल का पुरा की गिरफ्तारी को लेकर एसपी ने 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। सीओ ने बताया कि कॉन्स्टेबल नरेंद्र सिंह की सूचना पर फरार चल रहे आरोपी को मथारा के जंगलों से गिरफ्तार किया गया है। सीओ ने बताया कि हत्याकांड के मामले में कुछ आरोपियों को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी हैं। हत्याकांड के आरोपी आसाराम को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# नर्सिंग ऑफिसर भर्ती में पद बढ़ाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** नर्सिंग ऑफिसर भर्ती 2023 में अंतरिम सूची में चयनित अभ्यर्थियों को अंतिम चयन सूची से बाहर करने के मामले में अभ्यर्थियों ने आज चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। नरेश गुर्जर ने बताया कि नर्सिंग ऑफिसर भर्ती 2023 मे दस्तावेज सत्यापन के बाद 7 अक्टूबर 2023 को अंतरिम चयन सूची जारी हुई थी, 14 महीने बाद इसमें अंतिम चयन सूची जारी हुई, इसमें सैकड़ों अभ्यर्थियों को जो अंतरिम सूची में चयनित थे, उनको बाहर कर दिया गया। गुर्जर ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से आज जो अभ्यर्थी अंतरिम सूची में चयनित है, उन अभ्यर्थियों को भर्ती में शामिल करने की मांग ज्ञापन के माध्यम से चिकित्सा मंत्री से कर सैकड़ों अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने की मांग की ।

# निर्माणाधीन आईपीडी टावर से 143 बंडल वायर के ले गए बदमाश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** एसएमएस अस्पताल थाना इलाके में स्थित जेडीए का निर्माणाधीन महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट आईपीडी टावर में चोरी हो गई। चोर बेसमेंट से 143 बंडल वायर के ले गए। घटना के सम्बंध में प्रोजेक्ट मैनेजर ने थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार श्यामपुरा मंडवा झुंझुनूं निवासी महेश पूनिया ने मामला दर्ज करवाया कि आईपीडी टावर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। आईपीडी टावर के बेसमेंट से चोर दो अलग-अलग कंपनियों के 143 बंडल वायर ले गए। इसमें 1.5 एमएम के 28, 2.5 एमएम के 26 और 4 एमएम के 89 बंडल शामिल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में घटना स्थल के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने लोकसभा में रखी शाहपुरा जहाजपुर देवली राजमार्ग को फोरलेन करने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** भीलवाड़ा साँसद दामोदर अग्रवाल ने आज सदन में नियम 377 के तहत भीलवाड़ा के जनहित का महत्वपूर्ण मुद्दा शाहपुरा जहाजपुर देवली राजमार्ग को फोरलेन मांग को लोकसभा पटल पर रखा। सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने लोकसभा में नियम 377 के तहत भीलवाड़ा के जनहित का महत्वपूर्ण मुद्दा शाहपुरा जहाजपुर देवली राजमार्ग को फोरलेन करने के लिए लोकसभा पटल पर रखा व कहा कि मेरे लोकसभा क्षेत्र में नेशनल हाइवे 52 जिसकी लंबाई 95 किलोमीटर है जिसे 2 लेन से 4 लेन किया जाय क्योंकि देवली भीलवाड़ा मार्ग देवली से प्रारंभ जोकर जहाजपुर में ठ्ठद्ध 148स्त्र से शाहपुरा तक जाता है इसके बाद शाहपुरा से बनेड़ा होते हुए ठ्ठद्ध 48 से कनेक्ट होता है इस मार्ग पर अत्यधिक ट्रैफिक का दबाव होने के कारण ट्राफ़िक जाम व दुर्घटना के कारण न केवल आमजन परेशान होता है बल्कि आपातकालीन सेवाएं भी ठप हो जाने के कारण जनहानि भी हो जाती है। पिछले लम्बे समय से आमजन व्यापारिक संघठन ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स की पुरजोर मांग है कि इस मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर 4 लेन किया जाएयह मार्ग उदयपुर चितौड़गढ़ राजसमन्द ठ्ठद्ध 48 के ट्राफ़िक को भीलवाड़ा देवली होते हुए ठ्ठद्ध 52 से मिलकर टोंक सवाईमाधोपुर कोटा जयपुर का कम दूरी का वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध करवाता है। इस रोड पर अप्रेल व जुलाई2024 में किये सर्वे में औसतन प्रतिदिन 12072 यात्री कार ईकाई तथा 2706 बड़े ट्रोले चलते हैं जबकि सड़क परिवहन मंत्रालय के सर्कुलर के तहत जिस रोड का औसतन प्रतिदिन10000 यात्री कार इकाई द्वारा प्रयोग किया जाता है उस 2लेन के रोड को 4लेन में परिवर्तित किया जा सकता है अत: यह मांग न्यायसंगत भी है।

# अंबेडकर भवन में आयोजित जिला स्तरीय किसान सम्मेलन में 82 छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा भुगतान




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** सरकार द्वारा छात्राओं को कृषि विषय में अध्ययन के लिये प्रोत्साहित करने के लिए कृषि विषय लेकर सीनियर सैकेण्डरी में अध्ययनरत छात्राओं को 15000 की राशि प्रतिवर्ष की दर से 11 वीं एवं 12 वीं कक्षा हेतु, कृषि स्नातक शिक्षा जैसे उद्यानिकी, डेयरी, कृषि अभियांत्रिकी, खाद्य प्रसंस्करण में अध्ययनरत छात्राओं को 25000 रूपये प्रतिवर्ष की दर से 4/5 वर्षीय पाठ्यक्रम हेतु दी जा रही है। कृषि स्नातकोत्तर शिक्षा (एम.एस. सी. कृषि) में अध्ययनरत छात्राओं को 25000 रूपये राशि प्रतिवर्ष की दर से 2 वर्षीय पाठ्यक्रम, कृषि विषय में पी.एच.डी. में अध्ययनरत छात्राओं को 40000 रूपये प्रतिवर्ष अधिकतम 3 वर्ष हेतु दिये जाने का प्रावधान है। ब्यावर जिले में कृषि विषय के साथ 11 वीं एवं 12 वीं कक्षा में अध्ययनरत 182 छात्राओं को 27.30 लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि डी.बी.टी. के माध्यम से दी गई है। शुक्रवार 13 दिसंबर को अम्बेडकर भवन में आयोजित जिला स्तरीय किसान सम्मेलन में 82 छात्राओ को डी.बी.टी. के माध्यम से भुगतान किया जावेगा।

# देश भर में ज्योतिष नगरी के नाम से प्रसिद्धि दिलाने वाले वरिष्ठ पंडित नाथू लाल व्यास का निधन

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** जिले के कारोई क्षेत्र को देश भर में ज्योतिष नगरी के नाम से प्रसिद्धि दिलाने वाले वरिष्ठ पंडित नाथू लाल व्यास का गुरुवार को निधन हो गया है। उनके निधन से ज्योतिष नगरी कारोई ही नहीं पूरे जिले को क्षति पहुंची है। भीलवाड़ा राजसमंद राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कारोई गांव देशभर में ज्योतिष नगरी के नाम से विख्यात है। यहां भृगु संहिता से ज्योतिष की गणना कर भविष्य बताया जाता है।

यहां सबसे वरिष्ठ पंडित नाथूलाल व्यास जिन्हें कारोई को ज्योतिष नगरी की उपाधि दिलाने का श्रय दिया जाता है उनका आज निधन हो गया है, जिसके कारण पूरे जिले में शोक की लहर फैल गई।पंडित नाथू लाल व्यास के पास पूर्व में कई राजनीतिक हस्तियां, सामाजिक संगठन से जुड़े लोग और अधिकारी आ चुके हैं।


# रन फॉर विकसित राजस्थान से हुई राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल के 1 वर्ष के कार्यक्रमों की शुरुआत

## जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव व युवा सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित, विकास प्रदर्शनी का किया अवलोकन, प्रभारी सचिव, जिला कलेक्टर व स्थानीय विधायक ने नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे, उत्कृष्ट बालिकाओ को स्कूटी का किया वितरण

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** रन फॉर विकसित राजस्थान से वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल के 1 वर्ष पूर्ण होने के कार्यक्रमों की शुरुआत हुई । प्रभारी सचिव श्री विश्राम मीणा, जिला कलेक्टर डॉ श्री महेंद्र खड़्गावत, विधायक श्री शंकर सिंह रावत ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रन फॉर विकसित राजस्थान के तहत आयोजित दौड़ को रवाना किया। रविराज के तहत आयोजित दौड़ में प्रभारी सचिव, जिला कलेक्टर, ब्यावर विद्यालय,पुलिस अधीक्षक सहित बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों व आमजन ने भाग लिया। यह विशाल दौड़ रैली के रूप में भगत चौराहा, चांग गेट होते हुए, एसडी राजकीय महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुई। कॉलेज परिसर पहुंचने के पश्चात आयोजित दौड़ में सम्मिलित प्रतिभागियों को अतिथियों ने संबोधित किया । प्रतिभागियों के लिए जलपान इत्यादि की व्यवस्था की गई ।

**यह रहे मौजूद :** संपूर्ण कार्यक्रम में प्रभारी सचिव विश्राम मीणा, जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खडगावत, ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत, पुलिस



अधीक्षक श्याम सिंह, उपखंड अधिकारी गौरव बुढ़ानिया, तहसीलदार हनुत रावत, नगर परिषद आयुक्त दलीप पूनिया, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सीएमएचओ संजय गहलोत, विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियन्ता एम.के.सिंघल, नोडल अधिकारी रविन्द्र वैष्णव, सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, अधिकारी, नवनियुक्त कार्मिक सहित आमजन मौजूद रहे।

### प्रभारी सचिव व जिला कलेक्टर ने जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का किया अवलोकन

प्रभारी सचिव विश्राम मीणा, जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत, पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह, अतिरिक्त कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया ने अंबेडकर भवन परिसर में आयोजित जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रभारी सचिव ने लघु उद्योग भारतीय द्वारा लगाए गए ब्यावर जिले के उत्पाद की स्टॉल्स देखकर जानकारी ली । उन्होंने विकास प्रदर्शनी में ब्यावर जिले में योजनाओं की क्रियान्विती , जिला प्रशासन के नवाचार विकास कार्यक्रमों की प्रदर्शनी को देखकर सराहना की ।



### नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे, उत्कृष्ट बालिकाओ को स्कूटी व टेबलेट का किया वितरण :

जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी सचिव, जिला कलेक्टर, ब्यावर विधायक श्री शंकर सिंह रावत ने जिले में चिकित्सा विभाग के 126 सहित शिक्षा, होम्योपैथी, कृषि, आर्थिक एवं सांख्यिकी, आयुर्वेद विभागों के कुल 147 नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र व वेलकम किट सौंपे गए। इसके अतिरिक्त जिले की कॉलेज शिक्षा की होनहार व मेधावी बालिकाओ को कालीबाई भील व देवनारायण योजना के तहत 46 स्कूटी का वितरण किया गया। साथ ही उत्कृष्ट बालिकाओं को टैबलेट एवं ब्यूटी वोकेशनल किट वितरित किए गए । नियुक्ति पत्र वेलकम किट मिलने पर नवनियुक्त कार्मिकों ने एवं स्कूटी मिलने पर बालिकाओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राज्य सरकार व जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया ।

# भीलवाड़ा जिले में वांछित हत्या के प्रयास का ईनामी आरोपी हमीद को ब्यावर जिला पुलिस ने किया गिरफ्तार

## आरोपी पर अजमेर में भी अपहरण, लूट व गंभीर आरोपों में वांछित था

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला साइबर सैल को मुखबीर से सूचना मिली कि भीलवाड़ा जिले में हत्या के प्रयास के मामले में तथा जिला अजमेर में अपहरण व लूट के मामले में वांछित आरोपी हमीद काठात थाना ब्यावर सदर इलाके में ब्यावर खास रुपनगर रोड़ पर एक जगह छुपा हुआ है जिस पर पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा ने 5000 हजार रुपये ईनाम की घोषणा कर रखी है। इस पर थानाधिकारी ब्यावर सदर गंगाराम खावा ने जिला साइबर सैल टीम के साथ तुरन्त मुखबीर के बताये स्थान ब्यावर खास से रुपनगर रोड़ पर पहुँचे व चारों तरफ से घेर कर आरोपी को पकडा। आरोपी को थाने लेकर आये व पुछताछ करने पर आरोपी हमीद काठात ने बताया कि वह भीलवाड़ा जिले के थाना प्रतापनगर क्षैत्र में एक व्यक्ति



पर जानलेवा हमला करने में साथ था व भीलवाड़ा पुलिस इस मामले में आरोपी की तलाश कर रखी है।

इसी के साथ जिला अजमेर के थाना रामगंज क्षैत्र से एक व्यापारी का अपहरण कर लूट करने की वारदात में भी हमीद काठात ने शामिल होना बताया है। थानाधिकारी खावा ने बताया कि दोनों जिलों की टीमें लगातार काफी समय से आरोपी हमीद की तलाश में लगी हुई थी।

# सब्जी मंडी यूनियन कपासन ने विधायक जीनगर का अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर में नवीन विकास कार्य आधुनिक सब्जी मंडी के शिलान्यास कार्यक्रम में सब्जी मंडी यूनियन द्वारा विधायक जीनगर का अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया गया। जानकारी अनुसार नगर पालिका कपासन प्रशासन द्वारा गुरुवार को आयोजित आधुनिक सब्जी मंडी के शिलान्यास कार्यक्रम दौरान सब्जी मंडी यूनियन कपासन के अध्यक्ष राजेश आचार्य की अगुवाई में सब्जी मंडी यूनियन के व्यापारियों द्वारा विधायक अर्जुनलाल जीनगर को माला, उपरना एवं श्री सांवलिया सेठजी की तस्वीर भेंटकर अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान सब्जी मंडी यूनियन उपाध्यक्ष चांद बारेगामा, सब्जी मंडी यूनियन कपासन महामंत्री मनोज आचार्य, उपाध्यक्ष गोपाल आचार्य, नंद माली, रतन सिंह, शिवलाल कुमावत, सुनील आचार्य, तिलक आचार्य, धनराज माली, केसर सिंह, गेमर सिंह, सुनील माली, धर्म माली, राकेश माली, लकी आचार्य, सोना माली, अंशी बाई, जमकू बाई आदि सब्जी व्यापारी उपस्थित रहे।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अंता में व्यावसायिक शिक्षा सामग्री किट का वितरण किया



बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** गुरुवार को पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अंता में व्यावसायिक शिक्षा सामग्री किट का वितरण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पार्षद धनराज चौरसिया रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य राम कल्याण वर्मा ने की मंच संचालन पवन मेहरा व्याख्याता वाणिज्य ने किया कार्यक्रम में व्यावसायिक शिक्षा की दो ट्रेड अपेरल मेड अप और होम फर्निशिंग तथा इलेक्ट्रोनिक्स एंड हार्डवेयर की सामग्री वितरण की इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हार्डवेयर में कक्षा 10 में 12 छात्राओं को तथा कक्षा 12 में 9 छात्र-छात्राओं को तथा एपेरल मेड अप एवं होम फर्निशिंग में कक्षा 10 में 16 तथा कक्षा 12वीं में 21 छात्र-छात्राओं को सिलाई मशीन तथा व्यावसायिक सामग्री किट वितरण किया गया कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय की उप प्रधानाचार्य अब्दुल कयूम अकील अहमद श्रीमती धीरज निर्माण स्टाफ एवं व्यवसायिक प्रशिक्षक मौजूद रहे वार्ड पार्षद धनराज चौरसिया द्वारा विद्यालय में सहयोग राशि 5100 प्रधान की अध्यक्षीय भाषण में प्रधानाचार्य द्वारा धन्यवाद दिया।

# सरकारी जमीन, आम रास्ता एवं नहर व पथवारी पर अतिक्रमण करने के खिलाफ दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** ग्राम भालड़ी खेड़ा ग्राम पंचायत बावड़ी तहसील मांडल भीलवाड़ा की सरकारी भूमि एवं नहर, पतवारी , ग्रामीणों की रोडीयां पर क्षेत्र के भूमाफिया द्वारा अवैध अतिक्रमण करते हुए तारबंदी करके खंभे गाढ़ दिए गए एवं आम रास्ते को बंद कर दिया गया, इसके संबंध में आज समस्त ग्राम वासियों के द्वारा जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार भीलवाड़ा को ज्ञापन दिया। समाजसेवी मोतीलाल सिंघानिया ने बताया कि वार्ड पंच प्रतिनिधि सुरेश भील व ग्राम पंचायत बावड़ी के नेतृत्व में समस्त ग्रामवासी एवं महिलाएं सैकड़ो की तादाद में भीलवाड़ा जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे



और वह भूमाफिया के खिलाफ ज्ञापन दिया गया, जिसमें बताया कि भूमाफिया ने सरकारी जमीन, जिसमें ग्रामीणों की रोडिया थी पतवारी एवं आम सरकारी रास्ता तथा नहर को खुर्द करते हुए ,तारबंदी करके आम रास्ता एवं सरकारी जमीन को अतिक्रमणग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर वह भूमाफिया ने जातिगत गालियां देते हुए, जान से मारने की धमकी तक देने पर उतारू हो गए, जिससे समस्त ग्रामवासी आज इकट्ठे होकर सैकड़ो की तादाद में जिला मुख्यालय पहुंचे और वह भूमाफिया से उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की गुहार लगाई।

ज्ञापन में देवा गुर्जर, भैरू गुर्जर, गोपाल गुर्जर, रूपा गुर्जर ,भंवर गुर्जर, संपत गुर्जर, गोपाल ,जगदीश बलाई, देवा बलाई, बबलू बलाई, बद्री बलाई, नारायण भील, बालू भील , सांवर भील ,नर्मदा बलाई, कमला बलाई, सरिता बलाई, श्यामू भील, कमला भील, देवू बलाई, सहित सैकड़ो महिलाओं एवं ग्राम वासी उपस्थित थे।

# मिडिल स्कूल ताकला में हुई प्रतियोगिताओं में विजेताओं को किया पुरस्कृत



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जिले के जजावर ब्लॉक के सरकारी मिडिल स्कूल ताकला में कुर्सी दौड़,बेक दोड़,तीन टांग दौड़, रूमाल झपटा, वाटर रेस, पोस्टर, दौड़ प्रतियोगिता के विजेताओं को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। प्रभारी शिक्षक किशन लाल कहार ने बताया कि प्रतियोगिता तीन वर्गों में कक्षा 1से3, 4से5,व 6से8 वर्गों में आयोजित की गयी थी जिनके विजेताओं को प्रार्थना सत्र के दौरान विद्यालय की ओर से पारितोषिक देकर सम्मानित किया। शिक्षक विकास कुमार यादव ने पार्वती बैरवां व ज्योति बैरवा को अपनी तरफ से जूतें व जुराब दिये। नवोदय क्रांति भारत जिला मोटिवेटर शिक्षक किशन लाल कहार ने नवोदय विद्यालय में इस वर्ष चयन होने पर चयनित विद्यार्थियों को ट्रैन में यात्रा करवाने की घोषणा की। इस मौके पर संस्था प्रधान नरेश कुमार मीणा, शिक्षक रामकिशन नागर, सुरेन्द्र कुमार जाट, मनीष कुमार बैरवा, शारीरिक शिक्षक जुगल किशोर साहू, शिक्षक देवराज गुर्जर, शिक्षिका कोमल जाजोरिया व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# तृतीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम में 314 नवनियुक्त कार्मिक को मिले नियुक्ति पत्र

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** तृतीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में नव नियुक्त कार्मिकों की राजकीय सेवाओं की शुरुआत महाविद्यालय में हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मारवाड़ इन्टरनेशनल सेंटर जोधपुर में राज्य स्तरीय समारोह में नव नियुक्त राजकीय कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जिला स्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअल जुडे। कार्यक्रम में जिला कलक्टर अक्षय गोदारा,पूर्व कृषि मंत्री प्रभूलाल सैनी, बूंदी नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री एवं जिला कलक्टर ने सभी नवनियुक्त कार्मिकों को अपने क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के 239, वन विभाग के 4, शिक्षा विभाग के 10, आयुर्वेद विभाग के 14, हौम्योपैथी विभाग के 20, कृषि विभाग के 17, सांख्यिकी विभाग के 10 नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। राजस्थान में 85 हजार नई भर्तियों की आज से शुरुआत हुई है, 144



कैंप के माध्यम से 30 हजार युवाओं को कैंपस प्लेसमेंट मिला है। तृतीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम राजकीय महाविद्यालय बून्दी के परिसर के कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ओपी सामर, सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग रामराज मीणा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महावीर शर्मा, सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग भैरूप्रकाश नागर, संयुक्त निदेशक कृषि महेश कुमार शर्मा, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कमलेश शर्मा, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग ऋचा चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# युवा राज्य के विकास की रीढ़ : गौतम

## सरकार युवाओं का उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए कृतसंकल्पित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्थानीय राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के ऑडिटोरियम आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को जिला प्रभारी एवं सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग मंत्री गौतम कुमार दक ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि मुख्यमंत्री ने सरकार बनते ही सर्वप्रथम युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले नकल कराने वाले गिरोहों को सजा दिलाने का कार्य किया है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार अपने कार्यकाल में 4 लाख युवाओं को सरकार व 6 लाख युवाओं को राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से लगने वाले उद्योगों से रोजगार दिलाने का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व मध्यप्रदेश सरकार से सामन्जस्य स्थापित कर पूर्वी जिलों की लाइफलाईन कहीं जाने वाली ईआरसीपी योजना को एमओयू कर धरातल पर उतारने का कार्य किया है। इस दौरान प्रभारी सचिव संदीप वर्मा ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।





**जिला विकास पुस्तिका का किया विमोचन :** इस दौरान प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक, प्रभारी सचिव संदीप वर्मा, जिला प्रमुख सुदामा मीणा, जिला कलक्टर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता एवं उपस्थित जन प्रतिनिधियों द्वारा जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस दौरान चिकित्सा विभाग में चयनित नर्सिंग अधिकारी हरकेश गुर्जर, सोन प्रकाश गौतम, पारूल शर्मा, नर्स संविदा पूजा मीणा एवं ललिता जाट, सांख्यिकी विभाग के कनिष्ठ सहायक विजय कुमार मीणा, कम्पाउण्डर कोमल मीणा, संतोष बाई, आशा शर्मा तथा संस्कृत वरिष्ठ अध्यापक फोरन्ती बाई गुर्जर एवं कृषि पर्यवेक्षक सत्यानारायण गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के 202 युवाओं को नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र जारी किए गए। इस अवसर पर काली बाई भील मेधावी स्कूटी योजना एवं देवनारायण स्कूटी वितरण योजना के तहत पात्र लाभार्थी छात्राओं में से मौके पर 11 छात्राओं को प्रभारी मंत्री द्वारा स्कूटी की चाबी सौंप कर लाभान्वित किया। वहीं हिमांशी, दिव्यांश गुप्ता, नैतिक महावर, वंदना शर्मा, प्रियंका साहू सहित अन्य विद्यार्थियों को 363 टेबलेट एवं 2809 कौशल किट वितरण किए गए। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित, नगर परिषद सभापति सुनील तिलकर, खण्डार प्रधान नरेन्द्र चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर धारा सिंह मीणा, एसडीएम अनूप सिंह, सहायक कलक्टर रूबी अंसार, सीएमएचओं डॉ. धर्मसिंह मीणा, उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग गौरी शंकर मीणा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, जिला रसद अधिकारी बनवारी लाल शर्मा, उप निदेशक आयुर्वेद राजेन्द्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, लाभार्थी उपस्थित रहे।

## माइनर नहर क्षति ग्रस्त, खेतों में भरा पानी



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भाड़ौती कस्बे क्षेत्र से निकल रही ढील बांध नहर से किसानों को मिलने वाला पानी फायदे की जगह नुकसान पहुंचा रहा है। इसका कारण माइनर नहर का क्षतिग्रस्त होना है। इसके चलते यह जगह-जगह से फूट गई है, जिससे खेतों में पानी भर रहा है। ऐसा ही मामला हाल ही गभीरा कस्बे में माइनर नहर संख्या 9 पर सामने आया है। यहां सिंचाई विभाग की ओर से नहर की सफाई के नाम पर खानापूर्ति करने से नहर का पानी ओवरलो होकर किसानों के खेतों में भर गया। इससे किसानों के खेतों में खड़ी गेंहू की फसल पानी से लबालब हो गई। बता दें कि हर साल नवबर माह में नहर फूटने की घटना होती है। इसका मुख्य कारण उच्च अधिकारियों की लापरवाही है। सिंचाई विभाग की ओर से ढील बांध नहर की सफाई के नाम पर खानापूर्ति की गई, जिससे अब नहर सहित माइनर नहर ओवरफ्लो होकर किसानों के खेतों में खड़ी फसलों को बर्बाद कर रही हैं। इस संबंध में कई बार किसानों ने उच्च अधिकारी को मुख्य नहर की मरमत करवाने की मांग की, लेकिन सिंचाई विभाग के उच्च अधिकारियों की उदासीनता के चलते किसानों को नहर से फायदा मिलने की बजाय नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### तीन साल से लगातार फूट रही माइनर नहर

गंभीरा के लिए बनाई गई माइनर नहर छोटी होने के कारण हर साल पानी के दबाव के चलते जगह-जगह से फूट जाती है। इसके चलते खेतों में पानी भरने से फसल खराब होती है। पिछले तीन साल से लगातार नहर कहीं न कहीं फूट ही जाती है। इनमें गभीरा गांव पर माइनर नहर संख्या 9 दो बार फूटी है, जिससे किसानों की फसल खराब हो गई।

### घटिया निर्माण के आरोप

बांध की नहरों के क्षतिग्रस्त होने से पानी मिलने की उमीद लगाए बैठे 36 गांवों के किसानों की उमीद इस बार भी धूमिल होती दिख रही हैं।

## रन फॉर विकसित राजस्थान में सभी ने लगाई दौड़



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला प्रशासन एवं जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में की थीम पर गुरूवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने रन फॉर विकसित राजस्थान को इन्दिरा मैदान से हरी झण्ड़ी दिखाकर रवाना किया। रन फॉर विकसित राजस्थान इन्दिरा मैदान से शुरू होकर कलेक्ट्रेट के सामने से आकाशवाणी होते हुए पुलिस लाईन पहुंचकर सम्पन्न हुई। रन फॉर विकसित राजस्थान में उपखण्ड अधिकारी अनूप सिंह, उप निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क हेमन्त सिंह, सीएमएचओं डॉ. धर्मसिंह मीणा, जिला खेल अधिकारी मीनू सोलंकी सहित एनसीसी, स्काउट गाइड, राजस्थान पुलिस व आरएसी, स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थी सहित आमजन ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## दुकान का शटर ऊंचा करके 90 हजार रूपए की नकदी चुराई

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** श्री राधा दामोदरजी कुण्डों पर स्थित एक इलेक्ट्रिक की दुकान का शटर ऊंचा करके चोर गल्ले में रखे करीब 90 हजार रूपए की नकदी चुराकर ले गए। चोरी की वारदात दुकान पर लगे हुए सीसी टीवी केमरे में कैद हो गई। चोरी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का जाएजा लिया पुलिस ने बताया कि गुरूवार को सुबह करीब 5-15 बजे दो चोर राधा दामोदरजी कुण्डों पर स्थित संजय सैनी पुत्र लालचन्द सैनी की दुकान का शटर को बडे पेचकश से ऊंचा करके दुकान में घूस गए और गल्ले में रखे करीब 90 हजार रूपए की नकदी चुराकर ले गए। पुलिस ने बताया कि चोरी का मामला दर्ज करके आस-पास के सीसी टीवी केमरे खंगाले गए जिनमें गुरूवार को सुबह 5.15 से 5.22 बजे के दरम्यान दो चोर चोरी करते हुए नजर आए हैं। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

## सरकारी व गैर साकारी विद्यालयो का संचालन समय निर्धारित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** शिक्षा विभाग की ओर से क्षैत्र के सभी सरकारी एव गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओ के संचालन का समय निर्धारित किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते सीबीईओ मंजू मीणा ने बताया कि शीतकाल के दौरान एक पारी में संचालित होने वाले विद्यालय प्रात: 10 से 4 बजे तक व दो पारी में संचालित होने वाले विद्यालय प्रात: 7.30 से सायं 5.30 बजे तक (प्रत्येक पारी 5 घंटे) में संचालित हो सकेगें। वहीं ग्रीष्मकाल के दौरान एक पारी में संचालित होने वाले विद्यालय प्रात: 7.30 से दोपहर 1 बजे तक तथा दो पारी में संचालित होने वाले विद्यालय प्रात: 7 से सायं 6 बजे तक (प्रत्येक पारी 5.30 घंटे) में संचालित हो सकेगें। उन्होंने चेतावनी देते हुए बताया कि सभी विद्यालय केवल निर्धारित समय में ही संचालित होगें। सरकार के आदेशो की अवहेलना करने वाले विद्यालयो के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मालपुरा जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने के लिए 72 नए पद स्वीकृत, अब 150 बेड का होगा अस्पताल

बढ़ता राजस्थान

### जलदाय मंत्री के प्रयासो का आने लगा रंग



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षैत्र के विधायक एवं प्रदेश के केबिनेट जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के अथक प्रयासो व राज्य के बजट धोषणा के अनुरूप मालपुरा के सरकारी अस्पताल को जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने के लिए चिकित्सा विभाग ने 72 नऐ पद सूजित करने एवं 75 से 150 बेड का अस्पताल क्रमोन्नत करने के आदेश जारी किए हैं। मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षैत्र के विधायक एवं प्रदेश के केबिनेट जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के अथक प्रयासो के बाद राज्य विधानसभा के गत बजट सत्र में मालपुरा के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र को जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने की धोषणा की गई थी। धोषणा के बाद जलदाय मंत्री चौधरी लगातार प्रयास करते और मालपुरा के अस्पताल को जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने के लिए अपनी ओर से प्रयास कर रहे थे। इन्हीं प्रयासो के चलते चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग (ग्रुप - 2) के शासन सचिव निशा मीना की ओर से मालपुरा के जिला अस्पताल के लिए अतिरिक्त 72 पदो सहित वर्तमान में 75 बेंड से 150 बेड कर आवश्यक पदो को सृजित करने के आदेश जारी किए हैं। इन आदेशो के अनुसार मालपुरा के जिला अस्पताल के लिए विभाग की ओर से वरिष्ठ विशेषज्ञ 4, कनिष्ठ विशेषज्ञ 4, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी 3, चिकित्साधिकारी 8, चिकित्साधिकारी डेन्टल, उप नियन्त्रक 1, नर्सिंग अधीक्षक 1, नर्स श्रेणी प्रथम 1, नर्स श्रेणी द्धितिए 24, फार्मासिस्ट, रेडियोग्राफर 2, लेब टेक्नीशियन 1, डेंटल टेक्नीशिययन 1, ईसीजी टेक्नीशियन, नेत्र सहायक 2, फिजियोथेरेपिस्ट, सहायक लेखाधिकारी द्धितिए 1, सहायक लेखाकार 1, सहायक प्रशासनिक अधिकारी 1, वरिष्ठ सहायक, कनिष्ठ सहायक 2, सूचना सहायक 1, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 3, महिला वशिंका, क्लीनिकल रिकार्ड सहायक, वार्ड ब्याय 6, वाहन चालक 1, सफाई कर्मचारी 7 व मशीन विद मेन के नए पद 1 सूजित करने आदेश जारी किए हैं। इसके अलावा मालपुरा के अस्पताल में 75 बेड को 150 बेड का करने के लिए अलग से आदेश जारी हैं। आदेश में मालपुरा के अस्पताल को जिला अस्पताल के नार्मस एवं तत्पश्चात मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना तथा जांच योजना के लिए विभिन्न संवर्गो के पदो का सूजन एवं वर्गीकरण हेतु प्रदत्त सहमति के अनुसार स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके होने के बाद मालपुरा के सरकारी को जिला अस्पताल में क्रमोन्नत होने के सभी रास्ते खुल गए हैं। चौधरी के प्रयासो के रंग लाने के बाद क्षैत्र की जनता में भारी खुशी है। क्योंकि अब मालपुरा क्षैत्र के लोगो को मालपुरा में ही जिला अस्पताल के समान चिकित्सा सुविधाऐं मिलना संभंव होगा।

## नवीन कार्यकारिणी गठित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** राजस्थान पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष रामलाल ताखर ने संगठन की नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन किया है। नवगठित कार्यकारिणी में साजिद अहमद मंहामंत्री, विजेन्द्र कोषाध्यक्ष, जयनारायण जाट को प्रदेश प्रतिनिधि, भगवान सहायक शर्मा व रामधन गुर्जर को जिला सरंक्षक, मुकेश चौधरी को जिला संयोजक, रामसहाय बैरवा निवाई, रामराय मीणा पीपलू, विकास शर्मा टोंक व शंकरलाल सैन देवली को उपाध्यक्ष, शंकरलाल धाकड़ टोडारायसिंह व महेन्द्र भालोट मालपुरा को संगठन महामंत्री, रामपाल सैनी पीपलू व सरिता चौधरी टोंक को जिला प्रचार मंत्री, रामराज बैरवा उनियारा, मुकुट बिहारी नागर उनियारा, धर्मराज गुर्जर टोडारायसिंह को संगठन मंत्री, राकेश साहू को जिला प्रवक्ता, बिशना माली मालपुरा, विमला गुर्जर टोंक, आराधना शर्मा, भवरी जांगिड़, को महिला मंत्री तथा शिवचरण शर्मा देवली व लोकेश शर्मा निवाई को मीडिया प्रभारी पद पर मनोनीत किया गया है।

## अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सचिव पद के लिए मतदान व परिणाम आज

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** अभिभाषक संघ मालपुरा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सचिव पद के लिए शुक्रवार को मतदान के बाद गिनती की जाकर परिणामो की धोषणा की जाएगी। अभिभाषक संघ मालपुरा के अध्यक्ष पद के लिए पांच प्रत्याशीयो के मध्य मुकाबला होगा। संघ चुनावो के मनोनीत निर्वाचन अधिकारी कमल कुमार ने बताया कि नाम वापसी के बाद अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट राजेन्द्र राजपुरोहित, रघुवीसिंह आखतड़ी, महेन्द्र शर्मा, रामावतार शर्मा खेड़ा, व कृष्णगोपाल चौधरी सहित कुल पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद के लिए भगवान सिंह व सद्दाम हुसेन व सचिव पद के लिए विरेन्द्र शर्मा व बेजनाथ चौधरी चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। इनमें अध्यक्ष पद के लिए पांच कोणीय मुकाबला व उपाध्यक्ष व सचिव पद के लिए सीधा मुकाबला होगा। शुक्रवार को सुबह 10 से 3 बजे तक मतदान होगा। मतदान के तुरन्त बाद मतो की गणना की जाकर परिणाम धोषित किए जाएगें। मतदान में 140 मतदाता है जो मत के जरिए संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सचिव को चुनेगें। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर नवरतन जाट व पुस्तकालय अध्यक्ष पद अशोक साहू को निर्विरोध निर्वाचित धोषित किया गया है।

## दिव्यांग की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है : रामसहाय वर्मा

### दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के लिए तीन दिवसीय नि:शुल्क दिव्यांग शिविर का किया शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान




**निवाई(का.स.)।** संतश्री रामप्रसाद दास धर्मार्थ संस्थान के तत्वाधान में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के सहयोग से दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के लिए नि:शुल्क दिव्यांग शिविर का आयोजन खंडेलवाल धर्मशाला में किया गया। तीन दिवसीय शिविर का गुरुवार की सुबह 11.30 अद्वैत आश्रम के संत बालकानंद महाराज व निवाई पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी, विशिष्ट अतिथि उद्योगपति ओमप्रकाश गुप्ता ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉक्टर हरिशंकर शर्मा, महावीर विकलांग समिति के प्रभारी केएस पारीक द्वारा छोटे बड़े बाबा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से शुभारंभ किया । शिविर प्रभारी किशन सहाय पारीक ने बताया शिविर का आयोजन 14 दिसंबर तक किया जाएगा। जिसमें दिव्यांगों को निशुल्क सुविधा दी जाएगी। श्री भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति के सहयोग से ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, बैसाखी, छड़ी, दृष्टिहीन की कैलिपर छड़ी, अपंग व्यक्ति के लिए जयपुर फुट कृत्रिम हाथ व कृत्रिम पैर निशुल्क दिए गए। रजिस्ट्रेशन शिविर स्थल पर ही किया जा रहा है। लाभार्थी अपना दिव्यांग सर्टिफिकेट में आधार कार्ड की एक-एक फोटो कापी भी साथ में लाएं। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। और इस अवसर पर संस्थान के केदार खंडेलवाल, प्रमिला खंडेलवाल, श्याम स्वामी, विपिन गुप्ता, आशीष मेहता, ताराचन्द माहुर, सीताराम स्वामी, खुशीराम डासवाणी और आशीष तमोलिया सहित गौ सेवा समिति के सभी कार्यकर्ता शिविर में सेवा दे रहे हैं।

## विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ने सम्प्रेषण एवं किशोर गृह का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) देवेंद्र दीक्षित ने राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह सवाई माधोपुर का त्रैमासिक निरीक्षण किया। अध्यक्ष दीक्षित ने राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह में बाल अपचारियों की संख्या, उनके मुकदमों, स्वास्थ्य जांच, परिजनों से मिलने का समय, संस्था में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, बाल अपचारियों को प्रदान भोजन, पेयजल एवं चिकित्सकीय सुविधाओं, आवासित बालकों की काउंसलिंग हेतु परामर्शदाता, आवासित बालकों का पूरे दिन का शेड्यूल, नि:शुल्क विधिक सहायता आदि के संबंध में निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

दौराने निरीक्षण कुल 13 बाल अपचारी पाए गए । दीक्षित ने बाल अपचारियों को साइबर क्राइम एवं अन्य अपराधों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया । इस अवसर पर समीक्षा गौतम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर, प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अरविन्द कुमार, राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह के अधीक्षक विमलेश शर्मा, काउंसलर गिर्राज प्रसाद शर्मा एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## अहिल्या बाई होलकर एवं भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर हुई संगोष्ठी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** रानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय निवाई में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में लोकमाता अहिल्या बाई होलकर एवं भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांगानेर विभाग प्रचारक चैतन्य, प्रान्त संगठन मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जयपुर पूरण, राजकीय कन्या महाविद्यालय पीपलू के प्रोफेसर विकास नौटियाल, संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता व प्राचार्य डॉक्टर रेनू अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन कर किया। विभाग प्रचारक ने अहिल्याबाई बाल्यकाल की घटनाओं वर्णन करते हुए उनकी कुशल प्रशासक निडरता के बारे में बताया। प्रोफेसर विकास ने छात्राओं को भारतीय ज्ञान परंपरा के बारे में बताया तथा अहिल्याबाई होलकर द्वारा पूरे भारतवर्ष में किए गए मंदिरों का पुन- निर्माण की जानकारी दी। साथ ही नई शिक्षा पद्धति की विशेषताओं से भी अवगत कराया। पूरण ने छात्रों को मार्गदर्शन करते हुए बताया गया कि माता अहिल्या झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जैसे चरित्र से शिक्षा ग्रहण करके हमें समाज को दिशा देनी होगी। उन्होंने बताया कि अरुणिमा सिन्हा जो पूर्व में पर्वतारोहण का सपना देखा लेकिन नियति के कारण उनका एक पैर हादसे में चले जाने के बाद भी वह अपने संकल्प के प्रति दृढ़ निश्चय होकर कार्य किया और पूरे भारतवर्ष में विकलांग होने के बाद भी सर्वप्रथम पर्वतारोही बनी। हमें ऐसे चरित्रों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को दिशा देनी चाहिए।



इस अवसर पर महाविद्यालय उपप्राचार्य दीपेंद्र सिंह, सहायक आचार्य अनीश खान, रोहन पारीक, अश्विनी लक्षकार, प्रिया चौधरी व गोविंद गौतम सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# पुष्पा-2 ने वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ कमाए

## 6 दिन में इतनी कमाई करने वाली पहली भारतीय फिल्म



**अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म पुष्पा- 2 ने सिर्फ 6 दिनों में 1002 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। इसी के साथ यह सबसे कम समय में 1000 करोड़ के क्लब में शामिल होने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई है। इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने इंडियन बॉक्स ऑफिस पर अब तक लगभग 687 करोड़ की कमाई की है।**

ट्रेड एक्सपर्ट तरण आदर्श के मुताबिक, पुष्पा 2 ने हिंदी वर्जन में मंगलवार तक 375 करोड़ रुपए की कमाई की है। शुक्रवार तक ये फिल्म 500 करोड़ के क्लब में शामिल हो सकती है।

ट्रेड एक्सपर्ट आमिर अंसारी ने पुष्पा 2 की इस सफलता पर बात की है। उन्होंने कहा कि पुष्पा- 2, अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म दंगल का भी रिकॉर्ड तोड़ देगी। साल 2016 में रिलीज हुई आमिर खान की फिल्म दंगल ने वर्ल्डवाइड 2070 करोड़ का कलेक्शन किया था।

पुष्पा- 2 को चीन में रिलीज नहीं किया गया है। जिस पर ट्रेड एक्सपर्ट सुमित कडेल ने कहा कि पुष्पा-2 चीन में रिलीज हुए बिना फिल्म दंगल का वर्ल्डवाइड कलेक्शन रिकॉर्ड तोड़ देगी। ओपनिंग डे में इन फिल्मों का तोड़ा रिकॉर्ड फिल्म पुष्पा- 2 के ओपनिंग डे कलेक्शन की बात करें, तो इसने वर्ल्ड वाइड 294 करोड़ की कमाई की थी। इसमें इंडियन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का कलेक्शन 175.1 करोड़ रुपए रहा। पुष्पा-2 ने हिंदी वर्जन में 72 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके साथ ही फिल्म ने एसएस राजामौली की फिल्म ऋऋऋ का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया था।

पुष्पा- 2 की छह दिनों की कमाई ने इन फिल्मों को पीछे छोड़ पुष्पा- 2 ने रिलीज के बाद शुरुआती छह दिनों में वर्ल्डवाइड 1002 करोड़ की कमाई की। इसके बाद इस फिल्म ने शाहरुख खान की जवान को भी पीछे छोड़ दिया है, जिसने छह दिनों में 600 करोड़ की कमाई की थी। पहले एडवांस बुकिंग में भी तोड़ा था रिकॉर्ड सैकनिल्क वेबसाइट के मुताबिक, एडवांस बुकिंग के पहले 24 घंटे में पुष्पा- 2 के 3 लाख से ज्यादा टिकट बिक गए थे। फिल्म ने भारत में पहले ही दिन 10 करोड़ रुपए का एडवांस कलेक्शन किया था। वहीं, ब्लॉक सीट्स के साथ ये आंकड़ा करीब 12 करोड़ रुपए था। फिल्म ने प्री-सेल्स में शाहरुख खान की पठान को पीछे छोड़ दिया था। जनवरी 2023 में पहले दिन फिल्म पठान के 2 लाख से कम टिकट बिके थे। पुष्पा- 2 से पहले, फिल्म पठान एडवांस बुकिंग में सबसे आगे थी। हिंदी-डब वर्जन में चत्नस्न 2 से ज्यादा टिकट बिके थे हिंदी-डब वर्जन में भी पुष्पा- 2, चत्नस्न- 2 से आगे निकल गई थी। चत्नस्न- 2 ने 2022 में पहले दिन हिंदी-डब वर्जन में 1.25 लाख टिकट की बिक्री की थी। वहीं, पुष्पा- 2 के 1 दिसंबर को दोपहर तक हिंदी में 1.8 लाख टिकट बिक गए थे। 5 भाषाओं में रिलीज हुई है फिल्म %पुष्पा-2% 5 भाषाओं- तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में रिलीज हुई है। फिल्म में एक बार फिर अल्लू अर्जुन, पुष्पाराज के किरदार में नजर आ रहे हैं।

## शाकाहारी बनने वाली बात पर भड़कीं साई पल्लवी : बोलीं- कानूनी कार्रवाई करूंगी; 'रामायण' के लिए मांस छोड़ने की खबर थी



पिछले दिनों खबरें आई थीं कि साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी ने फिल्म रामायण के लिए मांसाहारी खाना छोड़ दिया है। इस बीच, एक्ट्रेस ने इन खबरों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है और इन्हें खारिज करते हुए ऐसी अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बात भी कही है।

साई पल्लवी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबा नोट लिखते हुए इसकी आलोचना भी की है। उन्होंने लिखा, %जब भी मैं सोशल मीडिया पर कोई गलत खबर देखती हूं, तो ज्यादातर मेरी कोशिश रहती है कि उसे नजर अंदाज करके चुप रहूं। लेकिन लगता है कि अब समय आ गया है कि मैं भी कुछ झूठी खबरों पर अपना रिएक्शन दूं, क्योंकि झूठ लगातार फैलाया जाता है और यह रुकता नहीं है। सबसे बड़ी बात यह है कि ऐसा अक्सर मेरी फिल्मों की रिलीज, घोषणाओं या मेरे करियर के यादगार पलों के आसपास होता है। तो, अगली बार जब मैं किसी फेमस पेज या मीडिया को ऐसा करते हुए देखूंगी, तो मुझे उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी पड़ेगी।'

दरअसल, एक तमिल दैनिक ने अपनी खबर में कहा था कि साई पल्लवी फिल्म रामायण में माता सीता का किरदार निभा रही हैं, और इसके चलते उन्होंने मांसाहारी खाना छोड़ दिया है। इसके अलावा, यह भी दावा किया गया था कि जब भी एक्ट्रेस यात्रा करती हैं, तो वह केवल शाकाहारी भोजन ही पसंद करती हैं।

मैं हमेशा के लिए शाकाहारी हूं- साई पल्लवी एक इंटरव्यू में भी साई पल्लवी ने कहा था कि वह हमेशा के लिए शाकाहारी हैं। उनसे यह सहन नहीं होता जब किसी जानवर की मौत होती है। वह किसी को तकलीफ नहीं दे सकती और नहीं सोच सकती कि यह ठीक है।

भगवान राम के किरदार में दिखेंगे रणबीर फिल्म रामायण में रणबीर कपूर भगवान राम का किरदार निभाएंगे और पल्लवी सीता का किरदार निभाएंगी। वहीं, सुपरस्टार यश रावण की भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी, जिसका पहला पार्ट 2026 में दिवाली के मौके पर रिलीज होगा और दूसरा पार्ट 2027 में रिलीज होगा। इसके अलावा टीवी एक्टर रवि दुबे भी फिल्म में लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे।

# बागी 4 से बॉलीवुड डेब्यू करेंगी मिस यूनिवर्स हरनाज संधू

## संजय दत्त, टाइगर श्रॉफ और सोनम बाजवा के साथ शेयर करेंगी स्क्रीन, ऑफिशियल अनाउंसमेंट हुई



टाइगर श्रॉफ की मोस्टअवेटेड फिल्म बागी 4 चर्चा में बनी हुई है। अब बागी 4 में साल 2021 में मिस यूनिवर्स बनी हरनाज कौर संधू भी नजर आएंगी। हाल ही में मेकर्स ने फिल्म में सोनाम बाजवा और संजय दत्त की एंट्री को भी कंफर्म किया था।

### बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी मिस यूनिवर्स

मिस यूनिवर्स हरनाज संधू बागी 4 से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी। इस फिल्म को साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए फिल्म के मेकर्स ने हरनाज की एंट्री को कंफर्म किया है। पोस्ट शेयर करते हुए टीम ने कैप्शन में लिखा है - %मिस यूनिवर्स से लेकर बागी यूनिवर्स में हरनाज कौर का स्वागत है। साथ ही टीम ने हरनाज को रिबेल लेडी नाम भी दिया है।

### साल 2022 में पंजाबी फिल्म में नजर आई थीं हरनाज

हरनाज संधू इससे पहले साल 2022 में रिलीज हुई पंजाबी फिल्म बाई जी कुट्टंगे और साल 2023 में यारां दियां पौन बारां में नजर आ चुकी हैं।

### सोनम बाजवा की एंट्री से एक्साइटेड हूं- टाइगर

ए.हर्षा के डॉयरेक्शन में बन रहीं बागी 4 में सोनम बाजवा भी नजर आएंगी। टाइगर श्रॉफ ने हाल ही में खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर सोनम बाजवा की तस्वीर शेयर की थी। फोटो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा- 'रिबेल फैमिली में आपका स्वागत है, सोनम के बागी 4 में एंट्री लेने से मैं काफी एक्साइटेड हूं।'

### विलेन के किरदार में नजर आएंगे संजय दत्त

सोनम बाजवा से पहले मेकर्स ने फिल्म में संजय दत्त की एंट्री को ऑफिशियल किया था। एक्टर ने खुद फिल्म का दूसरा पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया था। जिसमें वह काफी खूंखार रोल में नजर आ रहे थे। फिल्म में एक्टर विलेन के किरदार में नजर आएंगे।

### 18 नवंबर को आया था पहला पोस्टर

बागी 4 का पहला पोस्टर मेकर्स ने 18 नवंबर को जारी किया था। जिसमें टाइगर श्रॉफ खूंखार रूप में दिखाई दे रहे थे।

### साल 2016 में आया था पहला पार्ट

बता दें, बागी का पहला पार्ट साल 2016 में रिलीज हुआ था। फिल्म में टाइगर श्रॉफ और एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर लीड रोल में नजर आए थे। इस फिल्म ने उस समय बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी। जिसके बाद फिल्म का दूसरा पार्ट 2018 में रिलीज किया गया था। फिल्म का तीसरा पार्ट साल 2020 में रिलीज हुआ था। अब पांच साल बाद साल 2025 में बागी 4 सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### 2025 में रिलीज होगी फिल्म

बागी 4 में टाइगर श्रॉफ बतौर लीड एक्टर एक्शन करते नजर आएंगे। साथ ही फिल्म में जिमी शेरगिल भी मुख्य भूमिका में दिख सकते हैं। बागी 4 अगले साल 5 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# साल 2025 में लॉयल और लविंग पार्टनर चाहती हैं सामंथा... सोशल मीडिया पर शेयर किया पोस्ट, कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा- आमीन



सामंथा रूथ प्रभु के एक्स हस्बैंड नागा चैतन्य ने शोभिता धुलिपाला से दूसरी शादी कर ली है। दोनों ने 4 दिसंबर को हैदराबाद के अन्नपूर्णा स्टूडियो में शादी की है। इस बीच सामंथा ने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है। एक्ट्रेस का ये पोस्ट सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

### 2025 को लेकर शेयर किया क्रिप्टिक पोस्ट

साउथ एक्ट्रेस सामंथा रूथ प्रभु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टा स्टोरी में आने वाले साल 2025 के लिए वृषभ, कन्या और मकर राशियों के लिए प्रिडिक्शन वाली एक पोस्ट शेयर किया है।

### लॉयल और लविंग पार्टनर चाहती हैं एक्ट्रेस


एक्ट्रेस की पोस्ट के मुताबिक, 2025 में इन राशियों वाले लोगों की लाइफ में काफी कुछ हो सकता है। ये साल उनके लिए बिजी रहेगा और इसमें वो काफी पैसा भी कमाएंगे। वहीं, पोस्ट की चौथी लाइन में लिखा है कि इन्हें एक लॉयल और लविंग पार्टनर मिलेगा और कई बड़े लक्ष्य पूरे होंगे। एक्ट्रेस ने पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा- आमीन।

**चौथी वेडिंग एनिवर्सरी से पहले टूटी थी शादी**-सामंथा रुथ प्रभु ने नागा चैतन्य से 6 अक्टूबर 2017 को गोवा में पहले हिंदू रीति-रिवाज और फिर 7 अक्टूबर को क्रिश्चियन रीति-रिवाज से शादी की थी। शादी के बाद से ही सामंथा ने अपने नाम में अक्किनेनी लगा लिया था। हालांकि अलग होने की खबरों के बीच ही सामंथा ने अपने ट्विटर हैंडल से अक्किनेनी हटाकर इसे सामंथा रूथ प्रभु कर लिया था। 6 अक्टूबर,2021 को दोनों की शादी के चार साल पूरे होने वाले थे लेकिन इससे पहले ही दोनों का तलाक हो गया।

**वरुण धवन के साथ आई थीं नजर**-वर्कफ्रंट की बात करें तो सामंथा को आखिरी बार वरुण धवन के साथ सिटाडेल~ हनी बनी में देखा गया था। ये वेब सीरीज अमेरिकन सीरीज सिटाडेल का हिंदी वर्जन थी। इसके ओरिजनल वर्जन में प्रियंका चोपड़ा ने काम किया था। सामंथा की ये वेब सीरीज प्राइम वीडियो पर 6 नवंबर, 2024 को रिलीज हुई थी।

# किडनैपर लवी ने किया पुलिस को मैसेज, बोला- खुलासा करूंगा

## कॉमेडियन सुनील पाल और मुश्ताक खान के अपहरण का मामला, लवी गैंग का मुख्य सदस्य अर्जुन गिरफ्तार



कॉमेडियन सुनील पाल और एक्टर मुश्ताक खान के अपहरण को अंजाम देने वाला लवी और अर्जुन पूरे मूवमेंट पर नजर रखे है। सुनील पाल की पत्नी सरिता पाल ने मेरठ पुलिस से बुधवार को मुलाकात की। इसके बाद लवी ने एक इंस्पेक्टर के वॉट्सऐप पर मैसेज भेजकर पूरे मामले में बड़े खुलासे की बात कही है।

वहीं, बुधवार को मेरठ पुलिस को लवी और अर्जुन की लोकेशन मिली थी, इसके बाद पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही थीं। देर रात तक पुलिस ने मास्टर माइंड लवी पाल गैंग के मेंबर अर्जुन को अरेस्ट कर लिया। हालांकि आधिकारिक तौर पर पुलिस गिरफ्तारी नहीं दिखा रही है। सूत्रों की माने तो लवी गैंग के दूसरे आरोपी अर्जुन को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस उससे पूछताछ करने में लगी हुई है।

कॉफी विद एलोन के 22 नवंबर को रिलीज होने के बाद सुनील पाल और मुश्ताक खान को क्यों अगवा किया गया ? अपहरण क्यों किया?, इसके पीछे क्या वजह है? एक्टरों को क्यों शिकार बनाया ? जैसे सवालों के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। मेरठ के एसएसपी डॉक्टर विपिन ताडा का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद जल्दी पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। सुनील की पत्नी सरिता इसकी निर्माता हैं। कॉमेडियन मुश्ताक ने इसमें बैकग्राउंड आवाज दी है। फिल्म के रिलीज होने के तुरंत बाद मुश्ताक का किडनैप किया जाता है। इवेंट के बहाने उनको किडनैपर दिल्ली बुलाते हैं। 25 हजार रुपए एडवांश देते हैं। 25 हजार रुपए फ्लाइट के टिकट पर खर्च किए जाते हैं। इसके बाद उनको अगवा करके 2 लाख रुपए उनकी पत्नी और बेटे के अकाउंट से निकाले जाते हैं। बदमाशों के नशे में होने के बाद मुश्ताक खान सीधे मुंबई के लिए निकल जाते हैं। स्नद्भक्र मुंबई पहुंचने के तीन दिन बाद दर्ज कराई जाती है।

### किसी एक की गिरफ्तारी के बाद राज उजागर होगा

इन दोनों वारदातों में सारी बातें कॉमन हैं जो पुलिस को हैरान कर रही हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसी वारदात पहली बार हुई है, जिसमें बदमाश पहले एडवांस में 50 से 60 हजार रुपए खर्च करते हैं। इसके बाद वारदात को अंजाम दिया जाता है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि लवी और अर्जुन दोनों में से किसी एक की गिरफ्तारी होने के बाद ये राज उजागर होगा कि कॉफी विद एलोन मूवी के इन दोनों किरदारों को ही क्यों शिकार बनाया गया।

### लवी पाल का है कई एक्टर से कनेक्शन

एक बात और साफ हो गई है कि लवी का बॉलीवुड के कई एक्टर से कनेक्शन हैं। लवी पाल का फिल्म और टेलीविजन अभिनेता अरुण बक्शी के साथ एक फोटो इंटरनेट मीडिया पर है। ऐसे में साफ है कि लवी कई एक्टर के संपर्क में है। कहीं वहीं किसी जरिए से तो दोनों को शिकार नहीं बनाया गया। इन सारे सवालों के जवाब तलाशने के लिए मेरठ और बिजनौर पुलिस की टीमें बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं।

### सरिता पाल बोलीं- ऑडियो एडिट है

पूरे मामले में बुधवार दोपहर सुनील पाल की पत्नी सरिता 3 वकीलों के साथ मेरठ के लाल कुर्ती थाने पहुंचीं। उन्होंने बताया कि मुंबई से उनके पति के किडनैप का केस मेरठ ट्रांसफर हो गया है। केस का स्टेटस जानने के लिए अपने एडवोकेट के साथ मेरठ आई हैं।

इंसान का जमीर और शतरंज का वजीर एक जैसा होता है.. क्योंकि अगर दोनों मर गए तो खेल खत्म..

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# सरकार के एक साल पर युवा-महिला और किसान पर फोकस

## जयपुर से बाहर तीन संभागों पर होंगे राज्यस्तरीय कार्यक्रम, 17 को पीएम मोदी आएंगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में बीजेपी की सरकार को एक साल पूरा होने जा रहा है। 15 दिसम्बर को सरकार की पहली वर्षगांठ हैं। इस मौके को यादगार बनाने के लिए सरकार 5 दिन कार्यक्रम आयोजित करेगी। गुरुवार सुबह प्रदेश के सभी जिलों में रन फॉर विकसित राजस्थान के आयोजन के साथ इन कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई है। संभवत पहली बार ऐसा हो रहा है कि सरकार कार्यक्रम जयपुर से बाहर भी कर रही है। इस बार जोधपुर, अजमेर और उदयपुर संभाग में भी राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे। जोधपुर में आज युवा सम्मेलन, अजमेर में 13 को किसान सम्मेलन और उदयपुर में 14 को महिला सम्मेलन का राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 15 दिसम्बर को जयपुर में सरकार के पिछले एक साल के कार्यक्रमों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। वहीं 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की पहली वर्षगांठ पर महत्वकांक्षी योजना ईआरसीपी का शिलान्यास करेंगे। इस मौके पर प्रदेश की कई अन्य योजनाओं का लोकापर्ण और शिलान्यास भी होगा।

### 15 हजार को नियुक्ति, 85 हजार पदों पर भर्ती

आज जोधपुर के मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर मे आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेशभर में 15 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।

वहीं, इस मौके पर सीएम 85 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत करेंगे। उत्सव के दौरान सीएम 155 स्टार्टअप को फंडिंग, 1 लाख 25 हजार छात्राओं को साइकिल, 75 हजार 325 विद्यार्थियों को व्यवसायिक टूल किट, 23 हजार 100 विद्यार्थियों को टैबलेट और 21 हजार बालिकाओं को स्कूटी भी वितरित करेंगे।



### महिला सम्मेलन में बनेगी 1 लाख लखपति दीदी

उदयपुर में 14 दिसम्बर को महिला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। महिला सम्मेलन के तहत 1 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने, 10 हजार स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड और कम्यूनिटी इन्वेस्टमेंट फंड से आर्थिक सहायता देने, स्वयं सहायता समूह सदस्यों को आर्थिक सम्बल देने के क्रम में राजसखी पोर्टल की शुरूआत होगी। वहीं मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना का शुभारंभ भी होगा। इस मौके पर सीएम भजनलाल शर्मा लाड़ो प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रथम किश्त का हस्तांतरण भी लाभार्थी महिलाओं के अकाउंट में करेंगे। पीएम मोदी 10 दिन के अंतराल में दूसरी बार जयपुर आ रहे है। 9 दिसम्बर को उन्होने राइजिंग राजस्थान समिट का उद्घाटन किया था। पीएम मोदी 10 दिन के अंतराल में दूसरी बार जयपुर आ रहे है। 9 दिसम्बर को उन्होने राइजिंग राजस्थान समिट का उद्घाटन किया था।

### प्रधानमंत्री करेंगे ईआरसीपी योजना का शिलान्यास

कार्यक्रमों की कड़ी में 15 दिसम्बर को जयपुर में सीएम भजनलाल शर्मा राज्य स्तरीय विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। जवाहर कला केन्द्र में लगने वाली इस प्रदर्शनी में सरकार के 1 साल के कामों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसी दिन प्रदेशभर में अन्त्योदय सेवा शिविर के कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। जिसमें कई तरह की योजनाओ का लाभ आमजन ले सकेंगे। इसके बाद 17 दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सांगानेर के दादिया में राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सरकार की महत्वकांक्षी योजना ईआरसीपी के शिलान्यास के साथ कई अन्य योजनाओं का लोकापर्ण भी करेंगे। दादिया में पीएम मोदी की सभा भी आयोजित होगी।

### किसानों को मिलेगी किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त

**13 दिसम्बर को अजमेर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त के साथ ही अन्य योजनाओं के तहत किसानों के खातों में राशि का ट्रांसफर करेंगे। इस मौके पर प्रदेश के किसानों को कृषि में नवाचारों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। वहीं पशुपालकों के लिए गोपाल क्रेडिट कार्ड वितरण सहित कृषि कल्याण की अन्य योजनाओं के बारे में भी किसानों को बताया जाएगा।**

# हम संविधान के सिपाही, न झुकेंगे, न दबेंगे, न रुकेंगे... सभापति जगदीप धनखड़ पर खड़गे ने फिर साधा निशाना



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उच्च सदन में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक बार फिर से सभापति जगदीप धनखड़ पर निशाना साधा है। खड़गे ने कहा कि राज्यसभा में विपक्ष के 'बोलने का अधिकार' और 'विचारों की अभिव्यक्ति' का हनन आम बात हो गई है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि राज्यसभा के सभापति धनखड़ लगातार टीकाटोकी कर तथा सत्यापन की अनावश्यक जिद कर विपक्ष की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सदैव दबाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यसभा के सभापति सदन के बाहर विपक्ष के नेताओं की बार-बार आलोचना करते हैं, अक्सर सत्तारूढ़ दल की दलीलें दोहराते हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि नेता प्रतिपक्ष समेत विपक्षी सदस्यों के भाषणों के महत्वपूर्ण अंशों को राज्यसभा के सभापति मनमाने एवं दुभार्वनापूर्ण तरीके से सदन की कार्यवाही से निकालने का नियमित रूप से निर्देश देते रहते हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने मूर्तियों को दूसरी जगह स्थापित करने, सुरक्षा तंत्र में बदलाव जैसे मामलों पर एकतरफा फैसले किये। खरगे ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ पर पद के दुरूपयोग का आरोप लगाया और कहा कि उनके आचरण से निष्पक्षता के बारे में गंभीर चिंता पैदा होती है।

# दिल्ली सरकार महिलाओं को हर महीने 1000 देगी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली सरकार महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए देगी। इसे महिला सम्मान योजना नाम दिया गया है। 18 साल की उम्र पूरी करने वाली हर महिला इस स्कीम के दायरे में आएगी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेशनल कन्वीनर अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को इस स्कीम का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि योजना के लिए आज से ही रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएंगे। केजरीवाल ने यह भी कहा कि चुनाव बाद महिलाओं को हर महीने मिलने वाली रकम को बढ़ाकर 2100 कर दिया जाएगा।

### केजरीवाल ने 10 को ऑटो चालकों के लिए 4 ऐलान किए थे

1. ऑटो चालक की बेटी की शादी के लिए 1 लाख रुपए दिए जाएंगे।
2. होली-दिवाली पर वर्दी बनवाने के लिए ढाई-ढाई हजार रुपए देंगे।
3. 10 लाख रुपए का लाइफ इंश्योरेंस, 5 लाख का एक्सीडेंटल इंश्योरेंस कराया जाएगा।
4. ऑटो चालकों के बच्चों की कोचिंग का पैसा दिया जाएगा।

दिल्ली में अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेगी आप

दिल्ली में अगले साल फरवरी में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन की अटकलों को अरविंद केजरीवाल ने खारिज कर दिया। आपप्रमुख केजरीवाल ने कहा है कि आम आदमी पार्टी अपने दम पर चुनाव लड़ेगी।



# सर्दी... माउंट आबू से भी ठंडा सीकर और चूरू

## पारा शून्य पर आया, आज भी जयपुर सहित 11 जिलों में शीतलहर का अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में बर्फ जमा देने वाली सर्दी शुरू हो गई है। हिल स्टेशन माउंट आबू से भी ज्यादा ठंडा सीकर और चूरू रहे। न्यूनतम तापमान (बुधवार रात से गुरुवार सुबह) 2.5 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि माउंट आबू का पारा 2.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। फतेहपुर (सीकर) का पारा 0.1 पर दर्ज हुआ। सीकर, फतेहपुर, नागौर, चूरू समेत कई शहरों में बर्तनों में रखा पानी जम गया। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के 11 जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। उदयपुर-अजमेर-कोटा में कोल्ड-डे की स्थिति बन गई। यहां दिन का अधिकतम तापमान औसम से 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ गया है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, इस कड़ाके की सर्दी से फिलहाल 4-5 दिन राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने अगले चार दिन प्रदेश में कोल्ड-वेव (शीतलहर) चलने का येलो अलर्ट जारी किया है।

# गडकरी बोले- वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस में मुंह छिपाता हूं

### दुनिया में सड़क हादसों का सबसे गंदा रिकॉर्ड हमारा; देश में एक्सीडेंट कम होने के बजाय बढ़े हैं



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि जब भी मैं किसी अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में शामिल होने जाता हूं और वहां सड़क हादसों को लेकर बात होती है, तो मैं अपना मुंह छुपाने की कोशिश करता हूं।

लोकसभा में सड़क हादसों पर चर्चा के दौरान गडकरी ने कहा कि दुनिया में सड़क हादसों को लेकर सबसे खराब रिकॉर्ड हमारा है। स्वीडन रोड एक्सीडेंट को जीरो पर ले आया है और भी बहुत से देशों ने इसे कम किया है।

मैं बहुत ट्रांसपेरेंट हूं इसलिए बता रहा हूं कि जब मैंने सड़क परिवहन मंत्रालय का जिम्मा संभाला था, तो मैंने 2024 तक सड़क हादसों और इससे होने वाले मौतों को 50% कम करने का लक्ष्य रखा था।

एक्सीडेंट कम करना तो भूल जाइए, मुझे तो ये स्वीकार करने में भी कोई शर्म नहीं है कि ये बढ़ गए हैं।इसलिए किसी भी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में सड़क हादसों पर चर्चा होने पर मैं मुंह छिपाने की कोशिश करता हूं।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- मंदिर-मस्जिद विवादों पर आदेश न सुनाएं अदालतें

### मस्जिद-दरगाहों के सर्वे का आदेश भी न दें

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में मंदिर-मस्जिद विवादों पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि अदालतें ऐसे मामलों में कोई ऑर्डर ना दें और न ही सर्वे के आदेश जारी करें। सुप्रीम कोर्ट की 3 मेंबर वाली बेंच प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट (विशेष प्रावधानों) 1991 की कुछ धाराओं की वैधता पर दाखिल याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। एक्ट के खिलाफ सीपीआई-एम, इंडियन मुस्लिम लीग, एनसीपी शरद पवार, राजद एमपी मनोज कुमार झा समेत 6 पार्टियों ने याचिका लगाई है। बेंच ने कहा, हम इस कानून के दायरे, उसकी शक्तियों और ढांचे को जांच रहे हैं। ऐसे में यही उचित होगा कि बाकी सभी अदालतें अपने हाथ रोक लें। सुनवाई के दौरान सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा- हमारे सामने 2 मामले हैं, मथुरा की शाही ईदगाह और वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद। तभी अदालत को बताया गया कि देश में ऐसे 18 से ज्यादा मामले लंबित हैं। इनमें से 10 मस्जिदों से जुड़े हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से याचिकाओं पर 4 हफ्ते में अपना पक्ष रखने को कहा। सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा- जब तक केंद्र जवाब नहीं दाखिल करता है हम सुनवाई नहीं कर सकते। हमारे अगले आदेश तक ऐसा कोई नया केस दाखिल ना किया जाए।

# शराब मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी अधिकारी को जमानत देने से इनकार

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ शराब मामले में आरोपी छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी अधिकारी अरुण पति त्रिपाठी को जमानत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने उनके कुछ व्हाट्सएप चैट पर गंभीर आपत्ति जताई, जहां उन्होंने मामले के अन्य आरोपियों के साथ आधिकारिक होलोग्राम टेंडर दस्तावेज साझा किए थे। राज्य आर्थिक अपराध शाखा की हिरासत में 8 महीने बिताने के बाद, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि हम आपको तुरंत जमानत दे सकते थे लेकिन हम दो कारणों से ऐसा नहीं कर रहे हैं। आपको अनवर ढेबर के साथ होलोग्राम साझा करने का क्या काम था और वह फिर इसे अनिल टुटेजा को भेजता है। ढेबर का राजनीतिक संबंध है। इस मामले के मुख्य सरगनाओं में से एक माना जाता है, उस पर शराब खुदरा विक्रेताओं से कमीशन लेकर एक कार्टेल चलाने और त्रिपाठी की मदद से नीतिगत निर्णयों को प्रभावित करने का आरोप है, जो उस समय छत्तीसगढ़ विपणन निगम के अध्यक्ष थे।



बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# मोदी-शाह से मिले फडणवीस, महाराष्ट्र कैबिनेट का फॉर्मूला तय

## पवार बोले- 14 को शपथ लेंगे मंत्री; 5 दिसंबर को सीएम-डिप्टी सीएम ने शपथ ली थी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र में 5 दिसंबर को सरकार गठन के 9 दिन बाद शनिवार को मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि कैबिनेट विस्तार का फॉर्मूला तय हो गया है। डिप्टी सीएम अजित पवार ने बताया कि 14 दिसंबर को कैबिनेट का विस्तार होगा। विभागों के बंटवारे पर अभी फैसला नहीं हुआ है। फडणवीस ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में मुलाकात की। फडणवीस ने बुधवार देर रात और पवार ने गुरुवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे दिल्ली नहीं पहुंचे। फडणवीस ने बताया कि शाह के साथ मीटिंग के दौरान मंत्रिमंडल पर चर्चा की गई। सूत्रों के मुताबिक, शाह-फडणवीस की मुलाकात के दौरान मंत्रिमंडल का फॉर्मूला करीब-करीब तय हो चुका है और आज इस पर फाइनल मुहर लग सकती है। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री पद के बंटवारे का फॉर्मूला तय हो गया है। भाजपा को 20, शिवसेना को 12 और एनसीपी को 10 मंत्री पद दिए जा सकते हैं। राज्य में सीएम समेत कुल 43 मंत्री हो सकते हैं।

### गृह मंत्रालय को लेकर मंत्रिमंडल विस्तार अटका

सूत्रों के मुताबिक, शिंदे सरकार में डिप्टी ष्टरूदेवेंद्र फडणवीस के पास ही गृह मंत्रालय था। वो इस मंत्रालय को छोड़ना नहीं चाहते हैं। उधर शिंदे गुट का तर्क है कि अगर डिप्टी ष्टरूका पद हमें मिल रहा है तो गृह मंत्रालय भी उन्हें ही मिलना चाहिए।

भाजपा गृह, राजस्व, उच्च शिक्षा, कानून, ऊर्जा, ग्रामीण विकास अपने पास रखना चाहती है। उन्होंने शिवसेना को हेल्थ, शहरी विकास, सार्वजनिक कार्य, उद्योग ऑफर किया है। एनसीपी अजित गुट को वित्त, योजना, सहयोग, कृषि जैसे विभाग देने की पेशकश की है। मंगलवार रात सीएम फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने करीब डेढ़ घंटे तक बैठक की। इस बैठक में मंत्रिमंडल के गठन, विभागों के बंटवारे, विभिन्न जिलों के प्रभारी मंत्रियों, निगमों के अध्यक्षों की नियुक्ति पर चर्चा हुई।

